सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 331



12 दीवाली पर रिलीज होगी सिंघम अगेन

## लातेहार में ट्रेन हादसा, अबतक चार मौत की पुष्टि

### संख्या बढ़ने की आशंका, ट्रेन में आग की अफवाह, कूदे यात्री मालगाड़ी की चपेट में आ गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात भीषण रेल हादसे में चार यात्रियों की मौत की खबर है। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। हादसे में दस से भी यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची, ट्रेन में आग लग जाने की अफवाह फैल गयी। आनन-फानन में लोग ट्रेन से कूदने लगे। इसी दौरान अचानक विपरीत दिशा से एक मालगाड़ी आ गयी। कई यात्री मालगाड़ी की चपेट में आ गये। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चार लोगों की मालगाड़ी से कट कर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इनमें दो पुरुष हैं। मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया है कि चार डेड बॉडी रिकवर कर लिये गये हैं। आसपास के इलाकों में पुलिस छानबीन कर रही है। लिहाजा, कुछ और लोगों के हताहत होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री कूद गये। सामने से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गये। इसमें चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं ट्रेन में सफर कर रहीं एक महिला समाजसेवी ने बताया कि वे रांची-सासाराम ट्रेन से सफर कर रही थी। अचानक आग की अफवाह फैलने के बाद लोग जान बचाने के ट्रेन से कूद कर भागने लगे। जिसके बाद यह हादसा हुआ। धनबाद रेल मंडल के पीआरओ पुष्कर ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि कितने लोग हताहत हुए हैं। रेल डिवीजन के प्रवक्ता ने बताया कि पूरे मामले में विस्तृत जानकारी ली जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह से रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। दुर्घटना में जख्मी लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है। फिलहाल सभी ट्रेनों के परिचालन को रोक दिया गया है। गरीब रथ एक्सप्रेस स्टोरी रेलवे स्टेशन पर खड़ी है। वहीं डाउन बीडीएम पैसेंजर ट्रेन बरवाडीह में खड़ी है। वाराणसी-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर रोका गया है।

### गोविंदपुर हाल्ट के पास 2 मासूमों समेत 3 की मौत

वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर शहर के बाहरी इलाके में गोविंदपुर हॉल्ट स्टेशन के पास शुक्रवार ही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक पुरुष दो साल के बच्चे और तीन साल की बच्ची के साथ सुबह-सुबह रेल लाइन पार कर रहा था। बताया जा रहा है कि पीड़ित एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना के बाद मालगाड़ी के लोको पायलट ने सूचना गोविंदपुर हाल्ट के स्टेशन मास्टर को दी। खबर मिलने पर गोविंदपुर पुलिस ने तीनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस खुदकुशी के एंगल से भी जांच कर रही है।

## न्यूज डायरी

### पूर्व बीएसएफ जवान समेत तीन की नदी में डूबने से मौत

**चाईबासा।** कोयल नदी में एक बच्चे और बीएसएफ के एक पूर्व जवान राजेश रंजन कुजूर की डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार मनोहरपुर में नदी में बीएसएफ जवान उनका एक बेटा और उसका दोस्त संत ऑगेस्टिन कॉलेज के पास कोयल नदी में नहाने गये थे। इसी दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। उन्हें डूबता देख पास ही नहा रहे जवान उनके पास गया और बचाने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे को किसी तरह से बचाया और फिर तुरंत उसके दोस्त को बचाने के लिए नदी में कूदे। अपने बेटे के दोस्त को बचाने के क्रम में बीएसएफ जवान भी डूब गये। इधर, शोर सुन कर ग्रामीण भी नदी के किनारे पहुंचे। ग्रामीणों ने लगभग डेढ़ घंटे के कड़ी मशकत के बाद बीएसएफ जवान और बच्चे को नदी से निकाला। मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृत बच्चे का नाम एरोन होरो है।

### रथयात्रा महोत्सव में सीएम को आमंत्रण

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आवास में धुर्वा के जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक सह मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव और सेवक अमरदीप कौशल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को उन्होंने सात जुलाई को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### अपहृत फार्मासिस्ट बरामद मांगी थी 30 लाख फिरौती

**गिरिडीह।** अपहृत फार्मासिस्ट पवन कुमार को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बरामद कर लिया है। अपराधियों ने अपहृत युवक से 30 लाख फिरौती मांगी थी। जमुआ-चकाई मुख्य मार्ग से उनका अपहरण कर लिया गया था। पुलिस की मानें, तो जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

### कल्पना सोरेन भी शीघ्र बनायी जा सकती हैं मंत्री

**रांची।** चंपई सोरेन सरकार का जल्द ही मत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। सीएम ने खुद इसकी जानकारी दी है। पूर्व मंत्री आमलगीर आलम के जेल में बंद होने के कारण कांग्रेस कोटे से एक मंत्री बनना है। सीएम ने कहा कि कल्पना सोरेन को भी मिल सकती है जिम्मेदारी। विभागों की समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में यह संकेत दिया।

### सांसद चुने गये चार विधायकों के इस्तीफे मंजूर

रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने लोकसभा चुनाव 2024 में सांसद निर्वाचित चार विधायकों का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। इनमें जोबा मांझी नलिन सोरेन ढुलू महतो और मनीष जयसवाल शामिल हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67600 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 | रु./प्रति किलो |




## गढ़वा में सड़क हादसा पांच की मौत, 8 घायल

### बाहर कमाने जा रहे मजदूरों के आटो में ट्रक ने मारी टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के नगरउंटारी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर एक ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में पांच मजदूरों की मौत हो गयी। वहीं इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर काम की कलाश में एक आटो पर सवार हो कर नगरउंटारी स्टेशन जा रहे थे। वहां से शुक्रवार को तड़के सभी मजदूर शक्तिपुंज एक्सप्रेस से राज्य से बाहर जानेवाले थे।

स्टेशन जाने के क्रम में एनएच 75 पर पाल्हे में पुल के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने मजदूरों को लेकर जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो कुछ दूर जाकर गिरा। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने सभी मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों की पहचान दुद्धी महुली गांव के बिमलेश कुमार कनौजिया (42) अरुण भुइयां (30), बिकेश भुइयां (20), राजा कुमार (21) और राजकुमार भुइयां (53 ) के रूप में की गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराय। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मजदूरों के परिजन और शुभचिंतक मौके पर पहुंचे। गांव में कोहराम मचा हुआ है। घायल और मृतक सभी एक ही गांव के हैं और आपस में रिश्तेदार हैं। घायलों में सीरिया टोंगर, राम प्रसाद राम (35) छोटू लाला भुइयां (35), उमेश भुइयां (35), राकेश भुइयां (36), मेराज अंसारी (27) और संजय भुइयां शामिल हैं।

### चंपई सरकार ने झारखंड के किसानों को दी खुशखबरी

## दो लाख तक के कृषि ऋण माफ होंगे : बादल पत्रलेख

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार किसानों को बड़ी सौगात देने जा रही है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की चंपई सोरेन सरकार ने किसानों के 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ करने का फैसला किया है। कृषि मंत्री ने बताया कि इससे राज्य के 1.91 लाख से अधिक किसानों को फायदा होगा।

रांची में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राज्य के कृषि मंत्री ने बैंकों से इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश करने को कहा।



उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिये गये 50,000 रुपये से 2 लाख रुपये तक के ऋण एकमुश्त निपटान (वन टाईम सेंटलमेंट) के माध्यम से माफ कर दिये जायेंगे। वहीं मृत कृषकों के लोन भी बिना केवाईसी के माफ होंगे।

### सरकार किसानों की चिंता दूर करेगी

नेपाल हाउस स्थित सभागार में एसएलबीसी पदाधिकारियों के साथ ऋण की माफी योजना को लेकर मंत्री बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बताया कि बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त किसानों को सरकार अपने वायदे के तहर राहत देगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व अपना वादा पूरा करते हुए राज्य सरकार करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति से कर्ज लेने वाले 10 हजार किसानों के कर्ज माफी पर भी विचार किया गया। बैठक में लोन लेने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कमजोर वर्ग के किसानों के कर्ज माफ करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में देवघर को ऑपरेटिव ग्रेन बैंक लिमिटेड से कर्ज लेने वाले 14 हजार से ज्यादा किसानों के कर्ज को भी माफ करने का फैसला लिया गया। उन्होंने बैंक अधिकारियों से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) बन चुके खातों को बंद करने के लिए भी राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने को कहा ताकि किसान कर्ज मुक्त हो सकें। (शेष पेज 11 पर)

## नीट परीक्षा विवाद : सीबीआइ जांच की याचिका पर केंद्र को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 के प्रश्नपत्र कथित तौर पर संबंधित परीक्षा के दौरान सार्वजनिक होने के मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने हितेन सिंह कश्यप की याचिका पर आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ इस मामले की अगली आठ जुलाई को करेगी।

(शेष पेज 11 पर)

### धांधली बर्दाश्त नहीं होगी : शिक्षा मंत्री

वहीं दूसरी ओर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि नीट-यूजी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर इसमें कोई खामी या गड़बड़ी पायी गयी तो परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एनटीए की जवाबदेही भी तय की जाएगी। शिक्षा मंत्री प्रधान ने नीट विवाद पर कहा कि छात्रों की चिंताओं को निष्पक्षता और समानता के साथ दूर किया जायेगा। श्री प्रधान की यह टिप्पणी इस साल परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष की आलोचना के बीच आयी। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर छात्रों के भविष्य के साथ राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि काउंसलिंग प्रक्रिया को समय पर आगे बढ़ाना बेहद जरूरी है।

## प्रचंड गर्मी का कहर, अलर्ट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। स्थिति ये है कि अधिकांश जिले में राज्य का तापमान 40 डिग्री पार हो चला है। सभी लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल राज्य में बारिश का उम्मीद नहीं है। अगले दो दिन कई जिलों में भीषण हीट वेव चलने की संभावना जतायी गयी है। इसे लेकर कहीं पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है तो किसी जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**इन जिलों में भीषण हीट वेव :** रांची के मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 15 जून यानी कि शनिवार को गढ़वा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंह में भीषण हीट वेव चलने के आसार हैं। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा सिमडेगा, गुमला, रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, कोडरमा और रामगढ़ में भी हीट वेव चलने की संभावना है। वहीं, संताल परगना के इलाकों में फिलहाल राहत की संभावना है।



**मॉनसून का इंतजार :** झारखंड में अभी मॉनसून का आगमन नहीं हुआ है, मौसम विभाग की मानें तो इसमें अभी विलंब है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 18 या 19 जून के बाद ही मॉनसून के झारखंड में प्रवेश करने की संभावना है। फिलहाल मानसून बंगाल में है।

### 17 तक कई इलाकों में वज्रपात संभव

वहीं, 16 जून की बात करें तो पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव चलने के आसार हैं। बाकी जिलों में राहत का अनुमान है। हालांकि 15 से 17 जून तक रांची, गुमला, सिमडेगा समेत कई जिलों के विभिन्न इलाकों में वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किमी प्रतिघंटा की हो सकती है।

## राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ायी गयी

**अयोध्या।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद अयोध्या हाई अलर्ट पर है। राम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट व अन्य प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को भी बढ़ाया गया है। एसएसपी राज करण नय्यर ने स्वयं एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। अलग-अलग जोन बनाकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है। सभी अलर्ट मोड पर हैं। गौरतलब है कि राम मंदिर को बम से उड़ाने का एक ऑडियो में जैश-ए-मोहम्मद धमकी दी है। इसी के साथ ही राम मंदिर व अयोध्या की सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। रामकोट से भी बैरियर पर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आमिर नाम का एक आतंकी ऑडियो में कह रहा है कि मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे मंदिर को गिराना ही होगा। हमारे तीन साथी यहां कुर्बान हुए हुए हैं। अब इसे बम से उड़ाया जायेगा। राम मंदिर बनने के बाद से ही अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को फुल प्रूफ बनाया गया है।

### जी 7 से इतर मोदी और मैक्रों की बैठक में कई मद्दों पर बातचीत

## रक्षा सहयोग बढ़ाने, 'मेक इन इंडिया' को गति देने पर सहमति

एजेंसी

**अपुलिया ( इटली)।** इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन से अलग पीएम नरेंद्र मोदी पीएम मोदी शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने आपसी रक्षा सहयोग बढ़ाने और 'मेक इन इंडिया' पहल को गति देने पर सहमति जतायी है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि स्थिर वैश्विक व्यवस्था के लिए मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है। बाद में पीएम मोदी ने इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की। फ्रांस यूरोप में भारत का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार है। रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। सम्मेलन से इतर पीएम मोदी से मिलने वाले नेताओं में इमैनुअल मैक्रों सबसे पहले नेता रहे। उनके अलावा ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी मोदी ने मुलाकात की और अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं।



**पेरिस ओलंपिक की शुभकामना :** पीएम मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के आयोजन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी में किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### राफेल पर भी बातचीत

फिलहाल भारत नौसेना के लिए 26 राफेल जेट खरीदने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत कर रहा है। इससे पहले 2016 में भारत ने 7.87 बिलियन यूरो के सौदे में भारतीय वायु सेना के लिए 36 राफेल जेट खरीदे थे। दोनों नेताओं की इस अहम मुलाकात पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने 'मेक इन इंडिया' पर ज्यादा ध्यान देने के साथ ही रणनीतिक रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जतायी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और फ्रांस आपसी विश्वसनीय रणनीतिक साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करेंगे। होरिजॉन 2047 रोडमैप और हिंद-प्रशांत रोडमैप पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## कुवैत अग्निकांड : रांची और बोकारो के युवक का शव पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कुवैत में एक इमारत में लगी आग में रांची के अली हुसैन और बोकारो के प्रवीण माधव सिंह समेत भारत के 45 लोगों के शव कुवैत ले कोच्चि पहुंच गये। वहां से शवों को नयी दिल्ली लाया गया और दिल्ली से मृतकों के शव उनके गृहनगर भेजा गया। हिंदपीढ़ी के अली हुसैन और बोकारो के प्रवीण का शव शुक्रवार की रात तक रांची पहुंच जायेगा।

सभी मजदूर कमाने के लिए कुवैच गये थे। वहां हादसे में मरनेवालों में 45 मजदूर भारत के थे। हिंडपीढ़ी और बोकारो में मौत की खबर से मातम है। 25 साल के मो अली हुसैन कुवैत में सेल्समैन की नौकरी करता था। अली ने गोस्सनर कॉलेज से पढ़ाई की थी। झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) को कुवैत में भारतीय दूतावास से यह जानकारी मिली कि झारखंड के भी दो मजदूर की इस अग्निकांड में मौत हो गयी है। मो अली हुसैन रांची के हिंदपीढ़ी के नेजामनगर का रहने वाला था। उसका एक भाई ओमान में रहता है। उसके लौटने के बाद अली हुसैन का जनाजा निकलेगा और उसको मिट्टी दी जायेगी। परिजनों ने बताया कि अली 24 मई को ही रांची से टाटा होते हुए मुंबई गया था। वह पहली बार घर से बाहर कमाने के लिए 27 मई को मुंबई से कुवैत पहुंचा था।

(शेष पेज 11 पर)

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ का भाजपा मुख्यालय में अभिनंदन

# झारखंड को झामुमो, कांग्रेस और राजद के लुटेरों से बचाना है : मरांडी

### महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में किया पारंपरिक स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय मंत्रीमंडल में झारखंड से दो मंत्री को शामिल करने एवं महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेवारी देने केलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह मे बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता, कार्यकर्ता एवं समर्थकों में उत्साह है।

यह सम्मान झारखंड की जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के द्वारा लगातार दुष्प्रचार और भ्रम फैलाये जाने के बावजूद जनता ने एनडीए गठबंधन पर भरोसा जताया। सर्वाधिक 9 सीट एनडीए को दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य की जनता भ्रष्ट निकम्मी सरकार से परेशान है। पानी बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं केलिए राज्य में हाहाकार मचा है। दूसरी ओर भारत सरकार द्वारा नल जल योजना केलिये भेजे गये करोड़ों रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि जनता राज्य की भ्रष्ट निकम्मी सरकार से ऊब चुकी है। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सहित कोडरमा की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकताओं से मिले स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं।

उन्होंने कहा कि वे जनता की सेवा और केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोडूंगी। झारखंड में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त कुपोषण से मुक्ति दिलाना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि झारखंड की चुनौतियां गंभीर है, जिसे जन सहभागिता के बल पर केंद्र सरकार निपटेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी है, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन युक्त सरकार है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के दौरान भी जनता को झूठ के वादों में फंसाया।भ्रमित किया बावजूद इसके जनता उनके झांसे में नहीं आयी। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन सरकार विकास विरोधी सरकार है जिसने पूरवर्ती भाजपा सरकार की किसानों महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं को सत्ता में आते ही बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता का सर्वाधिक पसंद रहा भाजपा गठबंधन।

इसके पहले नव नियुक्त महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ आज सेवा विमान द्वारा नई दिल्ली से चलकर रांची पहुंचे।भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू एवम ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। दोनो मंत्रीगण ने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। तथा प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यालय के मुख्यद्वार पर महिला मोर्चा की बहनों ने आरती सिंह के नेतृत्व में पारंपरिक अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के प्रारंभ में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से मंत्रीगण का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में आरती कुजूर, सीमा पासवान, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, हेमंत दास, डॉ यदुनाथ पांडे, शिवपूजन पाठक, रामचंद्र केसरी, काजल प्रधान, गंगोत्री कुजूर, सत्यनारायण सिंह, सुनील साहू, अरुण झा, मुनचुन राय, रमेश सिंह, शोभा यादव, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, केके गुप्ता, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र वर्मा, नीरज सिंह, ललिता ओझा, राहुल चौधरी, संदीप वर्मा, संजय जायसवाल, अनिता वर्मा, आरती सिंह, मंजू लता दुबे, सीमा सिंह, सरिता पांडे, रेनू तिर्की, नीलम चौधरी, सोनी हेंब्रम, सुचिता सिंह, कुमकुम देवी, लवली गुप्ता, रामा सिंह, रेखा महतो, पुनीता राय, कुमुद झा, रागिनी सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# 30 लाख से लेकर एक करोड़ तक में बेची गयीं मेडिकल की सीटें: झामुमो

### नीट पेपर लीक के तार गुजरात और राजस्थान से जुड़े, इडी व सीबीआई से जांच की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्या ने केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर नीट गड़बड़ी मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से कराने की मांग की है। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि चार जून को लोकसभा आम चुनाव के नतीजे निकले और उसी दिन मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के लिए होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा नीट का भी रिजल्ट निकला। झामुमो नेता और प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्या ने कहा कि देश के 23 लाख बच्चों के भविष्य के साथ केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने खिलवाड़ किया है और यह देश का यह सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। नीट क्रैक करने के लिए दिन रात एक करने वाले राज्य और देश के मेधावी बच्चों के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य पूरी सहानुभूति जताई। उन्होंने कहा कि चार जून को दो बड़े घोटाले या भ्रष्टाचार हुए हैं, जिसमें पहला था उस दिन एग्जिट पोल का गलत नतीजा दिखाकर सेंसेक्स को बढ़ाना और दूसरा था नीट का नतीजा।

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि राज्य और देश के मेधावी छात्र-छात्राओं का सपना टूटा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने नीट पेपर लीक प्रकरण मे कई लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें से कई के तार गुजरात और राजस्थान से जुड़े थे। झामुमो ने आरोप लगाया कि 30 लाख से लेकर एक करोड़ तक में मेडिकल की सीटें बेचीं गईं। झामुमो नेता ने कहा कि फिर से एग्जाम लेना परीक्षार्थियों के साथ मजाक करना है, जो बच्चे सुप्रीम कोर्ट गए सिर्फ उनका विथड्रा किया गया बाकी का क्या हुआ, यह बड़ा सवाल है कि भविष्य में अच्छे डॉक्टर्स कैसे बनेंगे। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में 41 बार पेपर लीक हुआ है। झामुमो नेता ने कहा कि नीट मामले में न सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है बल्कि बड़ी धनराशि का लेनदेन भी हुआ है, इसलिए पूरे मामले की सीबीआई जांच के साथ साथ इडी जांच भी कराई जाए।

## भाजयुमो ने सीएम का किया पुतला दहन

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। बिजली और पानी के सप्लाई के लचर व्यवस्था के विरोध में शुक्रवार को हरमू चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। युवा मोर्चा कार्यकताओं का कहना था कि बिजली की आपूर्ति में लापरवाही की वजह से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। यदि राज्य सरकार मूलभूत सुविधाएँ भी नागरिकों को प्रदान नहीं कर सकती तो उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है ।

## खबर एक नजर में

### आपराधिक गिरोह को गोली सप्लाई करने के आरोपी सत्यम को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग आपराधिक गैंग को गोली सप्लाई करने के आरोपी सत्यम कुमार को हाईकोर्ट से बेल मिल गई है। एटीएस ने सत्यम को पिछले वर्ष 31 दिसंबर को रांची रेलवे स्टेशन के पास से 20 गोलियों को साथ गिरफ्तार किया था। सत्यम की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। उसकी ओर से अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सुनील दुबे ने बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने सत्यम को 20-20 हजार रुपए के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। सत्यम बिहार के सहरसा जिले का रहने वाला है। एटीएस ने सत्यम के खिलाफ कांड संख्या 11/2023 दर्ज की थी।

### साहेबगंज में गंगा फेरी के टेंडर को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

**रांची।** साहेबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी टेंडर को चुनौती दी है। कोर्ट ने अंकुश यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए 18 जून को मामले की सुनवाई नि॰ित की है। गंगा नदी पर फेरी के लिए टेंडर 19 जून को होना है। अंकुश ने अपनी याचिका में कहा है कि साहेबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रही है। नियमों में जो बदलाव किए गए हैं, उससे किसी खास व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की तैयारी है। इस मामले की जल्द सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के समक्ष अधिवक्ता पार्थ जालान ने आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### आजसू का कल रांची में केंद्रीय समिति की बैठक

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के अध्यक्षता में रविवार को रांची में केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। साथ ही सभी अनुसंगी इकाई (अखिल झारखण्ड महिला संघ, अखिल झारखण्ड छात्र संघ, युवा आजसू, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखण्ड श्रमिक संघ, अखिल झारखण्ड किसान संघ, अखिल झारखण्ड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखण्ड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखण्ड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखण्ड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ट) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद की समीक्षा और आसन्न विधानसभा की तैयारी पर चर्चा होगी।

### मनी लाउड्रिंग के आरोपी की एबीपी खारिज

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में चार्जशीटेड मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज के साझेदार इश्तियाक अहमद को पीएमएलए कोर्ट से झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने बीते 7 जून को अर्जी पर सुनवाई प॰ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। उसने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अग्रिम राहत के लिये 27 मई को अर्जी दाखिल की थी। इश्तियाक अहमद उक्त मामले में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी उर्फ टुन्नू मल्लिक का संबंधी है। उस पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ रुपए प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने में इजहार अंसारी को सहयोग करने का आरोप है।

### आजसू छोड़ झामुमो का थामा दामन

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय मे पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय के समक्ष पूर्वी सिंहभूम के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति मे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के आजसू प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, बोड़ाम जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव श्रीमती गीतांजलि महतो, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड, ओड़िशा, प॰िम बंगाल के प्रभारी संजय कुमार भगत, कर्मा महतो एवं राम दास सोरेन के साथ अन्य महिला नेत्री और युवाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

# केंद्रीय मंत्रियों के स्वागत के लिये घंटों तक जमे रहे भाजपा कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एयरपोर्ट पर महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की एक झलक देखने के लिये चार घंटे तक भाजपा कार्यकर्ता इंतजार करते रहे। दोपहर 3. 45 बजे जैसे ही दोनों मंत्री एयरपोर्ट के बाहर निकले, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे से पूरा एयरपोर्ट का परिसर गूंज उठा। दोनों ही मंत्रियों ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गाड़ी पर चढ़कर भारतीय जनता पार्टी का झंडा हाथों में लेकर हवा में लहराया व कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। मालूम हो कि गाजे बाजे के साथ 12 बजे से कार्यकर्ता एयरपोर्ट पहुंचने लगे थे। वहीं वेटरन आगेर्नाइजेशन ऑफ झारखंड सेवानिवृत्ति सेना के जवानों ने भी संजय सेठ का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर सेवानिवृत्त जवान एक हाथ में भारतीय झंडा और अपनी पारंपरिक टोपी पहने हुए थे। एयरपोर्ट से बिरसा चौक के लिये कारकेड के साथ दोनों मंत्री रवाना हुये। वहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने के बाद वे भाजपा कार्यालय के लिए निकले।

**दो बजे ही पहुंच गए थे संजय सेठ, साढ़े तीन बजे पहुंची अन्नापूर्णा देवी :** मंत्रीपद की शपथ लेने और कार्यभार ग्रहण करने के बाद सांसद संजय सेठ और अन्नापूर्णा देवी रांची पहली बार पहुंचे। संजय सेठ अन्नापूर्णा देवी से पहले दोपहर के दो बजे ही रांची एयरपोर्ट पहुंच गए थे। उसके बाद वे अन्नापूर्णा देवी के आने का इंतजार कर रहे थे। अन्नापूर्णा देवी साढ़े तीन बजे के करीब रांची पहुंची। उसके बाद दोनों 3रू45 बजे के करीब एक साथ एयरपोर्ट से निकले।

# बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही आधारभूत संरचना में दिया जायेगा बल

### आने वाले दस सालों में होगा निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार की ओर से रांची को मेगा सिटी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मेगा सिटी बनने के साथ ही रांची के मूलभूम सरंचना और जरूरतों पर ध्यान दिया जायेगा। इसमें सबसे जरूरी है बिजली की उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति के लिये संरचना। इसके लिये केंद्र और राज्य सरकार प्रयासरत है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की मानें तो मेगा सिटी बनने के साथ ही रांची के बिजली की मांग में वृद्धि होगी। इसमें बिजली की मांग साल 2028 तक 450 मेगावाट तक पहुंचने का आंकलन किया गया है। प्राधिकरण की मानें तो साल 2011-12 में रांची में 276 मेगावाट बिजली की खपत होती थी। साल 2019-20 में बिजली की मांग बढ़ कर 313 मेगावाट पहुच गयी थी। वहीं, साल 2023-24 में मार्च तक पीक आवर में 353 मेगावाट बिजली की मांग थी, जो अप्रैल 2024 में बढ़ कर 367 मेगावाट तक पहुंच गयी है। वर्ष 2025-26 में यह मांग 379 मेगावाट, वर्ष 2027-28 में 448 मेगावाट, वर्ष 2029-30 में 472 मेगावाट होने की संभावना है। ऐसे में बढ़ती मांग के साथ आपूर्ति के लिये आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर बल देने की बात कही गयी है। प्राधिकरण की मानें तो भविष्य में रांची की सभी एलटी लाइन को भूमिगत किया जायेगा। पावर सब स्टेशन से लेकर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता भी बढ़ायी जायेगी। इसके लिए योजना बनायी जा रही है।

केंद्र सरकार की ओर से भी इसके लिये करोड़ों के निवेश की स्वीकृति है, जबकि राज्य सरकार की ओर से भी कार्य किया जा रहा है। बेहतर बिजली सप्लाई के लिये भविष्य में टीएंडडी लॉस कम किया जायेगा। मेगा सिटी में टीएंडडी लॉस कम करने की योजना बनायी गयी है। वर्तमान समय में रांची में 17 प्रतिशत के करीब टीएंडडी लॉस होता है। पर वर्ष 2032-33 में इसे घटाकर 9.95 प्रतिशत पर लाया जायेगा।

## विधानसभा निर्वाचन में स्वच्छ मतदाता सूची प्रदान करने की कवायद

# बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर कार्यों का करें सत्यापन : सीईओ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर किये जा रहे कार्रवाई के लिये सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनि॰ित किया जाये। उन्होंने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाये गए एएसडी सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें। अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नये रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनि॰ित किया जाये। साथ ही किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सन्निकट है इस के लिये पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुये स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गये कार्यों का सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान जिला कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताये गये मापदंडों के अनुरूप किये गये कार्यों की समीक्षा करेंगें।

इस अवसर पर ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।


कार्यालय, जिला परिषद्,लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना( 2nd Call)

लोहरदगा में दीदी कैफे निर्माण स्थल मौजा-हरमू खाता संख्या-220 प्लॉट सं0-126 में अवस्थित 21 लिप्टस पेड की नीलामी दिलांक 21.06.2024 को अपराह्न 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में की जायेगी। इच्छुक डाकवक्ता डाक से पूर्व पहचान पत्र एवं 20,000/-(बीस हजार रूपये) का बैंक ड्रॉफ्ट (जिला अभियन्ता, जिला परिषद् लोहरदगा के नाम से निर्गत) जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।

डाक की न्यूनतम राशि 200000/-(दो लाख ) रूपये होगी।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 326480 Lohardaga(24-25).D



GOVT. OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG

e – Quotation No. 01/2024 – 25

Letter No:- 634 Dated :- 13/ 06 /2024

Rate through e – quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Pump, (ii) 7.5 H.P. AV Solar Pump, (iii) 5 H.P. AC Solar Pump, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e – tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from **21.06.2024 at 2.00 P.M.** to **29.06.2024 at 5.00 P.M.** The technical envelope will be opened on **01.07.2024 at 1.00 PM.**

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag

PR 326525 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं०- 03/2024-25 दिनांक-12.06.2024

अति अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आमसूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक-02.12.2023 को जिला परिषद, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या-2713 दिनांक-30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति कर्रा, तोरपा, रनियां एवं खूँटी प्रखण्ड में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:-

| क्र० | गोदाम का नाम | प्रखण्ड का नाम | निमार्ण का कुल क्षेत्रफल (वर्ग फुट) में | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कर्रा गोदाम | कर्रा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 2 | तोरपा गोदाम | तोरपा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06.50 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 3 | रनियां गोदाम | रनियां | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 4 | खूँटी गोदाम | खूँटी | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित करने हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक-22/06/2024 को 02.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक-22/06/2024 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/स्वयं बैठक में उपस्थित रहेंगे। इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/-
उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,खूँटी

PR 326403 District(24-25).D

सुप्रभात
शनिवार 15.06.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 56
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### डिगवाडीह बाजार में भीषण गर्मी से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बाजार में भीषण गर्मी की चपेट में आकर 60 वर्षीय वृद्ध की मौत शुक्रवार को दोपहर में हो गई। स्थानीय लोगों ने वार्ड संख्या 40 के पार्षद सह भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिन्हा को सूचना दी। सूचना मिलते ही वह घटना स्थल पर पहुंचे और टेम्पो पर वृद्ध को जेलगोड़ा अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर जोड़ापोखर पुलिस का गश्ती दल भी पहुंचा। छानबीन करने पर पता चला कि मृत व्यक्ति मुस्लिम समुदाय का है। समाज के एक व्यक्ति ने मिट्टी मंजिल कर देने को कहा। श्री सिंह ने टेम्पो ड्राइवर शमीम,शंकर झा,पप्पू सिंह, साधु सिन्हा सहित अस्पताल कर्मियों के सहयोग से होरलाडीह कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल कर दिया।

### गोशाला ओपी को गाली गलौज करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार



**सिंदरी।** गोशाला ओपी को सोशल मीडिया के जरिए वीडियो जारी कर गाली गलौज और बम से उड़ाने की धमकी देना 26 वर्षीय युवक को महंगा पड़ गया। युवक की पहचान चासनाला साउथ कॉलोनी निवासी नागेन मंडल के पुत्र साधन मंडल उर्फ दयामय के रूप में हुई। कार्रवाई करते हुए गोशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने शुक्रवार को साधन से उसके आवास पर जाकर पूछताछ की। ओपी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ करने पर साधन ने गाली गलौज करते हुए पुलिस के साथ हाथापाई की। अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर गोशाला ओपी लाया गया। फिलहाल साधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### रंगदारी मामले में जयराम को मिली अग्रिम जमानत

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड चुके जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को रंगदारी व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के दो मामलों में आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने अग्रिम जमानत दे दी है। प्राथमिकी भौंरा ओपी के एसआई जीतेन्द्र कुमार की शिकायत पर जयराम महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, एवं अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी, जबकि दूसरी प्राथमिकी विनोद कुमार पांडे की शिकायत पर करण महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, सुशील महतो ,गया राम महतो, सचिन महतो, अशोक महतो, भीम महतो, अंगद महतो, मखन लाल महतो, अर्जुन महतो, युद्धिष्ठिर महतो, समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

### बरारी कोलियरी के स्टोर से डेढ़ लाख की चोरी

**जोड़ापोखर।** लोदना एरिया अंतर्गत बरारी कोलियरी के स्टोर से चोरों ने ताला तोड़कर डेढ लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। कोलियरी प्रबंधक ए शील ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता हैं कि चोरों का दल गुरुवार की रात बरारी कोलियरी के स्टोर में ध घुसा और डेढ लाख की सम्पत्ति ले कर फरार हो गए। स्टोर में रखा 200 लीटर मोबाइल सहित कुछ लौह सामग्री की चोरी हुई है। बरारी के बंद सेंटर स्टोर से आये दिन लौह सामग्री की चोरी होती है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बीसीसीएल के अधिकारी खुद लोहा चोरी कराते हैं। इसके बाद जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराया जाता है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## प्रचंड गर्मी में भी जीएम कार्यालय को घेरा, जमकर की नारेबाजी

# बिजली और पानी के लिए सड़क पर उतरे भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** प्रचंड गर्मी और तेज लहर से धधकते धनबाद में रुला रही बिजली की अनियमित आपूर्ति के खिलाफ लोगों का गुस्सा आज फूट पड़ा। स्थानीय भाजपा विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में लोग सड़क पर उतर आये सरकार विरोधी नारे लगाते हुए और विद्युत विभाग के जीएम कार्यालय जा धमके। भाजपा कार्यकताओं की बैठक में विधायक ने सघन आंदोलन का एलान किया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद की लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ भाजपाइयों ने विधायक राज सिन्हा के अगुवाई में जेबीएनएल के महाप्रबंधक का कार्यालय को घेरा। इससे पूर्व गोल्फ ग्राउंड से राज सिन्हा के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। कड़ी धूप में सड़क पर उतरे पसीने से सराबोर कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां ले रखी थी। बिजली पानी दो के नारे लगाते विभाग के महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे जहां जुलूस धरना में तब्दील हो गई। ज्ञातव्य है कि शहरवासी गंभीर विद्युत संकट के दौर से गुजर रहे हैं। इसका सीधा असर पेयजल की आपूर्ति पर पड़ रहा है। मैथन में विद्युत सप्लाई बाधित होने का सीधा असर धनबाद की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ता है। लो व हाई वोल्टेज की परेशानी है सो अलग से। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओ ने बिजली जीएम हाय हाय के नारे भी लगाए।




**जुलूस में महिला, पुरुष और बच्चे थे शामिल**

जुलूस में महिला पुरुष व बच्चे भी शामिल हुए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस जवानों की भी तैनाती रही। स्वयं धनबाद थाना के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। धरना पर बैठे विधायक राज सिन्हा एवं तमाम कार्यकर्ताओं से विद्युत महाप्रबंधक ने वार्ता की। विद्युत आपूर्ति को लेकर आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया।

## नियमित पेयजलापूर्ति के लिए लोगों ने माडा कर्मियों को घेरा



**तोपचांचा झील में पानी कम होने से हुई समस्या**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से बेहाल कतरास के छाताबाद क्षेत्र के लोगों ने शुक्रवार को खूब बवाल मचाया। बताते चलें कि छाताबाद 10 नंबर व आसपास के नागरिकों ने नियमित पानी आपूर्ति की मांग की और माडा अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कतरास चैतुडीह पानी टंकी के समीप खड़े होकर लोगो ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। माडा कर्मियों के पहुंचने पर आक्रोशित लोगों ने उन्हें घंटों घेर कर रखा। लोगों ने नियमित पानी आपूर्ति की मांग की। माडा के एसडीओ कौशलेश कुमार यादव को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। लोगों ने माडा एसडीओ को मांग पत्र सौंपा। एसडीओ ने तोपचांची झील में पानी की कमी को जल संकट का कारण बताया। उन्होंने बताया कि तोपचांची झील में गर्मी के कारण पानी का लेयर कम हो गया है, जिससे पानी आपूर्ति में बाधा हो रही है।

**मौके पर थे मौजूद**

इस मौके पर मुकेश झा, पूर्व पार्षद महेश पासवान, मुस्कीम अंसारी, जितेंद्र शर्मा, दुर्गा ठाकुर, पोदिन भुइंया, दिलीप शर्मा, संजय शर्मा, इमरान अंसारी, सूरज दास, रमेश कुमार, दीपक कुमार, मंजय पासवान, सुग्रीव चौहान, अब्दुल सत्तार अंसारी, आबिद अंसारी, अनवर अंसारी, राजेंद्र शर्मा, राजेश भुईयां, धीरज दास, मो दाउद, कंचन पासवान, निखिलल चौहान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सांसद ढूल्लू महतो का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो का विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। निरसा के तेतुलिया में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद जुलूस की शक्ल में उन्हें लेकर पांड्रा स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे,जहां ढोल नगाड़े की थाप पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा कि चुनाव में विरोधी दल धनबल से मजबूत था, परंतु जन बल एवं मनोबल पर हम लोगों ने यह चुनाव जीता है। देव तुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं से कभी उऋण नहीं हो सकता। भीषण गर्मी में आम जनता से प्रचंड बहुमत दिलाकर मुझे जिताया है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करूंगा। अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मेरा बूथ सबसे मजबूत को साकार करने का काम किया है। निरसा विधानसभा के ज्यादातर बूथों पर भाजपा का परचम लहराने का काम किया। इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता ,शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता, पंचायत प्रभारी, मंडल प्रभारी सभी बधाई के पात्र हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भी विजय का प्रथम लहराना है। कार्यकर्ताओं को डब्लू बाउरी, अनिल यादव, प्रशांत बनर्जी, तपन बाउरी, काजल नाग आदि ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन जिला मंत्री संजय महतो ने किया।

## सांसद के सम्मान समारोह में मासस व राजद ने दिखाया काला झंडा, बवाल

**सांसद के समर्थकों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, कई युवक हो गये घायल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी मैथन मोड़ में शुक्रवार को आयोजित सांसद सम्मान समारोह में सांसद ढूल्लू महतो को मासस व राजद समर्थकों द्वारा काला झण्डा दिखाये जाने के बाद जमकर बवाल हुआ। सांसद के समर्थकों ने काला झंडा दिखाने वालों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जिसमें स्थानीय सोनू लाला (33) नामक युवक बुरी तरह जख़्मी हो गया है। जवाब में मासस व राजद समर्थकों ने भी पथराव व हंगामा किया। पथराव में भाजपा समर्थक नवीन नामक एक युवक घायल हुआ है। बवाल में अन्य पांच छह लोगों के घायल होने की सूचना है।

कुछ पल के लिये आयोजन स्थल रणक्षेत्र बना रहा। समारोह में हो हंगामा देख सांसद श्री महतो अपने काफिले के साथ कार्यक्रम छोड़ धनबाद लौट गये। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कुमारधुबी पुलिस आयोजन स्थल व उसके आसपास लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। सूचना मिलने पर राजद नेत्री सुनीता सिंह एवं युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा पहुंचे। उन्होंने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

एक नजर में

### सिंदरी के ट्रांसफॉर्मरों में नमक-पानी डालकर सुधारी गई विद्युत व्यवस्था



**सिंदरी।** धनबाद जिला में लचर विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए सिंदरी में जेबीवीएनएल के कर्मचारियों ने ट्रांसफॉर्मरों में तेल डालकर और अर्थिंग में नमक पानी डालने की शुरुआत की है। गुरुवार को सिंदरी शहरपुरा के एल टाइप सबस्टेशन और जे टाइप सबस्टेशन के ट्रांसफॉर्मर में तेल डालकर उसे रिसकुर्लेट किया गया। शुक्रवार को दोनों सबस्टेशन के अर्थिंग में नमक और टैंकर का पानी डालकर बिजली फलक्चुएशन को सामान्य करने की कोशिश की गई। इससे सिंदरी के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आया है। इस कार्य में सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू और अधिवक्ता दिनेश सिंह ने भी सहयोगी की भूमिका निभाई।



शांति समिति की बैठक में शामिल क्षेत्र के गणमान्य लोग।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की अपील

**सौहार्द बनाये रखने का लिया संकल्प**

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** आगामी 17 जून को बकरीद को लेकर शुक्रवार को तोपचांची थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में तोपचांची प्रमुख आनंद महतो ने त्याग व बलिदान का पर्व बकरीद सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। बीडीओ फणीश्वर रजवार ने कहा कि त्योहार में आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देते हुए त्योहार मनाएं। तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि बकरीद में सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी की धार्मिक भावना को आहत करने जैसे पोस्ट हरगिज ना करें। बैठक में ईद उल अजहा की नमाज और कुर्बानी की रस्म अदायगी के बारे में प्रशासन ने लोगों से जानकारी ली। इस दौरान मौके पर तोपचांची थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी उपस्थित थे।

## मानवता के लिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं

**मध्यदेशीय वैश्य सभा ने किया 50 यूनिट रक्त संग्रह**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे के अवसर पर अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की जिला कमेटी ने बैंक मोड़ उर्मिला टावर में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कैंप में मौजूद विधायक राज सिन्हा ने इस नेक कार्य के लिए रक्तदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। मानवता की सेवा के लिए कोई अगर रक्तदान करता है तो समझिए एक जिंदगी बचा रहा है। रक्त का कोई अल्टरनेटिव उपाय नहीं है। वैश्य सभा के संयोजक विशाल गुप्ता ने कहा कि यह संगठन विभिन्न मौके पर धनबादवासियों के लिए सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता है। आज वैश्य सभा और कंप्यूटर एसोसिएशन के सदस्यों ने 50 यूनिट रक्त संग्रह कर एसएनएमएमसीएच रक्त विभाग के कर्मचारियों को दिया है। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट का एप्रिशिएशन देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शशि प्रकाश, कैलाश गुप्ता, गोपाल भट्टाचार्य संतोष सिंह, विकास गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार ड्वारत दत्ता सनातन विश्वास, मोहम्मद बारीक, डॉक्टर कामता प्रसाद संयुक्त अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

## दबंगों से जमीन मुक्त कराने के लिए महिला ने लगाई प्रशासन से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** महुदा थाना अन्तर्गत कांडरा बस्ती निवासी वृद्धा सगीरा बीबी ने अपनी जमीन को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) समेत महुदा पुलिस एवं बाघमारा अंचलाधिकारी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में वृद्ध महिला ने कहा है कि कांडरा मौजा नं 32, खाता नं 47, प्लॉट नं 1747, 1746, 1755, 1818, 1845, की जमीन सिविल न्यायालय धनबाद से 29 मार्च 2019 को टाइटल सुट केस नं 51/2007 में डिग्री हुई है। परंतु जमीन पर उस्मान खान, गनी खान, सरफराज खान, सुल्तान खान, मुमताज खान, शाहीद खान, अरबाज खान व अन्य लोग जबरन कब्जा कर मकान बना रहे हैं। मना करने पर कमजोर समझकर मुझे गन्दी गन्दी गाली देते हुए मारपीट करता है तथा धमकी देता है कि जान से मारकर फेंक देंगे। महिला ने बताया कि वह काफी डरी सहमी सी रहती है और न्याय के लिए दर दर गुहार लगा रही है। उन्होंने बताया कि अंचलाधिकारी से शिकायत करने के बाद गुरुवार को अंचल कार्यालय बाघमारा से हल्का कर्मचारी जमीन की जांच करने आये थे।

### अनुकंपा पर बहाली के लिए आश्रितों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** अनुकंपा के आधार पर नियोजन की मांग को लेकर झमाडा कार्यालय के समक्ष पिछले 842 दिनों से धरना दे रहे मृत कर्मियों के आश्रितों ने शुक्रवार को सांसद ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। आश्रितों ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। बच्चों के पठन पाठन के लिए भी उनके पास पैसे नहीं हैं। इधर झमाडा प्रबंधन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। सांसद ने आश्रितों की बात सुनने के बाद कहा कि नगर विकास के प्रधान सचिव और संबंधित मंत्रालय से मिलकर नियोजन दिलाने की दिशा में पहल की जाएगी। मौके पर ऋषभ झा, प्रेमचंद कुमार, विक्की रावत, अनुज कुमार, विशाल कुमार, कुलदीप प्रमाणिक,मंजर आलम, संजय राम, दुलाल कोरंगा, मेहराबुल अंसारी,अवधेश सिंह संजय गुप्ता,अजहर खान,संजीत मंडल,आबिद अंसारी,विक्की कुमार राम,अजय कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

**झमाडा कार्यालय के समक्ष पिछले 842 दिनों से दे रहे हैं धरना**

### दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाने के लिए आर्थिक मदद की अपील

**सिंदरी।** सिंदरी के मनोहरटांड़ में विगत बुधवार को दोपहर दो बाइक की टक्कर में सिंदरी आर एल कालोनी निवासी संजय पासवान के पुत्र बुधन पासवान उर्फ आदित्य को गंभीर चोट लगी है। उसका इलाज धनबाद के जेपी अस्पताल में हो रहा है। यह जानकारी देते हुए सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने सिंदरीवासियों से उसकी जान बचाने के लिए आर्थिक सहायता की अपील की है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार उसके सिर का अगला हिस्सा फट गया है और खून का थक्का जम गया है। चिकित्सकों ने बुधन के 72 घंटों को क्रिटिकल बताया है। परिजनों की माली हालत को देखते हुए सिंदरी के मुहल्ले और दोस्तों व स्थानीय लोगों ने एक मुहिम चलाकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। पिता संजय पासवान हर्ल सिंदरी खाद कारखाना के निर्माण में ठेकाकर्मी के रूप में कार्यरत थे। फिलहाल वह मुंबई की कंपनी में ठेकाकर्मी हैं। सिंदरी के कई गणमान्य नागरिकों ने मदद की है।

## बकरीद को लेकर धनबाद 7 जोन में बंटा, सुरक्षा पुख्ता

- सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी
- 7 जोनल दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की होगी प्रतिनियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बकरीद को लेकर जिले को सात जोन में बांट सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। सभी स्थानों पर अधिकारियों मि तैनाती कर दी गयी है। इस संबंध में ईद.उल.जोहा ;बकरीदद्ध को शांतिपूर्णए सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्राए वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी ;विधि व्यवस्थाद्ध श्रीमती हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन किया है। जिले को कतरासए धनबादए चिरकुंडा तोपचांचीए झरियाए गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बाटा गया है।

**17 से 18 जून तक कार्यरत रहेगा नियंत्रण कक्ष**

ईद.उल.जोहा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 17 जून को सुबह 6.00 बजे से 18 जून की सुबह 6.00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे।

**सभी थाना व ओपी में होगी तैनाती**

धनबाद बैंक मोड़, सरायढेला धनसार झरिया जोरापोखर सुदामडीह पाथरडीह तिसरा सिंदरी बलियापुर केंदुआडीह पुटकी लोयाबाद जोगता कतरास राजगंज महुदा मधुबन बरोरा तेतुलमारी बाघमारा तोपचांची हरिहरपुर बरवाअड्डा गोविंदपुर टुंडी पुर्वी टुंडी मनियाडीह निरसा चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी घनुआडीह बोर्रागढ़ भौंरा लोदना अलखडीहा गौशाला मुनिडीह भागाबांध अंगारपथरा कपूरिया रामकनाली गोंदुडीह खरखरी ईस्ट बसुरिया सोनारडीह धमाबांध कालूबथान कुमारधुबी मैथन गलफरबाड़ी खरखरी भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारीए सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीए साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश दिया गया है।

स्पीड न्यूज

### रक्तदान दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

**गिरिडीह।** वर्ल्ड ब्लड डोनर डे को लेकर गिरिडीह के रक्त अधिकोष संस्था में कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सबसे पहले डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कई युवा रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया। और रक्तदान किया। वहीं सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड कंपोनेट सेपरेशन यूनिट का भी निरीक्षण किया। और कहा कि इसके निर्माण से काफी अधिक हद तक लोगों को सुविधा मिलेगा। डीसी के निर्देश पर ही पूरे जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन अलग-अलग प्रखंड कार्यालय में किया गया। जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान करते दिखे। मौके पर ब्लड बैंक में ही कई रक्तदााताओं को डीसी समेत रेडक्रॉस के चैयरमेन अरविंद कुमार और सूबोध प्रकाश ने सम्मानित भी किया। जिसमें नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इधर डीसी ने कहा कि जिले में रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने को लेकर हरसंभव पर प्रयास किया जा रहा है। जिसमें खून की कमी से किसी को परेशानी नहीं हो। इधर कार्यक्रम में सिविल सर्जन डाण शिवप्रसाद मिश्रा रेडक्रॉस के सचिव और कई सदस्य मौजूद थे।

### झामुमो ने भाजपाइयों पर लगाया कोयला तस्करी कराने का आरोप

**धनबाद।** जिले में भाजपा के कुछ नेताओं एवं जिला प्रशासन के कुछ पदाधिकारियों की मिली भगत से चेतुडीह, मलकेरा, तेतुलिया, नागदा, लोयाबाद, कनकनी, तेतुलमारी, कतरास, लुचिबाद, सुदामडीह सहित अन्य स्थानों पर कोयला तस्करी की जा रही है। यह आरोप झामुमो के जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने एक बयान जारी कर लगाया है। उन्होंने अपने बयान में कहा है कि उक्त कोयलों को बरवाअड्डा, गोबिन्दपुर, बरवा क्षेत्र में स्थापित हार्डकोक भट्ठों में खपाया जा रहा है। इस तस्करी में बड़े बड़े माफियाओं के साथ भाजपा नेताओं एवं जिला प्रशासन के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता है। इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। उलटे ऐसे लोग साज़िश के तहत महागठबंधन सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। जबकि चार दिन पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य स्तरीय विधि-व्यवस्था समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन रोकने का सख्त निर्देश दिया था। यदि जल्द अवैध कोयला तस्करी को नहीं रोका गया तो झामुमो जिला समिति मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक से मिलकर शिकायत पत्र सौंपेगी।



### तेनुघाट थाना मे बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट थाना में पेटरवार प्रखंड के सीओ अशोक राम, बीडीओ संतोष कुमार महतो ने बकरीद को लेकर तेनुघाट थाना प्रभारी और जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक की। जिसमें दोनों समुदायों से शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने पर चर्चा की गई और प्रशासन को भी कई दिशा निर्देश दिए। वहीं बैठक में लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रतिबंध जीव जंतु की कुबार्नी नहीं दी जाएगी अगर कोई ऐसा व्यक्ति करते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जबकि बैठक में बकरीद के दौरान मुस्लिम समुदायों के लोगों से पर्दे में रहकर कुबार्नी देने की अपील की गई और कहा गया कि इस दौरान कुबार्नी का वीडियो बनाकर किसी भी शोसल मीडिया पर नहीं डालने की हिदायत दी गई है। ऐसा करने पर पकडे गए आरोपियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। जबकि कुबार्नी के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों की सदभावना को ठेस नहीं पहुंचाने का आग्रह किया गया है।

# गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों की धमाके से दहली बांसजोड़ा

▶▶ चार बाइक पर सवार नौ असामाजिक तत्वों ने फैलाई दहशत, पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बांसजोड़ा में आउटसोर्सिंग कम्पनी साकारमास के आउटसोर्सिंग पैच में रात एक बजे गोलियों और बमों की बौछार हुई। चार बाइक पर सवार नौ असामाजिक तत्वों ने 8 से 10 राउंड फायरिंग की व 10 से 15 बम चलाए। हालांकि गोली और बमबाजी में कोई हताहत नहीं हुआ है। लेकिन आउटसोर्सिंग मजदूर सकते में आ गए।

खबर मिलते ही लोयाबाद थाना प्रभारी सदलबल मौका ए वारदात पर पहुंच गए। रातभर पुलिस कैम्प करती रही। रात आधा घंटे तक काम बंद हुआ,लेकिन सुबह पांच बजे से दोबारा काम बंद कर दिया गया और सुरक्षा की मांग



को लेकर प्रदर्शन करने लगे। मजदूर असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी नहींचलेगी। मजदूरो को भय दिखाना बंद करो, मजदूर एकता जिंदाबाद, आदि नारे लगा रहे थे। गौतम रजक चन्द्रिका तुरी शमसाद ने कहा हम मजदूरों को एक साल बाद दोबारा रोजगार मिला है। हम सभी पुराने मजदूर हैं। हमारी रोजी रोटी छीनने की साजिश रची जा रही है। प्रदर्शन करने वालों में गौतम कुमार, चंद्रिका तुरी, शमशाद अंसारी, विष्णु प्रमाणिक, गणेश महतो, विकाश चौहान, बालेश्वर पांडेय, संतोष महतो, सिराज अंसारी, नरेश भर, पिंटू तुरी, मुकेश तुरी, सद्दाम मंसुरी, सरफराज अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

सुबह पुलिस ने मौका ए वारदात से एक जिंदा कारतूस व एक खोखा एवं बमों के अवशेष जब्त किये हैं। घटना की खबर पर बांसजोड़ा के राम रहीम राजकुमार महतो व असलम मंसुरी जेएमएम नेता आजाद मुखिया, जिला परिषद



सदस्य इसराफिल लाला आउटसोर्सिंग स्थल पहुंच गए। सभी ने पुलिस से मजदूरों की सुरक्षा व घटना के पीछे छिपे लोगों को बेनकाब करने की मांग की है। कम्पनी के जीएम मधु सिंह ने कहा कि घटना निंदनीय है। रात के अंधेरे में गोली और बम चलाकर मजदूरों के बीच दहशत फैलाने की कोशिश की है। पुलिस सुरक्षा मुहैया कराए। कम्पनी के कर्मचारी जयशंकर शर्मा ने लोयाबाद थाना में लिखित शिकायत देकर अज्ञात आसामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कम्पनी के तरफ से की गयी शिकायत में कहा गया कि गुरुवार की रात तृतीय पाली मे 1.00 बजे के करीब चार बाइक पर 9 लोग मुंह पर गमछा बांधे कंपनी के व्यू प्वाइंट पर आए और 8-10 बम एवं दो रांउड गोली चला कर काम बंद करा दिया। हमले में शिफ्ट इंचार्ज गौतम महतो बाल बाल बचे। जाते हुए अपराधियों ने बोला कंपनी को बोलो मैनेज करेगा नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इससे पूर्व भी कंपनी में तोड़फोड़ और मारपीट हुई थी, मामला लोयाबाद थाना में दर्ज हुआ था। लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि घटना हुई है। कम्पनी की ओर से लिखित शिकायत मिली है। अज्ञात लोगों के खिलाफ कम्प्लेन है। जांच चल रही है। जांच में जो लोग भी सामने आएंगे बख्शे नही जाएंगे।

## लोयाबाद में बांसजोड़ा देवी मंदिर के पास बना गोफ

भू धंसान

जहरीली गैस का हो रहा है रिसाव, पुनर्वास के लिए बेचैन हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बांसजोड़ा 12 नंबर में अग्नि प्रभावित भूंधसान से परेशान करीब तीन हजार लोगों के लिए फिर एक नई मुसीबत बन गयी। गुरुवार दोपहर में यहां देवी मंदिर के पास एक गोफ बन गया। गोफ से जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। जानकार इसे कॉर्बन मोनोऑक्साइड गैस कहते हैं। एक महिला घर का कचरा फेंकने गई तो बाल बाल बच गई। महिला बता रही है कि यहां की जमीन भूंधसान व अग्निप्रभावित तो करीब तीन साल से है। अब जमीन दलदल जैसी महसूस होने लगी है। गोफ आठ फीट लम्बा और छह फीट चौड़ा है। मंदिर और आबादी गोफ से मात्र पांच



मीटर दूर है। गोफ,गैस से ज्यादा प्रभावित ग्रामीण महिलाओं में मंजू देवी,पनवा देवी,सीता देवी,कांति देवी,द्रोपदी कुमारी,पुनम देवी आदि ने बताया कि गैस रिसाव से सर चकरा रहा है। कभी किसी को उल्टियां होने लगती हैं। यहां के लोग ज्यादातर बीमार रहते हैं। आसपास के करीब 50 घरों की दीवार और जमीन में दरार पड़ चुकी है। लोग उसके बावजूद रहने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि बांसजोड़ा 12 नंबर व छह नंबर की आबादी के

**600 घर हैं प्रभावित**

भूधंसान एरिया के तीन तरफ 600 घरों की आबादी है। पूर्वी छोर में पक्की सड़क है। करीब तीन साल पहले यहां मात्र एक चिंगारी से पूरा क्षेत्र अग्नि प्रभावित में बदल गया। कुछ परिवार तो जगह छोड़कर जा चुके हैं। सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी में पड़ने वाले इस क्षेत्र के लोगों ने आग व भूंधसान से निजात के लिए बीसीसीएल के अधिकारी का चक्कर लगाया। मगर आश्वासन के सिवा कुछ भी नही मिला। बांसजोड़ा कोलियरी के पीओ जीएल ध्रुव ने बताया कि गोफ होने की जानकारी मिली है। पुनर्वास पर काम हो रहा है। जमीन चिन्हित की गई है।

### टिकट जांच में वसूला 9 लाख 76 हजार 660 रुपये जुर्माना

**धनबाद।** रेल मंडल में बिना टिकट यात्रा करने या वैध टिकट लेकर यात्रा नहीं करने वाले यात्रियों के खिलाफ अभियान जारी है। रेलवे की टीम ने धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1705 यात्रियों से 09 लाख 76 हजार 660 रुपये जुर्माना वसूला। इस अभियान में 168 कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल,एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की गई। जांच टीम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है।

### लोयाबाद में शांति समिति ने की बकरीद सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



**धनबाद।** लोयाबाद थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसआई सूर्यप्रकाश दुबे ने की व संचालन सुनील पांडेय ने किया। सूर्यप्रकाश ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सभी सदस्यो ने बकरीद पर्व का मुबारकवाद देते हुए अपना विचार प्रकट किया। बैठक में एसआई राहुल सिंह, जयप्रकाश पांडेय, विजेन्द्र पासवान, रवि चौबे, सिपाही चौहान, सोहन महतो, अवधेश सिंह, राजेन्द्र पासवान, एसएस प्रसाद, शंकर केशरी, मन्नू सिंह, गोला अंसारी, रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, रंजीत साहनी, संतोष महतो, श्रीराम चौहान, अजीत पासवान आदि मौजूद थे।

## आजसू ने राज्यपाल से की विवि में स्थायी कुलपति की मांग

छात्रों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा, राज्यपाल सचिवालय में सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा व प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने राज्यपाल सचिवालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। यहां ज्यादातर समय प्रभारी कुलपति से ही काम लिया जाता रहा है और आज भी वह स्थिति कायम है। स्थायी कुलपति के नहीं होने से छात्रों के कई कार्य बाधित हो रहे हैं। प्रवेश परीक्षा, एकेडमिक काउंसिल, सीनेट, सिंडिकेट जैसी महत्वपूर्ण बैठक भी समय पर नहीं हो पा रही है। समय पर शिक्षक एवं कर्मचारियों को वेतन तथा पेंशन नहीं



मिल रहा है और विश्वविद्यालय की एनएसी ग्रेडिंग भी गिर रही है। यह स्थिति राज्य के विनोबा भावे विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, सिद्धू कान्हू मुर्मू व नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में भी बनी हुई है। लंबे समय से इन पांचों विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की मांग की जा रही है। लेकिन राजभवन से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसका खामियाजा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। आजसू के प्रतिनिधियों ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इन सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति नियुक्त करने की मांग की है। मौके पर प्रियांशु सिन्हा, राज कुमार, सक्षम झा, राजेश कुमार, आनंद यादव, आशुतोष सिंह, बबलू मंडल, अंशुल सिंह, रितिक दुबे, विकास कुमार, सुदामा महतो, विक्की कुमार, आदि मौजूद थे।

## पिता ने पैसा नहीं दिया, तो बेटा ने कर दी हत्या

**मैथन।** मैथन के आमकुड़ा में जब एक पिता ने पुत्र को पैसा नहीं दिया तो उसने लोहे के रड से हमला कर पिता की हत्या कर दी और फरार हो गया। बाद में सौतेली मां की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र सपन महतो एवं उसकी पत्नी छुम्मा महतो को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। घटना गुरुवार देर शाम की है। आमकूड़ा निवासी डीवीसी के कैजुअल कर्मी रंजीत




महतो (उम्र 58) के बड़े पुत्र सपन महतो ने पत्नी छुम्मा महतो के इलाज के लिए कुछ पैसा मांगा। पिता ने किसी कारण वश पैसा देने से इनकार कर दिया। इससे गुस्साए पुत्र ने पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने लोहे के रड से पिता पर हमला कर दिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में ही पिता की मौत हो गई। घटना के बाद पुत्र फरार हो गया। शुक्रवार को मृतक की पत्नी नमिता महतो ने पुत्र एवं पुत्रवधू पर पति की हत्या का मुकदमा किया, जिस पर मैथन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दीया।

### 60 लोगो की शिविर में हुई स्वास्थ की जांच

धनबाद। बांसजोडा कोलियरी कार्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ जागरुकता शिविर लगाया गया। कार्यालय के कर्मचारियों व मजदूरो सहित 60 लोगों के स्वास्थ की जांच की गई। जांच में शुगर, बीपी के 12 मरीज पाये गये। सभी को दवा भी दी गई। शिविर में शामिल अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा अनुज कुमार ने कर्मियों को स्वस्थ रहने के टिप्स बताए। उन्होंने ने वजन सहित ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के बारे में जानकारी दी। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार करने सहित धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के सेवन से बचने के बारे में बताया। मौके पर प्रबंधक सुनील कुमार दास, कार्मिक प्रबंधक निलेश जोशी, सर्वेयर एस के मित्रा, विजय यादव, चांद खान, रामराज राजभर, निरंजन पासवान, सत्यनारायण यादव, रोविन्स कुमार, कमलेश प्रजापति, संजय पांडेय, तारिक हुसैन आबिद, आदि मौजूद थे।

डीसी ने सर्कस मैदान में की घर-घर पेड़ लगाओ अभियान की शुरुआत कहा

## सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन एवं उसरी बचाओ अभियान के संयुक्त प्रयास से घर-घर पेड़ लगाओ अभियान की शुरुआत शुक्रवार को हो गई। शुरुआत डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व भाजपा के पूर्व निर्भय शाहाबादी ने की। कई लोगों व समाजसेवी महिलाओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। डीसी ने कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों, संस्थाओं इंडस्ट्रीज से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के बाद पुनः मनरेगा के तहत भी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण का कार्य शुरू किया गया है। प्रत्येक गांव में 35-35 पेड़ लगाने की



योजना है, जिससे हम सब एक लाख वृक्षारोपण करने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। डीसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं।

उसरी बचाओ अभियान के सक्रिय सदस्य सह माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कहा कि पूरे जिले में लगभग 1 लाख पेड़ लगाए जाएंगे। इस मौके पर रेड क्रास के चेयरमैन अरविंद कुमार सहित कई पुरुष और महिला मौजूद थे।

एक नजर में

### गायत्री कुमारी व परिजनों पर हमले की निष्पक्ष जांच कर होगी कार्रवाई



**धनबाद।** गोधर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी एवं उनके परिजनों के साथ भाजपा समर्थकों द्वारा की गई मारपीट में कठोर कार्रवाई सहित पीड़िता की सुरक्षा की मांग कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार से की है। कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह प्रदेश सचिव वैभव सिंह ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को अजीत कुमार के कार्यालय में वार्ता के दौरान शिकायत की। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वस्त किया कि मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है और निश्चित तौर पर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को हर संभव सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच का विभागीय आदेश भी जारी कर दियाहै। ज्ञात हो कि विगत दिनों गोधर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी एवं उनके परिजन के साथ भाजपा समर्थकों ने मारपीट की एवं जानलेवा हमला किया था। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी 2024 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने काली बस्ती पहुंचकर गायत्री कुमारी के साथ बैठकर बातचीत की थी, जिस कारण वहां के कुछ भाजपा समर्थक कुपित चल रहे थे, ऐसा बताया जाता है।

### सड़क किनारे झोपड़ीनुमा दुकान में परोसी जा रही थी शराब, निगम ने हटाया



**धनबाद।** नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ हीरापुर क्षेत्र में अभियान चलाया। जिला परिषद बाउण्ड्री के बाहर ठेला खोमचा तथा बांस बल्ली लगाकर होटल का संचालन करने वाले 25 से अधिक दुकानदारों की दुकाने खाली करायी गई। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया, लेकिन निगम की टीम ने उनकी एक नहीं सुनी। टीम का नेतृत्व कर रहे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। मुख्य सड़क के किनारे किसी को दुकान लगाने की छूट नहीं दी जायेगी। कुछ दिन पूर्व भी इन दुकानों को खाली कराया गया था। लेकिन इनलोगों ने दुबारा दुकान लगा दी। इसी सड़क पर दो झोपड़ीनुमा होटल में खाने के साथ शराब भी परोसी जा रही थी। जेसीबी से झोपड़ीनुमा दुकान हटाने के दौरान कई शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। वरीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। उनके आदेश के बाद होटल में अवैध तरीके से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। आज इनके कुछ सामान जब्त किये गए हैं, जुर्माना नहीं लिया गया है। साथ ही हीरापुर कोहिनूर मैदान में बनाए गए वेंडिंग में इन्हें दुकान लगाने की छूट दी गई है। अब नियमित रूप से इन दुकानदारों पर नगर रखी जायेगी। दुबारा मुख्य सड़क पर दुकान नहीं लगाने दिया जायेगा। शनिवार को कोर्ट मोड़, हीरापुर पार्क मार्केट, हटिया बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलायेंगे।

### आईआईटी, आईएसएमद्ध में स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर 21 दिवसीय कार्यशाला

**धनबाद।** आईआईटी, आईएसएमद्ध में स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर शुक्रवार को इक्कीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा व विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की वैज्ञानिक डॉ सुभा पांडे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के प्रमुख अन्वेषक सह सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर श्रीनिवास पसुपुलेटी ने बताया कि इस तीन सप्ताह के कार्यक्रम के दौरानए एसडीजी के विभिन्न विषयों पर परियोजना कार्य के अलावा 63 सत्र यानी 45 व्याख्यान सत्र और 18 प्रायोगिक सत्र होंगे। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षा कार्यक्रम के अंत में आयोजित की जाएगी। वहीं प्रोफेसर सुभ पांडे ने स्थानिक विज्ञान को बढ़ावा देने के संबंध में सरकारी नीतियों और प्राथमिकताओं का विवरण दिया। संस्थान के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष शिविर में 24 संकाय सदस्यए शोध विद्वानए उद्योग पेशेवरए परियोजना सहायकए शिक्षक और एनजीओ सदस्य भाग ले रहे हैं। ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से भी .स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न उपकरणों और तकनीकों के प्रति प्रतिभागियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है।

### जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में भू अर्जन विभाग की आहूत समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन कार्यालय के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भू-अर्जन विभाग के अंतर्गत लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, भारत सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में पूरी जानकारी ली गई। उन्होंने म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने के निर्देश दिए गए। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन-म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया।

### प्रिंस खान के पार्टनर के घर और लोहा गोदाम पर छापा

**धनबाद।** बरवाअड्डा के सुसनीलेवा निवासी जमाल मियां की आत्महत्या मामले को लेकर शुक्रवार को भूली ओपी और बरवाअड्डा थाना पुलिस ने प्रिंस खान के पार्टनर गोल्डेन खान के वासेपुर स्थित आवास और नवाडीह बाइपास रोड स्थित न्यू ग्लोबल इंटरप्राइजेज नामक गोदाम में छापामारी की। हालांकि इन दोनों जगहों पर गोल्डन खान नहीं मिला। बताया जाता है कि भूली ओपी और बरवाअड्डा थाना पुलिस सुबत सात बजे ही इन दोनों जगहों पर पहुंची थी। लोहा गोदाम में बाहर से ताला लगा हुआ था। इस कारण पुलिस अंदर नहीं गई और बाहर से लौट गई। इधर मामले को लेकर पुलिस उसके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है। स्क्रैप व्यवसायी जमाल मियां ने अपने सुसाइड नोट में साफ तौर पर गोल्डेन खान को प्रिंस का पार्टनर बताया है। यह भी लिखा है कि गोल्डेन प्रिंस खान का दाहिना हाथ है। ये सभी उन्हें धमकाते थे और गोली मारने की बात कहते थ। इतना ही नहीं जमाल खान के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपीयों को पुलिस भेजा जेल

**जिससे मदद मांगी वह भी दरिंदों के साथ मिल कर किया दुष्कर्म**

खबर मन्त्र संवाददाता




**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल की नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पांच आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के मनोज बेसरा, जगन्नाथ मुर्मू, शिवलाल हेम्ब्रम, सुकोल उर्फ पलवन हेम्ब्रम एवं चुनका उर्फ जोहान हेम्ब्रम है। मामले में जानकारी देते हुए एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलने के महज तीन घंटे के अंदर पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। अब न्यायालय में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से उन्हें जल्द सजा दिलाई जाएगी।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व विगत 11 मई को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुरहाट थाना क्षेत्र की एक 16 वर्षीय किशोरी अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में आई थी। रात में खाना-पीना खाकर वह अपने एक परिचित 15 वर्षीय बालक के साथ बात करते-करते घर से थोड़ी दूर निकल गई। जहां तीन युवकों मनोज बेसरा, जगन्नाथ मुर्मू और शिवलाल हेम्ब्रम की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने नाबालिग लड़की को पकड़ने का प्रयास किया तो वह दौड़ भागने का प्रयास की। लेकिन तीनों युवकों ने उसे पकड़ लिया और बारी बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस बीच वह किशोरी के संग गया 15 किशोर भाग कर गांव पहुंचा और दो युवकों सुकोल उर्फ पलवान हेम्ब्रम और चुनका हेम्ब्रम को सारी बात बताकर मदद की गुहार लगाई। जब वे वहां पहुंचे तो उसे बचाने के बजाय उस लडकी पर टूट पड़े और पहले उन दोनों ने भी किशोरी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इधर 15 वर्षीय किशोर फिर भाग कर गांव गया और कुछ लोगों दानियल हांसदा, पतरस हेम्ब्रम और सुकलाल को घटनास्थल पर लेकर आया तो उनलोगों ने पीड़िता को उन पांचों दरिंदों के चंगुल से निकाला। पीड़िता अपने घर पहुंची और अपनी मां और अन्य परिजनों को घटना की जानकारी दी। सारी बातें सुनकर पीड़िता की मां और दोनों अपने घर रामपुरहाट लौट गए। फिर दूसरे दिन हुए शिकारीपाड़ा थाना पहुंच पुलिस को सारी जानकारी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## एक नजर में

### करगली में भाजपा नेता भाई प्रमोद सिंह की पत्नी कुंती देवी का निधन



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रेलवे क्वार्टर निवासी सह भाजपा फुसरो मंडल के पूर्व अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह की पत्नी कुंती देवी का निधन 6 जून को हो गई थी। वो काफी समय से बीमार चल रही थी,उनके निधन से परिवार शोक में डूब गया है। वहीं बेरमो के बीजेपी सहित कई दल के लोग के नेताओं ने भी अपना दुख जाहिर किया है। साथ ही प्रभु से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। कुन्ती देवी भाजपा के आजीवन सदस्य थे। उन्होने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार से वार्ड पार्षद के चुनाव भी लडी थी। उनके निधन की खबर मिलने पर बीजेपी कार्यकर्ता उनके घर परिवार को सांत्वना देने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

### पुल में बैठे लोगो को जुगाड़ गाड़ी ने मारी ठोकर, तीन हुवे घायल



**बरहरवा।** बीते दिन गुरुवार को शाम के 07:30 मिनट के आसपास एक जुगाड़ गाड़ी के द्वारा बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर थाना क्षेत्र जामबाद गाँव में रोजाना के भांति कुछ ग्रामीण गर्मी के वजह से हवादार जगह में बड़ गाछ के नीचे पुल में बैठे थे उसी समय अंगूठियां के ओर से माधव साह ग्राम बिरग्राम जो कि बर्तमान में लखनपुर में घरजमाई के तौर पर निवास कर रहे है उसका जुगाड़ गाड़ी बड़ गाछ के पास टर्निंग में घूमा नही पाने के कारण हिकीम हेम्ब्रम (35) जो कि पुल में बैठे थे उसको ढक्का मार दिए उन्हें कमर में भारी चोट आई है और उसके साथ पुल के नीचे दो ब्यक्ति बैठे थे उन्हें पैर मैं चोट आई है, वही ढक्का मारने के बाद ग्रामीणों ने माधव साह को पकड़ लिया और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए पाकुड़ डॉक्टर के पास ले जाया गया शुक्रवार को उसके परिजन से पूछे जाने पर कहा कि अभी हिकीम पहले से बेहतर है। वही जुगाड़ गाड़ी हिकीम के परिजनों ने आपने पास रखा हुआ है।

### सीई मार्क प्रमाणीकरण का दूसरा निगरानी ऑडिट संपन्न



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के आरसीएल विभाग में मुख्य महा प्रबंधक क्वालिटी मनोहर लाल की अध्यक्षता में दो दिवसीय सीई मार्क प्रमाणीकरण का दूसरा निगरानी ऑडिट संपन्न हुआ। सीई मार्क प्रमाणीकरण एक प्रतिष्ठित प्रमाणन है जो कि यूरोपीय संघ में अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए आवश्यक है। इस ऑडिट के दायरे में आने वाले प्रमुख विभाग आरसीएल एसएमएस क्कएवं सीसीएस एसएमएस न्यू एचएसएम और एचआरसीएफ हैं। मेसर्स टीयूवी इंडिया के अंकेक्षक संजय शर्मा ने सभी के साथ निष्कर्षों पर चर्चा की और सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा पुन:प्रमाणीकरण की अनुशंसा की। मुख्य महा प्रबंधक मनोहर लाल ने आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा और इसे कार्यान्वित किया जायेगा। ऑडिट का समन्वयन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक अनुपमा तिवारी तथा बी बनर्जी द्वारा किया गया।

### चिन्मय विद्यालय में दो दिवसीय हेल्थ एंड वेलविंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में विद्यालय के शिक्षकों में एक दृष्टि विकसित करने के लिए स्कूल हेल्थ एंड वेलविंग विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सचिव महेश त्रिपाठी विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा रिसोर्स पर्सन डॉ पी शैलजा जयकुमार एवं आनंदिता भद्रा ने मंत्रोच्चारण कर दीप प्रज्वलित कर किया। नई शिक्षा नीति के अनुसार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। एनसीईआरटी एवं यूनेस्को द्वारा विकसित प्रारूप व आयुष्मान भारत के तत्वावधान में इसे सीबीएसई से संबंधित सभी विद्यालयों में कार्यान्वित करने के उद्देश्य से कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उनका मानसिक शारीरिक नैतिक एवं भावनात्मक विकास हो और वे भविष्य में योग्य नागरिक बने। इस कार्यशाला में 11 मॉडल्स पर अनेक प्रकार की रोचकता पूर्ण गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गई। इस कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन डॉ पी शैलजा जयकुमार एवं प्राचार्या श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो एवं आनंदिता भद्रा हेड मिस्ट्रेस डीपीएस बोकारो ने कार्यशाला में 11 मॉडल्स पर परीक्षण दिया। कार्यशाला के अंत में मॉड्यूल प्रोमोशन ऑफ सेफ यूज ऑफ इंटरनेट गैजेट्स एंड मीडिया विषय पर चर्चा हुई। तत्पश्चात शिक्षकों के समझ को प्रश्नोत्तर के माध्यम से किया गया। कार्यशाला के अंत में विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने दोनों रिसोर्स पर्सन को धन्यवाद देते स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला का संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया। साथ ही संजीव सिंह पंचानंद शर्मा रणधीर नारायण रजनीश चौधरी रागिनी अंजनी एवम अन्य शिक्षकों ने पूरा सहयोग किया।

### आईआईटी परीक्षा में अभिजीत ने लहराया परचम अनिल अग्रवाल ने किया सम्मानित

**बेरमो।** जरीडीह बाजार निवासी नवीन कुमार के पुत्र अभिजीत कुमार ने जेइइ एडवांस्ड की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने अभिजीत को बुके डायरी पेन तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया साथ ही कहा खुद पर यकीन रखने वालों को सफलता जरूर मिलती है और प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की अभिजीत ने बताया कि आगे की पढ़ाई कर आईपीएस की तैयारी करना चाहता हूं और इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों को दिया तथा बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से भी तैयारी की थी।

# डीपीएस बोकारो के संगीत शिक्षक मयंक को मिला विश्वरत्न सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के संगीत शिक्षक मयंक कुमार भक्त को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए विश्वरत्न सम्मान 2024 से नवाजा गया है। नीति आयोग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार से संबद्ध संगठन वर्दी वेलनेस फाउंडेशन ने वैश्विक स्तर पर संगीत शिक्षकों के लिए हाल ही में एक स्पर्धा करवाई थी। इसमें संबंधित वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए एकमात्र मयंक को उक्त सम्मान के लिए चयनित किया गया। संगीत शिक्षण के प्रति समर्पण लगन एवं संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारकर जीवन में समृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बच्चों को संगीत सिखाने के नवोन्मेषी तरीके एवं आयुवार उन्हें समझाने की रोचक विधियों को लेकर अपनी प्रविष्टि भेजी थी। उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र शील्ड व मेडल प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने मयंक को इस विश्व प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मयंक ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में विद्यालय के योगदान तथा प्राचार्य डॉ गंगवार के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। 26 वर्षीय मयंक को इसके पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर टैलेन्ट हंट विजेता टीचर इनोवेशन अवार्ड राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार यूथ फेस्टिवल गोल्ड अवार्ड स्वर संगम अवार्ड दूरदर्शन आकाशवाणी पुरस्कार सहित अन्य कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। बीएचयू से संगीत में स्नातकोत्तर की डिग्री अर्जित करने वाले मयंक को संगीत अपने परिवार से ही विरासत में मिली। बनारस घराने के तबला वादन में हस्त सिद्ध कलाकार मयंक अपनी विद्या से बच्चों को भी प्रतिभावान बनाना चाहते हैं।

# मनोहरपुर के कोयल नदी में डूबने से आर्मी जवान सहित बच्चे की मौत, दूसरे बच्चे को डूबने से बचाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के मनोहरपुर प्रखंड में शुक्रवार की सुबह कोयल नदी में डूबने से एक किशोर सहित आर्मी जवान की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बच्चे को हादसे में बचा लिया गया। घटना के बाद से मनोहरपुर इलाके में मातम सा माहौल है। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक मनोहरपुर इंदिरा नगर के रहने वाले 11 वर्षीय एरोन होरो एवं 11 वर्षीय अनेक्स कुजूर के साथ उसके पिता 45 वर्षीय आर्मी जवान संजय रंजन कुजूर भी नदी नहाने गए थे। जबकि नहाने के बजाय संजय रंजन कुजूर नदी के एक बडे.पत्थर पर बैठे हुए थे। पास ही दोनों बच्चे नदी में नहा रहे थे। तभी एरोन नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। वहीं समीप नहा रहे दूसरा बच्चा अनेक्स उसे बचाने गया तो वह भी गहरे पानी में डूबने लगा। दोनों बच्चों को डूबता देख पास नहा रहे दो लोगों ने अनेक्स को डूबने से बचा लिया। किंतु गहरे पानी डूब रहे बच्चे एरोन को बचाने के लिए अनेक्स के पिता संजय रंजन कुजूर ने नदी में छलांग लगा दी। किंतु वह भी डूबने लगे। गहरे पानी के वजह से दोनों ही नदी में डूब गए। इस घटना से नदी में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर बीडीओ शक्तिकुंज व स्थानीय प्रशासन के अधिकारी समेत मनोहरपुर पुलिस पहुंची और फौरन नदी में खोजबीन का कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे के बाद स्थानीय गोताखोर टिकूं महतो एवं चमन बड़ाईक के प्रयास से बच्चे और जवान को गहरे पानी से निकाला गया। तत्काल उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां स्थानीय चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। मृत संजय रंजन कुजूर एक सेवानिवृत आर्मी जवान है। उनका पैतृक घर गुमला है। उनकी पत्नी कुसुम कुजूर सरकारी शिक्षिका है, जो मनोहरपुर प्रखंड के छोटानागरा स्थित स्कूल में पदस्थापित है।

# छात्र संघर्ष मोर्चा के खोरठा विरोधी आरोप को केबीसीए ने बताया निंदनीय और हास्यास्पद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** छात्र संघर्ष मोर्चा द्वारा झारखंड के सरकारी स्कूलों में स्थानीय एवं जनजातीय भाषा सर्वेक्षण में जबरन कुड़मालि भाषा रखे जाने के आरोप पर कुड़मालि भाखि चारि आखड़ा के दीपक पुनारिआर एवं महादेव डुंगरियार ने बेबुनियाद और झूठ करार दिया है। कहा कि कुड़मालि विरोधी लोगों द्वारा इस ढंग से कुड़मी और कुड़मालि के विरूद्ध प्रेस-ज्ञापन किया है यह अत्यंत निंदनीय और हास्यास्पद है तथा उनकी खोटी मानसिकता को उजागर करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि विशेषकर कुछ कथित डिग्रीधारियों के बेरोजगार होने के काल्पनिक भय ने उनकी मानसिकता को विक्षिप्त सा कर दिया है और वे अनियंत्रित बयानबाजी कर अपनी ही साख पर दाग लगाने लगे है। यह निर्विवाद रूप से ऐतिहासिक तथ्य है कि कुड़मालि भाषा कुड़मी की मातृभाषा है। इस तथ्य की पुष्टि झारखंड ट्राइबल वेलफेयर रिसर्च इंस्टीट्यूट रांची द्वारा मातृभाषा आधारित सक्रिय भाषा अधिगम आखड़ा द्वारा प्रकाशित किये गये सर्वेक्षण रिपोर्ट 2013 लैंग्वेज डायवर्सिटी झारखंड के पृष्ठ 56 में कुडमालि सहित 9 भाषाएं जनजातीय स्वरूप में जबकि खोरठा नागपुरी पचपरगनिया सादरी उड़िया और बंगला इन 6 भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा के रूप में ज्ञापित किया गया है। कुडमि गांव के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की मातृभाषा कुड़मालि के बदले अन्य क्षेत्रीय भाषा को दर्ज किये जाने से हमारे बच्चे अपनी मातृभाषा शिक्षण से वंचित हो रहे है। इससे कुड़मालि भाषा संस्कृति एवं अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो सकता है। हम उच्च विचार रखने वाले खोरठा भाषा के तमाम बुद्धिजीवियों से अपील करते है कि किसी प्रकार के पूर्वाग्रह से मुक्त होकर सार्वजनिक रूप से यह ज्ञापित करें लुप्तप्राय हो रही कुड़मी जनगोष्ठी की मातृभाषा कुड़मालि के स्वत्व की रक्षा हो सके।

# ढ़ोरी के नये जीएम को एसीसी सदस्यों ने किया स्वागत



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के नए महाप्रबंधक रंजय सिंहा को महाप्रबंधक कार्यालय में क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्यों ने स्वागत किया। सभी एसीसी सदस्यों तथा अधिकारियों ने उत्पादन उत्पादकता को और बेहतर करने के लिए प्रबंधन को भरपूर सहयोग की बात कही। इस अवसर पर नए महाप्रबंधक ने कहा कि देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करना कोयला उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर यूनियन नेता भीम महतो, विकास सिंह, विनय सिंह, जयनाथ मेहता, अविनाश सिंह, बैजनाथ महतो, गोवर्धन रविदास आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# साहिबगंज महाविद्यालय में हुआ रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबगंज।** साहिबगंज महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वयंसेवी संस्था हेल्पिंग हैंड के संयुक्त तत्वाधान में साहिबगंज महाविद्यालय के नंदन भवन में रक्तदान पंजीयन शिविर लगाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर एस आर आई रिजवी ने किया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर के द्वारा समाज में लोगों को रक्तदान हेतु जागरूकता लाकर प्रेरित किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती ने बताया कि आज के इस पंजीयन हेतु लगाए गए शिविर में 30 लोगों ने अपना पंजीयन किया तथा सदर अस्पताल जाकर 6 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने स्वयं आठवीं बार रक्तदान कर स्वस्थ संदेश देने का कार्य किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करना है कार्यक्रम में सहयोग हेल्पिंग हैंड के कुमार दीपांशु, अभिजीत प्रशांत सागर, मुदित, मोहित, अविनाश, अनीशा, न्यासा, सोनम, सुनिधि, अमन, स्नेहा वैष्णवी इत्यादि स्वयंसेवकों का सहयोग रहा


## AFFIDAVIT

Annexure 'I'

I, Amlen Bara is legally spouse of No. 04262389K Rank -T S NAIK Name Late Pritam Bara presently residing at Village- Shanti Nagar Cheter Tuku Toli Gumla P.O-P.S. Gumla District Gumla Jharkhand 835207 do hereby solemnly affirm and state on as oath as follows:

a) That I have changed my name From Anita Emlen Bara to Amlen Bara due to entered in my Service record. That my date of birth is 04.08.1973 (Fourth August ninteen seventy three) .
b) That, I am producing this Affidavit for purpose of evidence for my name.
c) That both Names Anita Emlen Bara & Amlen Bara is same and One Person which is my name & myself pertain to one and the same person.
d) That I shall at times here after in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well under all occasions what so ever be known as only as EMLEN BARA (New Name)
e) That what is stated above is true and correct to the best of my knowledge information and belief. Nothing material has been concealed there from.

Series No. 23-24/K1 12552
Ref. NO. 31
Date: 14.06.2024


## नवनियुक्त महाप्रबंधक से आर सी एम यू की परिचयात्मक बैठक

# जारंगडीह परियोजना एवं कथारा कोलियरी में विभागीय उत्पादन प्रबंध सुनिश्चित करें : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के नए महा प्रबंधक संजय कुमार के पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का परिचयात्मक बैठक महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार मे हुआ। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी का अजय कुमार सिंह एवं विल्सन फ्रांसिस के संयुक्त नेतृत्व में परिचयात्मक बैठक में परिचय प्राप्त करते हुए ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा हुई। महाप्रबंधक अपने विचार प्रकट करते हुए प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाए कि सर्वप्रथम श्रमिकों का वेलफेयर सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में सुनिश्चित करना है। बहुमूल्य विचार प्राप्त करते हुए क्षेत्र के उत्थान के लिए हम सबों को मिलकर आगे बढ़ना है। परियोजना में कार्यरत मजदूर काम के अभाव में नहीं बैठेंगे इसकी जवाब देही प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। बैठक में क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सचिव विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस ने कहा प्रबंधन की कमजोर इच्छा शक्ति के कारण क्षेत्र दुर्दशा के कगार पर आकर खड़ा हो गया है। क्षेत्र में शिफ्टिंग का कार्य व कोलियरी का विस्तार में प्रबंधन की भूमिका कछुए की चाल की तरह हुई। परिणाम स्वरूप क्षेत्र में डिपार्टमेंटल कार्य प्रभावित हुए और प्रबंधन गलत मनसा के कारण जहां विभागीय कार्य चल रहे थे उत्खनन का जहां स्कोप था उसे जगह पर आउटसोर्स के कार्य को बढ़ावा दिया गया वहीं विभागीय मशीन को आइडल खड़ा किया गया जो दुर्भाग्य का विषय है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल यूनियन के पदाधिकारी ने महाप्रबंधक से कोलियरी के विस्तार कोलियरी का शिफ्टिंग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किए जाने का जोर दिया। अन्य मांगों में कार्य स्थल पर आने-जाने में जल का छिड़काव श्रमिकों का पदोन्नति अवकाश प्राप्त श्रमिकों का जल्द एरियर का भुगतान हॉस्पिटल और स्कूल की निरीक्षण करने सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कार्यक्रम में संगठन के परियोजना और क्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त महाप्रबंधक को पुष्प गुच्छ और शाल से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक ने प्रतिनिधि मंडल को स्पष्ट किया बहुत जल्द क्षेत्र का विस्तार और उत्पादन की प्रगति देखने को मिलेगी कड़ी मेहनत और योजना बद तरीके से कार्य को पूरा करेंगे। श्रमिक संगठन और श्रमिकों का सार्थक साथ मिला तो क्षेत्र नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। बैठक में क्षेत्र के पदाधिकारी अजय कुमार सिंह विल्सन फ्रांसिस वेदव्यास चौबे राजेश शर्मा धनेश्वर यादव अवधेश कुमार सिंह दयाल यादव मोहम्मद आशिक परियोजना की ओर से शाखा सचिव उत्तम कुमार अर्जुन रविदास राजेंद्र दास चंद्रशेखर प्रसाद मोहम्मद सनाउल्लाह जितेंद्र पासवान अनंत कुमार एच अधिकारी शब्बीर अंसारी गुरनाम सिंह शिवपूजन सिंह इस्लाम अंसारी सुरेश ठाकुर एन के त्रिपाठी मोहम्मद अंसारी अमनदीप सिंह अजय कुमार सिन्हा मंसूर खान सूर्यकांत त्रिपाठी नसीम अख्तर प्रदीप सिंह देवाशीष आश मोहम्मद शमीम सुजीत मिश्रा बिंदु चंद हेंब्रम संतोष सिन्हा विजय नायक विनेश्वरी नोनिया पंचराम पंच राम सहित पंचायत कांग्रेस के अध्यक्ष विजय यादव प्रमोद यादव सहित अन्य शामिल थे।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक : 977 — खूँटी, दिनांक : 14.06.2024

**अति आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के तहत खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र में डीप बोरिंग (6 इन्च/उच्च प्रवाही ड्रिल्ड नलकूप) पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर जमीन मालिक/बोरिंग गाड़ी मालिक/कम्पनी पर जुर्माना/ दण्ड/ एफ0आई0आर0 का प्रावधान है। स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु संबंधित शपथपत्र के साथ कार्यालय में आवेदक द्वारा आवेदन स्वीकृत कराने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करायेंगे। खूँटी शहरी क्षेत्र के गिरते जलस्तर के आलोक में यह निर्देश निकाला जा रहा है।

स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु बोरिंग गाड़ी मालिक/ कम्पनी/एजेंट निर्धारित निबंधन वार्षिक शुल्क नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय में जमा करने एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करेंगे। अतः इसका पालन अत्यन्त आवश्यक है।

इसे तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाय।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 326468 Urban Development(24-25).D

# सरकार से उम्मीद


**आ**जादी के बाद यह दूसरा अवसर है जब पं. नेहरू की तरह लगातार तीसरी बार भाजपा नीत सरकार बनी है। ऐसे कहने का अर्थ है कि सरकार की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। तब तुलना यह भी की जाएगी कि किस सरकार के कार्यकाल में हकीकत के धरातल पर ज्यादा विकास हुआ। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की निगाहें लगी हैं। गठबंधन सरकार को पिछली सरकारों से बेहतर प्रदर्शन करके भी दिखाना होगा। यूं तो पिछली सरकार में भी राजग गठबंधन अस्तित्व में था, लेकिन इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण भाजपा की सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। जाहिर है कि भाजपा को कई महत्वाकांक्षी मुद्दों मसलन एक देश, एक चुनाव व यूनिफॉर्म सिविल कोड आदि के क्रियान्वयन को ठंडे बस्ते में डालना पड़ सकता है। गठबंधन की मजबूरी के साथ ही सरकार को अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत विपक्ष से सामना करना पड़ेगा। निस्संदेह, शासन-प्रशासन का नरेंद्र मोदी के पास लंबा अनुभव है। हालांकि, राजग में नेतृत्व तय करने व मंत्रिमंडल गठन में सहयोगी दलों का बड़ा दबाव नजर नहीं आया, लेकिन भविष्य की चुनौतियों से इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, विकास कार्यों को गति देने में सरकार को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वैसे भी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू विकास के लिये प्रतिबद्ध मुख्यमंत्रियों के रूप में याद किये जाते हैं। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बात हो या फिर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की बात या देश में बेरोजगारी कम करने व समतामूलक विकास की स्थापना मोदी सरकार की प्राथमिकता के आधार पर काम को अंजाम देने का प्रयास किया जाना चाहिए।


# दस करोड़ आवास

**भा**रत में आने वाले दशक में घरों की मांग बढ़ने वाली है। एक अनुमान के अनुसार इस दौरान देश के बड़े बिल्डरों को 10 करोड़ नए घर बनाने पड़ सकते हैं। यह मांग तेजी से बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था में घर खरीदने की इच्छा रखने वाले लोगों की संख्या बढ़ने के कारण है। मुंबई के एक बड़ी बिल्डर कंपनी का कहना है कि अगले 10 सालों में लगभग 7 करोड़ भारतीय परिवार घर खरीदने के लायक हो जाएंगे। साथ ही पुराने घरों को बदलने की इच्छा रखने वाले लोगों को मिलाकर कुल 10 करोड़ नए घरों की जरूरत पड़ सकती है।

नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने विकास पर फोकस करने का वादा किया है, खासकर आवास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में। रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म नाइट फ्रैंक का अनुमान है कि बढ़ती आय के चलते घरों की बढ़ती मांग अगले 10 सालों में 906 बिलियन डॉलर का आर्थिक उत्पादन जनरेट करेगी। दक्षिण एशियाई देशों में, खासकर भारत में, महामारी के बाद से संपत्ति का बाजार गर्म हो गया है। साल 2023 कम से कम 15 सालों में घरों की बिक्री के लिए सबसे अच्छा साल रहा है। इस तेजी के चलते लोधा ब्रांड नाम से काम करने वाली कंपनी मक्रोटेक ने मार्च तिमाही में अपनी अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री की है। हालांकि, 2023 में लगभग 6 लाख नए घर बनाए गए थे, फिर भी मांग इतनी ज्यादा है कि आने वाले 10 सालों में इतनी तेजी से घर बनाने के बाद भी 10 करोड़ घरों की मांग को पूरा करना मुश्किल होगा। घरों की बढ़ती मांग 15 साल से भी ज्यादा लंबी साइकल है। उनका मानना है कि अभी हम इस साइकल के केवल चौथे साल में हैं और भारत के अर्थव्यवस्था में रियल एस्टेट को उसका असली स्थान मिलने में अभी काफी लंबा रास्ता बाकी है।

# दक्षिण और उत्तर का गहराता अंतर





**-ए के भट्टाचार्य**

> दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है।

आठ नवंबर, 2016 को हुई नोटबंदी के कुछ दिन बाद दक्षिण भारत के दो राज्यों की कुछ दिनों की यात्रा ने मुझे यह बात अच्छी तरह याद दिला दी थी कि कैसे दक्षिण भारत के राज्य उत्तर के राज्यों से अलग हैं। वहां बैंकों के बाहर पुराने नोट बदलने की कोई कतार नहीं दिख रही थी। क्रेडिट या डेबिट कार्ड के जरिये या वॉलेट भुगतान अथवा ऑनलाइन लेनदेन अपेक्षाकृत आसान था। दुकानदार भी इस बात पर जोर नहीं देते थे कि हम कुछ खरीदने के बदले नकद राशि ही दें। टूर ऑपरेटर भी बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के पुराने नोट लेने को तैयार थे। अपेक्षाकृत शांति थी और जीवन सहज और तनावमुक्त नजर आ रहा था।

यह सिलसिला उत्तर भारत के शहरों और कस्बों के एकदम उलट था। न केवल राजधानी नई दिल्ली बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यहां तक कि गुजरात के कई इलाकों में भी बैंकों के बाहर लोग लंबी कतार लगाये पुराने नोट बदलने की कोशिश में खड़े थे। इन जगहों के कारोबारी भी ऑनलाइन भुगतान लेने के इच्छुक नहीं थे और नकदी पर जोर दे रहे थे। कुल मिलाकर असहज करने वाला माहौल था।

2020 और 2021 में किसानों द्वारा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन करने पर भी ऐसा ही घटनाक्रम हुआ। पहले माना जा रहा था कि इन कृषि कानूनों का विरोध देशव्यापी है और पूरे देश के किसान इन कानूनों को लेकर परेशान हैं। लेकिन महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में कुछ शुरूआती विरोध के बाद किसान आंदोलन जल्दी ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों का आंदोलन बनकर रह गया।

दक्षिण भारत के किसानों ने इन नये कानूनों की अनदेखी की। एक बार फिर दक्षिण के राज्यों ने केंद्र के नीतिगत फैसले पर उत्तर के राज्यों की तुलना में अलग ढंग से प्रतिक्रिया दी।

पिछले कुछ दिनों से मोदी सरकार की सैनिक भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर भी विरोध का सिलसिला मोटे तौर पर उत्तर भारत में ही केंद्रित है। तेलंगाना में कुछ घटनाएं हुईं लेकिन बाद के दिनों में विरोध मोटे तौर पर उत्तर भारत में सीमित रहा। इससे पता चलता है कि कैसे केंद्र की अहम नीतिगत पहलों को लेकर दक्षिण भारत का रुख उत्तर से एकदम अलग है।

पुराने लोग याद करेंगे यह कोई नया रुझान नहीं है। जून 1975 में जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तब भी

दक्षिण भारत के राज्यों का रुख उत्तर के राज्यों से एकदम अलग था। ऐसी तमाम अन्य घटनाएं भी मिलेंगी जहां केंद्र की अहम आर्थिक या राजनीतिक पहलों पर इस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली। परंतु इस सवाल का जवाब आवश्यक है कि दक्षिण भारत की प्रतिक्रिया उत्तर से अलग क्यों रहती है और क्या यह देश के संचालन ढांचे में किसी गहरी खामी की ओर इशारा करता है।

आर्थिक दृष्टि से देखें तो दक्षिण भारत उत्तर और पूर्वी भारत की तुलना में बेहतर गति से विकास कर रहा है। दक्षिण के अधिकांश राज्यों में औसत आबादी वृद्धि उत्तर के राज्यों खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश की तुलना में कम रही है।

इस वजह से दक्षिण के राज्यों की प्रति व्यक्ति आय भी अपेक्षाकृत बेहतर रही।

दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है। अगर 2026 के बाद निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन दोबारा हुआ तो दक्षिण भारत की स्थिति और बिगड़ सकती है। 2002 में हुए संविधान संशोधन के मुताबिक 2026 तक ऐसा किया जाना है। स्पष्ट है कि राष्ट्रीय राजनीति में उत्तर भारत के राज्यों की दावेदारी मजबूत होगी क्योंकि संसद के दोनों सदनों में उनके प्रतिनिधि अधिक होंगे। वहीं दक्षिण के राज्यों की हैसियत कम होगी।

एक राष्ट्रीय दल देश की सरकार चला रहा है लेकिन दक्षिण में उसकी सरकार केवल एक ही अहम राज्य में है। यह तथ्य परेशान करने वाला है और इस बात को रेखांकित करता है कि दक्षिण के राज्यों की चुनावी और राजनीतिक अहमियत कम हो रही है।

उत्तर और दक्षिण भारत की राजनीति में आ रही इस विसंगति का भारत के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। आर्थिक नजरिये से देखा जाए तो देश के दक्षिणी इलाकों के राज्यों का शेष भारत के बढ़ते बाजार में काफी अहम योगदान हो सकता है। लेकिन दक्षिण भारत के राज्यों की घटती राजनीतिक महत्ता वहां के क्षेत्रीय दलों के लिए भावनात्मक मुद्दा हो सकती है। उत्तर भारत के राज्यों की बढ़ती निर्वाचन शक्ति आगे चलकर इसे और

अधिक चुनौती देगी। दक्षिण के राज्य पहले ही वित्त आयोगों द्वारा केंद्रीय संसाधनों के राज्यों के आवंटन में आबादी और विकास मानकों को आधार बनाने का विरोध कर रहे हैं। इन मानकों के चलते उत्तर भारत के राज्यों को केंद्रीय संसाधनों में अपेक्षाकृत अधिक हिस्सा मिल रहा है। दक्षिण भारत के राज्यों को यह भी लगता है कि वे वस्तु एवं सेवा कर के नये ढांचे में भी मात खा रहे हैं। इस व्यवस्था में खपत करने वाले राज्य को अधिक कर मिलने की प्रवृत्ति है जबकि उन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने वाले राज्यों के हिस्से कम कर आता है। दक्षिण भारत के राज्य इस बात को लेकर भी नाराज हो सकते हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार दक्षिण भारत की उत्तर भारत के साथ लगातार बढ़ती इस दूरी पर ध्यान दे। बहुत संभव है कि यह एक अभी शुरू हुई बड़ी समस्या को हल करने के लिए सही समय हो। नीतिगत पहलों तथा सकारात्मक हस्तक्षेपों के माध्यम से इसे जितनी जल्दी हल किया जाएगा, उतना ही अच्छा होगा। यदि ऐसा किया जाता है तो आने वाले दिनों में देश के संचालन ढांचे के लिए बेहतर बात होगी।

## खास बात

### पीएसयू की ताकत बढ़ेगी

**नागेन्द्र सिंह**

सरकारी फर्मों का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 2018-19 में भी बड़ी संख्या में जारी रहने की उम्मीद है। बिजनेस स्टैंडर्ड को मिली जानकारी के मुताबिक सबसे पहले रेल कंपनियों आरआईटीईएस और आईआरएफसी लिमिटेड के आईपीओ मई तक आम लोगों के लिए आ सकते हैं। इसके अलावा दो और रेल पीएसयू आईआरसीओएन और आरवीएनएल के आईपीओ भी बाद में इसी साल आने वाले हैं।

बहरहाल आईआरसीटीसी का आईपीओ लाने की योजना अनिश्चितकाल के लिए टल गई है। न तो रेल मंत्रालय और न ही निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग इसे सार्वजनिक करने के पक्ष में है। 2018-19 का संयुक्त विनिवेश लक्ष्य 800 अरब रुपये है। इस वित्त वर्ष में आने वाले अन्य आईपीओ में मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स, गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स के आईपीओ शामिल हैं। इनके अलावा 3 जनरल इंश्योरेंस पीएसटी का विलय कर एकल इकाई बनाई जोगी और उसके बाद उसे सूचीबद्ध कराए जाने की योजना है। इनमें नैशनल इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस शामिल हैं। दो शिपबिल्डरों का आईपीओ आगामी वित्त वर्ष की पहली छमाही में आने की उम्मीद है।

वरिष्ठ सरकारी सूत्रों के मुताबिक आरआईटीईएस और आईआरएफसी की सूचीबद्धता मई के आखिर के पहले तक होगी और पहले आरआईटीईएस को सूचीबद्ध कराया जाएगा। आरआईटीईएस के आईपीओ में 12 प्रतिशत केंद्र की हिस्सेदारी हो सकती है जबकि आईआरएफसी में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी कम की जाएगी। आरवीएनएल में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी की योजना बनाई गई है।

इसके पहले आईआरएफसी की सूचीबद्धता को लेकर संदेह था। इसकी वजह अलग कर देनदारी का मसला था। बहरहाल कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने अब कंपनी को 63.92 अरब रुपये संचित विलंबित कर देयता से मुक्त कर दिया है, जिसे कंपनी के नेटवर्थ में जोड़ा जाएगा।

# विश्व शांति के लिये योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

दुनिया में मनुष्य आज बहुत अशांत है। उसके मन में शांति नहीं है। इसलिए सर्वत्र हिंसा, आतंकवाद और अशांति का वातावरण है। ऐसे कठिन समय में योग का अनुगमन और अभ्यास विश्वशांति का कारण बन सकता है। मनुष्य का अगर अपने मन पर नियंत्रण हो। उसे चेतना के तल पर शांति अनुभव हो दुनिया में हो रहे तमाम टकराव टाले जा सकते हैं। वैसे भी कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन-मस्तिष्क निवास करता है। योग जहां आपके तन को शक्ति देता है वहीं जब आप प्राणायाम की ओर बढ़ते हैं तो वह आपके मन का भी समाधान करता है। मन की शांति के लिए आपको जंगलों में जाने की जरूरत नहीं है। योग आपको आपके आवास पर ही अद्भुत शांति का अनुभव देता है। एकाग्र मन और संतुलित सांसें दरअसल बहुत कुछ साध लेती हैं।

योग दिवस के बहाने यह अवसर एक उत्सव में बदल गया है। योग दिवस के मौके पर हर साल कुछ रिकॉर्ड बन रहे हैं। योग को लेकर देश में उत्साह का वातावरण है। हर आयु वर्ग के लोग अब इस गतिविधि में हिस्सा ले रहे हैं। देश के संत समाज और योगियों ने इस अद्भुत ज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयत्न किए हैं।

इसके लोकव्यापीकरण में बाबा रामदेव सबसे चमकदार नाम हैं किंतु उनके अलावा भी विधिध धाराओं से जुड़े संत और धर्मगुरु भी इस विद्या को प्रचारित और प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी तरह देश भर के सामाजिक संगठन, विद्यालय और राज्य सरकारें भी इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रही हैं।

**रक्सौल** नेपाल सीमा से हल्दिया पश्चिम बंगाल के बंदरगाह तक कुल 719 किलोमीटर एक्सप्रेस नेशनल हाइवे बनाने की स्वीकृति मिली। इस 6 लेन के रोड से देवघर / संथालपरगना के लोग केवल 3 घंटे में पटना तथा 3 घंटे में कोलकाता पहुँचेंगे। इस योजना की कुल लागत लगभग 60 हजार करोड़ है।

**– निशीकांत दूबे, सांसद गोड्डा**

## आपके ट्वीट

4 साल के ठेके पर 'अग्निवीर' लाकर, भाजपा ने लाखों युवाओं के देश सेवा के सपने को तोड़ा है। इन आंसुओं से ऐसा सैलाब उठेगा, जो प्रधानमंत्री के सत्ता के घमंड को तोड़ कर रख देगा।

**– राहुल गांधी, सांसद**





सुधारों को लागू करने में मध्य प्रदेश की सक्रियता देखकर अच्छा लगा। इससे जहां लोगों को बहुत मदद मिलेगी, वहीं राज्य का भी तेजी से विकास होगा।

**– नरेन्द्र मोदी**

# योग शारीरिक और मानसिक रोगों से बचाती है

**जगदीश सिंह अमृत**

## योग

महामारी ने मानव जीवन को काफी नुकसान पहुंचाया है और जन-स्वास्थ्य के लिए अभूतपूर्व चुनौतियां पैदा की हैं। अभी जो स्थिति बनी हुई है, उसके कारण हम सभी अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं और हमें लगातार संक्रमण के खतरे का डर सता रहा है और इसलिए हमारी चिंता भी बढ़ती जा रही है। इतने लंबे समय तक एक जगह बंधकर रहने की स्थिति ने अन्य शारीरिक बीमारियों के लिए ईंधन का काम किया है और हमारे मानसिक तनाव और चिंता में वृद्धि की है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न हुए इस संकट ने प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व को रेखांकित किया है। वर्ष 2014 में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस प्रस्ताव के रखे जाने के बाद, इसे संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों द्वारा 90 दिनों से भी कम समय में लागू किया गया और दूसरा कारण यह कि इसके सह-प्रायोजक के रूप में 177 राष्ट्र शामिल हुए थे जो किसी भी आम सभा के प्रस्ताव के लिए अब तक की सबसे अधिक संख्या है। कोरोना काल में योग को आत्मसात करने का वक्त योग की प्रथाओं और अवधारणाओं की उत्पत्ति भारत में हमारी प्राचीन सभ्यता की शुरूआत के साथ हुई थी। यह सर्वाधिक आश्चर्यजनक अभ्यासों में से एक है जो मन, आत्मा और शरीर को सुव्यवस्थित करता है और मन की शुद्धता चाहने वालों के लिए पारितोषिक का काम करता है। योग उन व्यक्तियों के लिए एक आवश्यक उपकरण की तरह है जो दैनिक जीवन में तनाव का सामना कर रहे हैं और साथ ही, अपनी गतिशीलता को सुधारने और अन्य शारीरिक व्याधियों को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। कोविड-19 ने मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट पैदा कर दिया है। इस महामारी ने मानव जीवन को काफी नुकसान पहुंचाया है और जन-स्वास्थ्य के लिए अभूतपूर्व चुनौतियां पैदा की हैं। अभी जो स्थिति बनी हुई है, उसके कारण हम सभी अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं और हमें लगातार संक्रमण के खतरे का डर सता रहा है और इसलिए हमारी चिंता भी बढ़ती जा रही है। इतने लंबे समय तक एक जगह बंधकर रहने की स्थिति ने हमारी अन्य शारीरिक बीमारियों के लिए ईंधन का काम किया है और हमारे मानसिक तनाव और चिंता में वृद्धि की है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न हुए इस संकट ने प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के और इसलिए एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व को रेखांकित किया है। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में योग की प्रभावशीलता कई अध्ययनों से साबित हो चुकी है। योग शारीरिक व्यायाम, सांस लेने के अभ्यास और एकाग्रता की बेहतरी का एक संयोजन है जिससे शरीर और दिमाग सुदृढ़ बनते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। योग आसन कई प्रकार के हैं, जिनमें शवासन और शसाकासन से तनाव कम होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास से हमारा श्वसन तंत्र मजबूत बनता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। त्रिकोणासन से रक्त के संचरण में सुधार होता है और सभी अंगों का इष्टतम कामकाज सुनिश्चित होता है, इसलिए योग का अभ्यास न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है बल्कि यह मानव शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। कोविड-19 के हल्के लक्षणों वाले जिन रोगियों को घर पर पृथकवास में रहने की सलाह दी गई है, उन्हें इस घातक वायरस से लड़ने के लिए योग-आसन और सांस लेने का व्यायाम करना चाहिए। चूंकि यह वायरस सीधे फेफड़ों पर असर डालता है, इसलिए श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### राष्ट्रहित में सोचें

**भाजपा** जिस उम्मीद से चुनाव लड़ी थी वह अपने लक्ष्य से कोसों दूर रह गई। फिर भी जनता ने उसके कामकाज को देखते हुए उसे इतना तो संबल दे ही दिया कि वह जनता से अपने वादे पूरे कर सके। भाजपा को साझा कार्यक्रम पर चलना होगा। सहयोगी दल भी स्वहित छोड़कर राष्ट्रहित को साधें तो यह गठबंधन के सभी दलों के लिए अनुकूल होगा।

**–अमृतलाल, हजारीबाग**

### संयम जरूरी

**फिलहाल** मोदी सरकार के साथ दो बड़े घटक दल ही हैं। इनका रवैया कैसा रहेगा और मोदीजी या बीजेपी कैसे तालमेल बिठाएंगे, यह तो समय बताएगा। इन दलों के नीति और सिद्धांत में अंतर के साथ जनता से किए वादों में भिन्नता है। बावजूद इसके देश हित के मामलों में सरकार में सम्मिलित घटक दलों द्वारा सरकार से सहयोग करना जरूरी है।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

# बिजली बने लेकिन पर्यावरण और पेड़ों को नुकसान न हो



**मनोज शर्मा**

## समस्या

आज सम्पूर्ण विश्व बाढ़, तूफान, सूखा और कोविड जैसी समस्याओं से ग्रसित है। ये समस्याएं कहीं न कहीं मनुष्य द्वारा पर्यावरण में अत्यधिक दखल देने के कारण उत्पन्न हुई दिखती हैं। इस दखल का एक प्रमुख कारण बिजली का उत्पादन है। थर्मल पावर को बनाने के लिए बड़े क्षेत्रों में जंगलों को काट कर कोयले का खनन किया जा रहा है। इससे वनस्पति और पशु प्रभावित हो रहे हैं। जलविद्युत के उत्पादन के लिए नदियों को अवरोधित किया जा रहा है और मछलियों की जीविका दूभर हो रही है। लेकिन मनुष्य को बिजली की आवश्यकता भी है। अक्सर किसी देश के नागरिकों के जीवन स्तर को प्रति व्यक्ति बिजली की खपत से आंका जाता है। अतएव ऐसा रास्ता निकालना है कि हम बिजली का उत्पादन कर सकें और पर्यावरण के दुष्प्रभावों को भी सीमित कर सकें।

अपने देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमें दूसरे देशों से कोयला भारी मात्रा में आयात करना पड़ रहा है। यदि कोयला आयात करके हम अपने जंगलों को बचा भी लें तो आस्ट्रेलिया जैसे निर्यातक देशों में जंगलों के कटने और कोयले के खनन से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होंगे वे हमें भी प्रभावित करेंगे ही। कोयले को जलाने में कार्बन का उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है, जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और तूफान, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाएं उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही हैं। बिजली उत्पादन का दूसरा स्रोत जल विद्युत अथवा हाइड्रोपावर है। इस विधि को एक साफ सुथरी तकनीक कहा जाता है चूंकि इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। थर्मल पावर में एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 900 ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है जबकि जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में जो सीमेंट और लोहा आदि का उपयोग होता है, उसको बनाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन प्रति यूनिट का उत्सर्जन होता है। जलविद्युत में कार्बन उत्सर्जन में शुद्ध कमी 600 ग्राम प्रति यूनिट आती है जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन जलविद्युत बनाने में दूसरे तमाम पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जैसे सुरंग को बनाने में विस्फोट किये जाते हैं, जिससे जलस्रोत सूखते हैं और भूस्खलन होता है। बैराज बनाने से मछलियों का आवागमन बाधित होता और जलीय जैव विविधिता नष्ट होती है। बड़े बांधों में सेडीमेंट जमा हो जाता है और सेडीमेंट के न पहुंचने के कारण गंगासागर जैसे हमारे तटीय क्षेत्र समुद्र की गोद में समाने की दिशा में हैं। पानी को टर्बाइन में माथे जाने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है। इस प्रकार थर्मल और हाइड्रो दोनों ही स्रोतों की पर्यावरणीय समस्या है। सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है और इसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी तुलना में कम हैं। लेकिन सौर ऊर्जा में समस्या यह है कि यह केवल दिन के समय में बनती है। रात में और बरसात के समय बादलों के आने-जाने के कारण इसका उत्पादन अनिश्चित रहता है।

साल दर साल बढ़ती गर्मी गंभीर चेतावनी दे रही है अगर इसी प्रकार से अगंभीर बिजली के उत्पादन का कार्य चलता रहेगा तो पृथ्वी का तापमान दो डिग्री तब बढ़ जायेगी। 1980 में ही यह चेतावनी दी गयी थी लेकिन विकास की होड़ में किसी विकसित देश ने इस मुद्दें को गंभीरता से नहीं लिया। अब पानी सर के उपर जा चुका है। पूरी दुनिया ही नहीं देश में और हिल स्टेशन के रुप में जाने जाने वाले रांची शहर में गर्मी के मौसम में लू चलने लगी है। बरसात साल दर साल कम होती जा रही है। प्रतिकात्मक वृक्षा रोपण हो रहें हैं और विशाल वृक्षों की कटाई तस्करी आज भी जारी है। आने वाली पीढ़ी के लिये एकपर्यावरण एक दर्दनाक अनुभव होगा।

## स्पीड न्यूज

### 25 सूत्री मांग को ले जीएम से वार्ता



कुजू। कोलियरी कर्मचारी संघ ने कुजू क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर सीसीएल महाप्रबंधक को पूर्व में सौंपे गये 25 सूत्री मांग पर शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में वार्ता हुई। वार्ता के दौरान महाप्रबंधक आरके सिन्हा ने सभी बिंदुओं पर निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पूर्व सीसीएल सीकेएस के संयुक्त महामंत्री निर्गुण महतो ने महाप्रबंधक कुजू को अंग वस्त्र एवं संगठन की डायरी दी। ज्ञात हो कि संघ ने 5 जून को कई समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को आवेदन सौंपा था। जिसमें कुजू क्षेत्र के बंद पड़ी पुंडी, आरा, कुजू , पिंडरा परियोजना में उत्पादन कार्य शुरू करने, कामगारों का बकाया पैसा का भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल है। वार्ता में महाप्रबंधक के अलावे एसओपी गिरिशचंद, एसओ सिविल अजीत कुमार, प्रताप रंजन, भूषण यादव, परियोजनाओं के पर्सनल ऑफिसर, क्षेत्रीय सचिव देवेन्द शर्मा, कुजू साइडिंग से सिताराम आदि मौजूद थे।

### पानी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार इमलीगाछ और चीफ हाउस पंचायत में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। पानी की समस्या को ले गुरूवार रात दोनों पंचायतवासियों की इमलीगाछ पंचायत भवन में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय, इमलीगाछ पंचायत की मुखिया चंद्रावती ठाकुर उपस्थित थीं। बैठक में कहा गया कि पांच दिनों से जलापूर्ति ठप है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। लेकिन प्रबंधन मौन है। बैठक में पानी की समस्या के समाधान को लेकर आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मामले को लेकर शुक्रवार को सीसीएल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि दो पंचायत के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन प्रबंधन मौन है जो समझ से परे है। उन्होंने कहा कि पतरातू पाईपलाइन से होने वाला जलापूर्ति चार-पांच दिनों से ठप है। जिसके कारण ग्रामीण परेशान हैं। श्री राम ने कहा कि सुचारू रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो हमलोग चक्का जाम और जीएम ऑफिस का घेराव करेंगे। बैठक में धनु पंडित, जानकी ठाकुर, डब्लू खान, प्रकाश कुमार, पीडी सिंह, जगन्नाथ पासवान, राकेश सिंह, सतीश कुमार, आयूष कुमार, आर्दश सिन्हा, शुभम सिंह, श्याम यादव, उमेश, मालती देवी, मीनू सिन्हा सहित सैंकड़ों महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे।

### रांची में आध्यात्मिक महोत्सव कल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची के मेकॉन कम्युनिटी हॉल श्यामली डोरंडा में 16 जून को विश्व आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में इस महोत्सव में अध्यात्म से विश्व शांति पर चर्चा की जाएगी। महोत्सव के आयोजन में मेकॉन लिमिटेड और रोटरी क्लब रांची के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। चार सत्र में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन सुबह 10 बजे सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक और राम कृष्ण मिशन के स्वामी शशांकानंद करेंगे। पहले सत्र में पैनलिस्ट योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी निश्चलानंद, पतंजलि महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुधा झा, चिन्मय मिशन के ट्रस्टी प्रकाश बगला, ब्रह्मकुमारी संस्था के ब्रम्हा कुमार इंदु के द्वारा वर्तमान समय में हमारे दैनिक जीवन को पूरी तरह से सार्थक और प्रभावी ढंग से जीने के लिए आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिकता का उपयोग करने पर चर्चा की जाएगी। महोत्सव के दूसरे सत्र में युवा और आध्यात्मिकता विषय पर पैनलिस्ट इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास, सहज योग की पूनम लूथरा, राजेन्द्र प्रसाद प्रशिक्षण महाविद्यालय बिहार की डॉ शादमा शाहीन, सिख धर्म के अभ्यासी मेजर जीएस सलूजा, ब्राइटर माइंड रांची की शिप्रा कश्यप अपनी बात रखेंगे। तीसरे सत्र में पारिस्थितिकी और शांति विषय पर पैनलिस्ट चर्चा करेंगे। पैनल में आर्क बिशप फादर विन्सेट आइंद, आर्ट ऑफ लिविंग के राकेश ब्रह्मर, जैनदर्शन के स्वामी अंकित इस्लामिक स्कॉलर डॉ. शाहिद हसन शामिल रहेंगे। अंतिम सत्र में आंतरिक शांति, सद्भाव और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति पर पैनलिस्ट अपनी बातों को रखेंगे। इसके अलावा महोत्सव में गीत, एकल नृत्य, कविता पाठ, भजन की प्रस्तुति की जाएगी।

### पानी को ले प्रतिनिधियों ने बरका सयाल के जीएम को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पानी की समस्या से जझ रहे बुध बाजार इमलीगाछ और चीफ हाउस पंचायत के ग्रामीणों में सीसीएल प्रबंधन के प्रति आक्रोश का माहौल है। लोगों के बीच पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। पांच दिनों से दोनो पंचायत में जलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को ले पंचायत प्रतिनिधियों ने पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम के नेतृत्व में शुक्रवार को बरका-सयाल महा प्रबंधक को मांग पत्र सौंप जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की बात कही। पत्र में कहा गया है कि अगर गिद्दी लाइन से चलने वाला पानी पहले के जैसा नही चालु किया गया तो हम तमाम ग्रामीण शांति पूर्वक रोड जाम कर सीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग बंद करा देंगे। जिसकी सारी जवाबदही सीसीएल प्रबंधन की होगी। जीएम अजय सिंह ने कहा कि हर हाल में ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाया जायेगा। उन्होंने एसओसी को बुलाकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया विकाश पांडेय, इमलीगाछ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जानकी ठाकुर आदि शामिल थे।

## विष्णुगढ़ में सांसद जायसवाल ने मतदाताओं का जताया आभार, कहा

# जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा

**मनीष जायसवाल ने क्षेत्र व देश के चहुंमुखी विकास के लिए महामाया बागेश्वरी माता से लिया आशीर्वाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** भीषण गर्मी और प्रचंड धूप के बावजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच अपने जीत के बाद धन्यवाद यात्रा को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड एवं टाटीझरिया के कई गांवों में आभार जताने निकले।

इसी क्रम में बनासो स्थित मां महामाया बागेश्वरी मंदिर में अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना की। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र व देश के चहुंमुखी विकास के लिए मां महामाया बागेश्वरी माता से आशीर्वाद लिया।

जायसवाल ने कहा कि मैं 10 वर्षों से हजारीबाग सदर का विधायक रहा हूं जिस गति से मैंने सदर विधानसभा के लोगों के लिए सेवाएं किया हूं, आपसब अवगत है। मैं आप सबों को विश्वास दिलाता हूं कि तेज गति से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित रहूंगा। आपने मुझ पर विश्वास कर मुझे सांसद बनाया है, उस पर खरा उतरूंगा । जैसे सदर विधानसभा के लिए उपलब्ध रहता था उसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए भी उपलब्ध रहूंगा।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सुरेंद्रनाथ पांडे, मदन पांडे, राज किशोर पांडे, अमूल्य चंद्र पांडेय, आचार्य पुरेंद्र पांडे, रंजय पांडे, महेंद्र पांडे, प्रदीप कुमार पांडे,कपिल देव पांडे, धर्मेंद्र पांडे, लक्ष्मीकांत पांडे, संतोष पांडे, सच्ची पांडे, शशि भूषण पांडे, अनंत लाल पांडे, सुबोध कुमार पांडे सहितपश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो मधुसूदन प्रसाद, शंभू नाथ पांडे, डोमन गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा आजसू के कार्यकर्ता एवं महिला पुरुष उपस्थित थे।



# सरकारी भवनों में चलेंगे सभी आंगनबाड़ी केंद्र : डीसी

**समाज कल्याण विभाग की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश**



रामगढ़। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2023- 24 में किए गए कार्यों व 2024- 25 में किए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कर रहे आंगनबाड़ी सहिया सेविकाओं को बच्चों का उपस्थित डाटा गलत भरने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जो कि वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में या अन्य भवनों में संचालित हो रहें है उन सभी भवनों का चिन्हित कर नए भवन निर्माण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमे बिजली, चापानल एवं शौचालय नही है में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए नई ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के क्रय हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने व बच्चों के साथ लोगो को भी बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

### सभी पंचायत भवन में खुलेगा ज्ञान केंद्र

**बरही।** पंचायती राज योजना के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायत में ज्ञान केंद्र स्थापित किया जाना है। बीडीओ सी आर इंदीवार ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र पंचायत सचिवालय के कमरे में ही संचालित किया जाएगा। जिसमें दो कंप्यूटर, किताबें, बेंच, डेस्क आदि सहित सभी सुविधाओ से लैश पढ़ने के सभी साधन मौजूद रहेंगे। जो सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक संचालित होगा, जहां पंचायत के विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। ज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गांव में ही पढ़ाई के संसाधन उपलब्ध करवाना है। जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में धनवार, करियातपुर, रानीचुआ, बरही पूर्वी, कोल्हूआ कला, खोड़ाहर, केदारुत सहित कुल आठ पंचायतों में ज्ञान केंद्र खोले जा रहे है। इसके लिए पंचायत प्रधान को सभी समान उपलब्ध करवाया जा चुका है।पंचायत के विद्यार्थी इस केंद्र का अधिकाधिक लाभ लें। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य सरकार ने राज्य में ज्ञान केंद्र के लिए 2,015, 47 करोड़ का प्रावधान किया था।

### रामगढ़ सैन्य अस्पताल ने लगाया रक्तदान शिविर



**रामगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने और रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सैन्य अस्पताल रामगढ़ ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाया। इस रक्तदान शिविर की लोगों ने खूब सराहना की। वहीं, शिविर में बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 123 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिससे 369 लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने वालों में 115 सेवा कर्मी, 6 महिलाएं और 2 नागरिक कर्मचारी शामिल थे। जिन्होंने इस शिविर में रक्तदान कर अपनी उदारता से योगदान दिया। स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर एससी कंडपाल ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विवेक उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक रक्तदान किसी के जीवन में गहरा अंतर ला सकता है और आज लोगों द्वारा दिखायी गयी उदारता वास्तव में प्रेरणादायक है। शिविर के सफल आयोजन में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक के सदस्यों अहम योगदान दिया।

### ई ग्राम स्वराज को ले बीडीओ ने की बैठक

बरही। ई-ग्राम स्वराज परियोजना को पंचायत सचिवालय से पूर्णतया सक्रिय करने के उद्देश्य से बीडीओ सी आर इंदवार ने की बैठक। बैठक में कई मुखिया, सचिव और शिफ्टेड वीएलई शामिल हुए। बीडीओ ने सभी लोगों को आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत सचिवालय को पूर्णतः सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत मुख्यालय को कार्यालय अवधि के दौरान खोलने के साथ पंचायत के सभी कार्य पंचायत सचिवालय से ही करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत स्तरीय सभी भुगतान पंचायत सचिवालय से ही करने की बात कही। बीडीओ ने बताया कि शीघ्र ही सभी पंचायत सचिवों का रोस्टर जारी कर पंचायत मुख्यालय में बैठने के दिन निर्धारित कर दिया जायेगा। समन्वयक ने बताया कि सभी पंचायत को जेम पोर्टल का प्राइमरी और सेकंडरी यूजर आईडी और पासवर्ड होना अनिवार्य है। बैठक में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, बेंदगी मुखिया सिकंदर कुमार राणा, रसोईया धमना मुखिया गोविंद प्रसाद, कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, करियारपुर मुखिया मनोज कुमार, बसरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सहित पंचायत सचिव प्रभु दयाल, ललिता कुमारी, जितेंद्र साव, मोती सिंह प्रभात कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।

### बजाज एग्री सीड्स कंपनी ने एमडीओ से काम करवाकर नही दिया वेतन

**हजारीबाग ।** हजारीबाग और कोडरमा जिला क्षेत्र में हैदराबाद से बजाज एग्री सीड्स कंपनी व्यवसाय कर रही है। जो किसानों और बीज दुकानदारों को मक्का,भेजीटेबल (सब्जी ) धान के बीज बजाज इअर 37 गोल्ड,बजाज इअर 4068 ,बजाज इअर विजेता, मुहैया कराती है। जिसका हजारीबाग ट्रेटरी मैनेजर सिकंदर सिंह है जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ाने के लिए मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर के पद पर संदीप पांडेय झरपो टाटीझरिया से 22/4/2024 को कंपनी में ज्वाइनिंग करवा कर कार्य स्थल बीज के थोक विक्रेता (डिस्टीब्यूटर) लव केश प्रसाद विज्जैया , डिस्टीब्यूटर इचाक मोर बिनोद प्रसाद मेहता,और बीज के थोक विक्रेता (डिस्टीब्यूटर) बनासो के वाहिद अंसारी तीनों के व्यापार क्षेत्र में एक महीना दस दिन काम करवाने के बाद कर्मी द्वारा मासिक शुल्क वेतन मांगने पर नहीं दिया गया । संदीप ने जब टीम मैनेजर जितेंद्र सिंह से वेतन की मांग किया तो वे कहते हैं कि जेडएसएम रमन सर से बात करिए और जब जेडएसएम रमन से कर्मी ने बात करना चाहा तीन चार कॉल भी अलग अलग समय में लगाया तो उन्होंने फोन भी रिसीव नहीं किया तब कर्मी संदीप ने टीम मैनेजर और जेडएसएम दोनों के पास वाट्स एप मैसेज कर वेतन देने के लिए आग्रह किया । तो जेड एस ने कहा टीम मैनेजर से मांगिए और टीम मैनेजर कहता है जेडएसएम से ही वेतन मांगिए। ऐसे में क्षेत्र में कार्य किया हुआ कर्मी ने विवश होकर बीज दुकानदारो वा किसानो की सहायता से आवेदन लिख कंपनी में कार्य किया हुआ वेतन के लिए लेबर कोर्ट में साक्ष्य सहित न्याय गुहार लगाने की बात कही है। सबंधित घटना की जानकारी डिस्टीब्यूटर लवकेश प्रसाद को क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मी संदीप द्वारा दिया जा चुका है उन्होंने आश्वासन दिया की मैं जल्द ही समस्या समाधान करवाने का प्रयास करूंगा।

# सामाजिक दायित्व निभाता रहेगा गुरूद्वारा प्रबंधन : रंधावा

- **आइरिस सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल भुरकुंडा गुरुद्वारा में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर**
- **100 लोगों ने कराया जांच और ऑपरेशन के लिए बुलाया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल नई सराय रामगढ़ के सौजन्य से शुक्रवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। शविर में रेटीना सर्जन डॉ. नवनीत चतुर्वेदी के देखरेख में मनीष कुमार, मुकुल मिश्रा, नैना सागर व उमर फारूक द्वारा लगभग 100 लोगों का मोतियाबिंद, रेटीना, विजन (निकट एवं दूर दृष्टि दोष) से संबंधित आंखों की जांच की गई। साथ ही शिविर में पाये गये मरीजों को उचित परामर्श देते हुए डॉ. नवनीत चतुर्वेदी ने कहा कि नेत्र शरीर का अनमोल रत्न है, आंखों में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो चिकित्सकों से जरूर मिलें। उन्होंने बताया कि शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों का आयुष्मान कार्ड के सहारे निःशुल्क ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्योरोपण किया जायेगा। इच्छुक मरीज आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल नई सराय रामगढ़ में इसका लाभ उठा सकते हैं। रंधावा ने कहा कि गुरूद्वारा प्रबंधन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को भी ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को गुरूद्वारा प्रबंधन स्वास्थ्स लाभ दिलाता रहेगा। मौके पर परमजीत सिंह धामी, सरोज कांत झा, अजय गोयल, रॉबीन मुखर्जी, प्रधान लाल सिंह रंधावा, प्रवीण बाउरी, अजय सिंह, सहित दर्जनो लोग मौजूद थें। शिविर को सफल बनाने में गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, जसपाल सिंह, रिन्कु धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रित सिंह, संदीप सिंह, गुसदीप सिंह रंधावा, सोनू सोनू सिंह, सिंह, पीयूष सिंह, अग्रज सिंह, वशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, उत्तम, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, ज्या कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सस्वजीत कौर, पूनम कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### भू-रैयतों ने एनटीपीसी को सौंपा मांगपत्र



**केरेडारी।** भू-रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के द्वारा एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन को एक मांगपत्र सौंपा गया है। मांगपत्र में भू रैयतों की बनी कमिटी को एनटीपीसी से मान्यता देने,कोयले की ट्रांसपोर्टिंग सड़क के निर्माण में जमीन दाताओं को एनटीपीसी से रोजगार उपलब्ध कराने,समय समय पर पानी के छिड़काव,ट्रांसपोर्टिंग के दौरान होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में मुवाबजे की राशि का निर्धारण करने की मांग की गई हैं!वहीँ ट्रांसपोर्टिंग सड़क में रोजगार से जुड़े गए भू रैयतों को मानदेय की राशि सुनिश्चित की जाय व ट्रांसपोर्टिंग सड़क से स्थानीय भू रैयतों को मेडिकल एवं स्वास्थ्य सम्बंधित जांच समय समय करवाया जाय! इसके साथ ही पुरे पंचायत का समुचित विकास कराया जाय! मांगपत्र मिलने के बाद एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन ने कहा की भू रैयतों की मांग जायज है व इनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा! मौके पर रामेश्वर साव,मो मनोवर,चन्दन कुमार,रितेश कुमार,बिजेंद्र यादव,बिकाश कुमार,ईश्वर यादव,आलम अंसारी,आशिक अंसारी,इदरीश अंसारी,चन्दन कुमार,कृष्णा कुमार,मो सरफराज,सुनील कुमार,राजेश कुमार साव,बिनोद साव,राजकुमार साहू,सुनील कुमार,आशा देवी,शांति कुमारी,जानकी साव .पूनम देवी,दयाल साव,सिटन साव,चौहन साव,रीता देवी,अनीता देवी सहित भू रैयत मौजूद थे।

### फुसरी में लू से सीसीएल कर्मी की मौत

**चैरही ।** बहेरा पंचायत के फुसरी निवासी चुटन मांझी पिता रतिया मांझी (50 वर्ष) को गुरुवार को लू लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मी चुटन मांझी दोपहर नदी को नहाने के बाद घर झरना टोला गया था। खाना खाने के बाद आराम करने के लिए कमरा में जाकर सो गए। परिजन जब घर की सफाई करने के दौरान करीब शाम चार बजे चुटन मांझी को उठाने लगे, लेकिन नहीं उठा।घरवालों ने उसके चेहरे पर पानी छिटकर उठाने का प्रयास करने लगे। नहीं उठने पर घरवालों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। सभी सदस्य जुटे और उसके बाद देखा कि चुटन मांझी की सांसे बंद थी।बताया गया कि उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। मांझी तापिन नॉर्थ परियोजना में केबुल माईन के पद पर कार्यरत थे।

### खंभवा में बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**टाटीझरिया।** खंभवा में पिछले एक सप्ताह से बिजली ट्रांसफार्मर जला हुआ था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल को इसकी सूचना दी गई। उन्होंने दो दिन के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, पंसस राजेश यादव,मिथिलेश पाठक, राजू यादव ने फीता काटकर,नारियल फोड़कर बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर शंकर प्रजापति, किशुन प्रजापति,बृज किशोर सिंह ,अपूर्व रंजन सिंह,रविंद्र सिंह ,मुकेश कुमार सिंह ,नितेश सिंह,परीक्षित सिंह ,पप्पू प्रशांत ,आकाश कुमार सिंह,राहुल कुमार सिंह ,संदीप कुमार सिंह ,बालेश्वर मंडल, बिंदु देवी,जीतन महतो ,जागो मिस्त्री समेत अन्य उपस्थित थे।

१४ है पी २ : उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

### महिलाओं को महुआ से लड्डू बनाने की दी गयी ट्रेनिंग



**कटकमदाग।** बानादाग हाई स्कूल परिसर में जैविक खेती के माध्यम से आय वृद्धि महिला किसान समूह के क्लस्टर स्तरीय कौशल विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन इंद्र नारायण कुशवाहा ने किया। कुशवाहा ने कहा कि आज जहां महुआ से बने चीजों के प्रति लोगों में नकारात्मक सोच को इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं में सकारात्मक सोच उत्पन्न होगा, साथ ही यह जागरूकता के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा। महुवा का लड्डू कई मामले में खास कर महिलाओं के लिए लाभकारी है, इससे खून की कमी दूर करता है,दांतों का दर्द दूर करता है,कमजोरी दूर करते हुए शरीर में स्फूर्ति लाता है । मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार मौर्य ने महिलाओं को बहुत ही बारीकी से महुआ, मडुवा ,मकई एवं जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रकार महिलाएं काफी अहलादित एवं प्रशिक्षक मंडल को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया। इस मौके पर अंशु राज मौर्य महेंद्र प्रसाद सुमित्रा देवी अनीता देवी गीता देवी लीलावती देवी शकुंतला देवी के अलावे सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन बच्चे घायल

चरही। चरही घाटी के समीप हनुमान मंदिर के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।जबकि तीन बच्चों को मामूली चोटें आई है।घायल महिला को इलाज के मांडू अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9.30 बजे स्कूटी सवार महिला अपने तीन बच्चों के साथ आगे चल रही थी।इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही अनियंत्रित बारह चक्का ट्रक जिसका नंबर एपी31टीएन/1259 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।स्कूटी सवार महिला रामगढ़ निवासी प्रतिमा कुमारी( 28 वर्ष )पति सुनील कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चरही थाना को दिया।पुलिस मौके पर घटनास्थल पहुंचकर घायल महिला को सड़क से उठाकर मांडू अस्पताल ले जाने लगी।रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।जबकि तीनों बच्चों की मामुली चोटें लगी है।जिसे इलाज कराकर महिला के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।ग्रामीणों ने चालक और उपचालक सहित ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।आंध्रप्रदेश निवासी चालक नरसिह राव और उपचालक सातो को गिरफ्तार करते हुए ट्रक को जब्त कर चरही थाना परिसर लाया गया।पुलिस ने सरकारी प्रक्रिया को पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग भेज दिया।

### ज्ञान यज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

**बरही।** प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत पोड़ैया गांव में पांच दिवसीय श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य रूप से शामिल हुए। विधायक श्री अकेला ने महिला को कलश देकर विदा किया। मौके पर महेंद्र यादव, संगीता देवी, सुरेंद्र यादव, कविता देवी, भुनेश्वर यादव, मालती देवी के सौजन्य से किया जा रहा है। कलश यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, अशोक सिंह, उपमुखिया अशोक राणा, गोविंद यादव, जगदीश सिंह सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है सरकार : रंजीत चंद्रवंशी

**बरही।** सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले हजारीबाग के अमन बाबा की गिरफ़्तारी पर भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंशी ने चंपाई सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चंपई सरकार तुष्टिकरण नीति अपना कर अमन को गिरफ़्तार किया है। कांग्रेस जेएमएम और राजद की सरकार पूरे प्रदेश में तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है। बहुसंख्यक समाज पर लगातार हमला हो रहा है। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले पर हमले हो रहे हैं और सरकार मौन धारण कर रखी है।

स्पीड न्यूज

## जुलाई से सितंबर माह तक चलेगा बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने तथा इसके लिए जुलाई माह में शुरु होने वाले व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन जुझार माझी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी एमओआईसी समेत अन्य स्टेक होल्डर बैठक में उपस्थित रहे वहीं सभी बीडीओ वीडियो कन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक में व्यस्क बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि टीबी मरीजों की पहचान करने एवं उन्हें टीबी रोग से बचाव हेतु बीसीजी टीका दिया जाना है इसके लिए जिले के अलग-अलग संभावित क्षेत्र जहां वर्तमान में टीबी मरीज इलाजरत हैं अथवा उन क्षेत्रों जहां लोगों के टीबी रोग से पीड़ित होने की संभावना है को चिन्हित कर वृहद रूप से सर्वे किया जाना है। सर्वे के उपरांत चिन्हित व्यक्तियों को 1 जुलाई से बीसीजी का टीका दिया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि भारत में जन्म के समय या जीवन के पहले साल के भीतर बच्चों को बीसीजी दी जाती है। यही टीका व्यस्कों को लगाया जाएगा, उन्होंने हेड काउंट सर्वे पर बल देते हुए पंचायत जनप्रतिनिधियों की ओर से हरसंभव सहयोग को लेकर आश्वस्त किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में टीबी का इलाज संभव है, वहीं सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क दवाईयां भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद जागरूकता के अभाव में कुछ लोग टीबी से ग्रसित होने के बाद स्वास्थ्य केन्द्र तक नहीं पहुंच पाते जिन्हें चिन्हित करना उद्देश्य है। उन्होंने सर्वे पर विशेष बल देते हुए बताया कि ब्लक टास्क फोर्स की बैठक में भी टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर पूरी रूपरेखा बना लें। सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभागों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले सर्वे में अपना योगदान देते हुए गंभीरता पूर्वक कार्यों की निगरानी करने तथा सफलतापूर्वक सर्वे संपन्न कर 18 वर्ष से अधिक आयु के वैसे सभी व्यक्ति जिन्हें टीबी होने की संभावना हो अथवा उनमें किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे चिन्हित करने का निर्देश दिया। 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत 18 साल से अधिक उम्र के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पहले टीबी की बीमारी हुई हो, टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 60 साल और उससे अधिक के बुजुर्ग, कुपोषित व्यस्क, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति तथा मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। मधुमेह रोग से पीड़ित व्यक्ति जिनका बडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 18 से कम हो, वैसे व्यक्ति जिन्होंने विगत 5 वर्षों में अपना टीबी का इलाज कराया हो तथा वर्तमान में स्वस्थ हों उन्हें बीसीजी का टीका लगाया जाएगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कल राजनगर में परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे सीएम चंपई सोरेन

## सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में सरायकेला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के 16 जून 2024 को राजनगर प्रखंड अंतर्गत फुटबल मैदान मतकामबेडा में उद्घाटन शिलान्यास -सह- परिसम्पति वितरण कार्यक्रम में आगमन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मुख्य रुप से उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में उपायुक्त द्वारा राजनगर प्रखंड अंतर्गत फुटबल मैदान मतकामबेडा में आयोजित होने वाले शिलान्यास-उद्घाटन -सह- परिसम्पति वितरण कार्यक्रम की रुप-रेखा को लेकर बिंदुवार चर्चा किया।


इसके पाश्चात्य उपायुक्त नें विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के आवागमन, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, वाहन पार्किंग, यातायात परिचालन, अग्निशमन दल एवं चिकित्सा दल को उपस्थिति तथा समुचित मात्रा में पेयजल एवं विधुत आपूर्ति समेत विभिन्न तैयारियों को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए सम्बन्धित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक करते सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला। साथ में प्रशिक्षु आइएएस कुमार रजत।

# देश के प्राइवेट स्कूलों के लिए गठन हो स्पेशल टास्क फोर्स

सामाजिक कार्यकर्ता हरि सिंह राजपूत ने पीएम को भेजा पत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था वइस अफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के माध्यम से देशभर में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने और दिन पर दिन महंगी होते जा रही स्कूली शिक्षा पर नियंत्रण करने का निवेदन किया है। हरि ने पी एम ओ को पत्र के माध्यम से अपनी बात रखते हुए लिखा की देश भर के करोड़ों गरीब और मध्यम परिवार के लोग दिन पर दिन कर्ज की बोझ से दब रहे है, जिसका मूल्य कारण है बढ़ती महंगाई के साथ स्कूलों की मनमानी फीस और मोनोपली। शिक्षा हर एक नागरिक का अधिकार है मगर अब शिक्षा एक व्यवपार बन चुका है, जिससे वे लोग,जो सक्षम है वे अपने बच्चों को अच्छे शिक्षण संस्थानों और स्कूलों में पढ़ा पा रहे है मगर आज भी गरीब और मध्यम परिवार के बच्चों को अच्छे स्कूलों में गुणवता शिक्षा नही मिल पा रही है।

# तीन माह से बीबी लापता, दो बच्चों के साथ रेल से कट कर मरा पति

## गोविंदपुर रेलवे हाल्ट के समीप दर्दनाक हादसा

लालटू अवसाद में चल रहा था, वह ठेका मजदूरों में काम करता था, बच्चों की देखरेख करना और फिर पत्नी का गम अलग से था

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** पारिवारिक कलह से उपजे अवसाद से शुक्रवार को एक और परिवार तबाह हो गया। पोटका के शंकरदा गांव का रहने वाला 30 वर्षीय नौजवान लालटू गोप अपने दो मासूम बच्चों के साथ गोविंदपुर रेलवे हाट से 300 मीटर की दूरी पर रेल के नीचे आकर जान दे दी। तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

लालटू और 4 साल की बेटी लक्ष्मी गोप और दो साल का बेटा अंकित गोप का शव गोविंदपुर पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने तीनों शव की पहचान कर ली है। आत्महत्या को लेकर जो कहानी सामने आयी है, वह काफी दुखद है। मृतक लालटू गोप की पत्नी करीब तीन माह से अपने बच्चों को छोड़कर लापता है। वह गोविंदपुर में ही अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ रहता था। तीन माह से बच्चों को छोड़कर उनकी पत्नी लापता हो गयी है जिससे लालटू अवसाद में चल रहा था। वह ठेका मजदूरों में काम करता था। बच्चों की देखरेख करना और फिर पत्नी का गम अलग से था। सामाजिक प्रताड़ना से तंग भी था। इसी से उब कर उसने ट्रेन के नीच आकर बच्चों के साथ जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि लालटू की शादी वर्ष 2016 में हुई थी। शादी के बाद से नौकरी करने के लिए वह गोविंदपुर में मकान लेकर भाड़े में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। पोटका के शंकरदा गांव में उसकी मांज्योत्सना और दो बहने भी रहती है। इस घटना की सूचना उनको लोगों से मिली तो उन्होंने आकर तीनों परिजनों की शव की पहचान कर ली।

## रोजो संक्रांतिक के अवसर पर सोपोडेरा मे संपन्न हुआ ग्राम पूजा

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को रोजो संक्रांति के अवसर पर मुखी समाज सोपोडेरा के द्वारा ग्राम वासियों की खुशवाली और समृद्धि के लिए ग्राम पूजा किया गया। ऐसी मान्यता है कि इस पूजन से इंद्रदेव खुश होते हैं और क्षेत्र में वर्षा होती है। पूजा में ग्राम देवता को फल फूल की प्रसादी के साथ लाल एवं सफेद मुर्गा की बलि दी जाती है। इसके साथ-साथ ग्राम वासियों के द्वारा बकरे की भी बलि देने की प्रथा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के पुजारी (देवरी) हीरालाल करवा, समाज के संरक्षक पी के करवा, मंगल मुखी, राममुखी, रमाकांत करवा, बुद्धेश्वर करवा, बबलू करवा, मंगल करवा,यीशु करवा, नवीन करवा, राज मुखी, राहुल करवा, गिरीश करवा, रघु करवा, कालिया मुखी, विमल करवा, गोरा करवा, राधेश्याम करवा, जनता करवा, हबलु करवा, पितांम्म करवा, प्रेम सागर करवा आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## नीमडीह : हाथी ने एक व्यक्ति को किया घायल



**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के चांडिल वन क्षेत्र के अधीन पुरियारा गांव में जंगली हाथी की चपेट में आने से पुरियारा गांव निवासी जुरगु गोप घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जुरगु गोप अहले शौच के लिए निकला था इसी दौरान जंगली हाथी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मी राणा महतो एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा पहुंचे। घायल का ईलाज नीमडीह सीएचसी में कराया गया तथा बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया। रेंजर मेनेजर मृधा ने बताया कि वन विभाग की ओर से पीड़ित को तत्काल ईलाज हेतु पांच हजार रुपए दिया गया तथा नियम अनुसार कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## मायुमं सुरभि शाखा का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस एवं फादर्स डे के अवसर पर शनिवार 15 जून को रक्तदान शिविर सह सशक्त संबल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साकची रेडक्रस भवन में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु अपने पिता के साथ आने वाले पुत्र, पुत्री और वधू को भी सम्मानित किया जायेगा। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चलेगा। इसका उद्घाटन सह सम्मान समारोह प्रातः 1130 बजे होगा। यह जानकारी सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने दी। सुरभि शाखा सचिव पूजा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल ने रक्तदाताओं से रक्तदान करने हेतु अवश्य आने का आग्रह किया है। साथ ही सम्मान समारोह सह उद्घाटन सत्र में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शाखा की महिलाओं का मनोबल बढ़ाने का अनुरोध किया है।

# कुलदीप सिंह गिल बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी के नये प्रधान बने

## इलाके की संगत ने फैसला लिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** श्री गुरु नानक सभा बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए प्रधान सरदार कुलदीप सिंह गिल बनाए गए हैं। इलाके की संगत ने पिछले कई महीनों से व्याप्त उहापोह की स्थिति को आषाढ़ महीने की संग्रांद में खत्म कर दिया। शुक्रवार को ग्यारह बजे इलाके की एक सौ से ज्यादा संख्या में संगत गुरुद्वारा में जुटी।

संगत ने कमेटी की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर गिल प्रधान कुलविंदर सिंह को गुरुद्वारा में तलब किया। कुलविंदर सिंह ने उड़ीसा में होने का हवाला दिया और संगत के हुक्म से बच्चे कमलजीत कौर पूर्व अध्यक्ष सरदार करतार सिंह एवं अन्य पदधारी श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में उपस्थित हुए। यहां संगत ने पिछले 8 महीने से गुरुद्वारा कमेटी में आपसी फूट के कारण विकास के कामों का नहीं होने का हवाला दिया। संगत की ओर से कहा गया कि सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से बार-बार समाधान का निवेदन भी किया गया और हर मामले में उनकी और हाथ फैलाना पड़ रहा था। ऐसे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की उपस्थिति में नया प्रधान चुना जाना चाहिए। जो पक्ष विपक्ष नहीं कर इलाके की संगत को समान रूप से लेकर चले और गुरु घर की मर्यादा आदर्श को बढ़ावा दे। बाबा निरंजन सिंह नई कमेटी बनाने की अरदास की। पिछले कई सालों से विभिन्न कमेटी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे एवं धर्म प्रचार अकाली दल से सम्बन्धित सरदार कुलदीप सिंह गिल के नाम पर सहमति बनी और उनके नाम का प्रस्ताव दिया गया और संगत ने, जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, जयकारा लगाकर अपनी परवानगी दे दी। बाबा जी ने पुनः नई कमेटी एवं इलाके की संगत पर पा करने की अरदास वाहेगुरु से की। नए प्रधान कुलदीप सिंह गिल ने संगत को आश्वस्त किया कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और गुरु घर के रुके हुए कामों को पूरा करेंगे। इधर संगत ने एकस्वर में कहा कि पुराने प्रधान कुलविंदर सिंह नए प्रधान को एक सप्ताह के भीतर चार्ज दे दें, इस बार संगत का फैसला उन्हें परवान करना होगा। कुलदीप सिंह गिल गुटबाजी से ऊपर रहे हैं और उन्हें समान रूप से तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह और चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह का नजदीकी माना जाता है।

## कदमा में जोहार हाट का जून 2024 संस्करण शुरू




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की पहल जोहार हाट का जून 2024 का आयोजन आज प्रकृति विहार, कदमा, जमशेदपुर में शुरू हुआ। इस महीने के जोहार हाट में 3 राज्यों से 5 अलग-अलग जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 से अधिक उद्यमी भाग लेंगे। जोहार हाट का यह संस्करण 5 जून को मनाए गए विश्व पर्यावरण दिवस के अनुरूप सस्टेनेबिलिटी की थीम पर आधारित है। सप्ताह भर चलने वाली इस प्रदर्शनी में रचनात्मकता, पारंपरिक तकनीकों औरसस्टेनेबल सामग्रियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हस्तशिल्प प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में बेंत शिल्प बनाने पर कार्यशालाएं और आदिवासी परिधान पर एक सत्र भी आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान आदिवासी व्यंजन भी परोसे जाएंगे और इस मौसम में गर्मी से राहत दिलानेवाले व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी ने लगाया रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 14 जून को रेड क्रस भवन डीसी रोड में आयोजित किया गया, जिसमे कुल 153 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनन्या मित्तल, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम और विजय आनंद मुनका,अध्यक्ष सिंहभूम चौम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व को जन जन तक पहुंचाना,रक्तदान करने के लिए लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। मंच रक्तदाताओं और सदस्यों का धन्यवाद करता है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष मोहित मुनका, नंद किशोर अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ सोनथलिया, उपाध्यक्ष अनंत मोहंका, रक्तदान संयोजक योगेश अग्रवाल सदस्य सचिन भारतीय, रमेश अग्रवाल, दीपक पटवारी, अजय मनका, संदीप अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अवशेष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पंकज अगिवाल आदि उपस्थित थे।

### आजसू के विधायक मंगल कालिंदी ने किया खेला

## बोड़ाम जिला पार्षद गीतांजलि व अध्यक्ष मानिक झामुमो में शामिल




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आजसू पार्टी के नेता बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष मानिक महतो और आजसू पार्टी महिला मोर्चा की केंद्रीय सचिव और बोड़ाम जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में रांची पहुंच कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में महासचिव विनोद पांडे के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

## बिष्टुपुर में लगायी छबील, बांटे चना-शर्बत



**जमशेदपुर।** गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहादत दिवस पर शुक्रवार को परनीत इलेक्ट्रनिक्स की इकाई मिस्टर मोबाइल के संचालक सतिंदर सिंह बंटी एवं उनके परिवार की ओर से आज बिष्टुपुर कमानी सेंटर के समीप एलआईसी बिल्डिंग स्थित अपनी दुकान के समीप छबील लगाई गई। इस दौरान राहगीरों ने चना, शर्बत व हलुआ प्रसादस्वरूप बांटा गया।इसके पूर्व गुरुद्वारा कमिटी के पदाधिकारी व समाज के कई गणयमान्यों ने सामूहिक अरदास (प्रार्थना) कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। पूर्वाह्न 11 बजे से वितरण शुरु हुआ, जो लगभग अपराह्न 330 बजे तक चला, जिसमें हजारों लोगों ने इसे ग्रहण किया। इस अवसर पर बंटी के परिजनों में अमनदीप कौर, तान्या कौर, परनीत सिंह ने भी सहयोग किया। इस मौके पर साकची गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष निशान सिंह, साकची, बिष्टुपुर व सीतारामडेरा गुरुद्वारा कमिटी के पदाधिकारी, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, पत्रकार संजीव भारद्वाज, अभिषेक सिंह, जगतार सिंह नागी, कमानी सेंटर शापकीपर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, न्यूयर्क के संचालक पप्पी भाई, भाजपा के युवा नेता सतवीर सिंह सोमू, चंचल भाटिया, दिलीप, मिंटू, नवजोत भाटिया, राज, सन्नी, नंदू, जीतू सहित कई ने सहयोग किया।

# मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से रांची में मिली विधायक सबिता महतो

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** ईचागढ़ विधायक सविता महतो शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से रांची स्थित आवास में मुलाकात किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पुल पुलिया व 40 सड़क निर्माण को लेकर मांग पत्र सौपा। विधायक ने चांडिल डैम के विस्थापितो का मुआवजा राशि भुगतान का भी मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो उपस्थित थे।

## 40 सड़क व पुल पुलिया निर्माण तथा चांडिल डैम के विस्थापितों को मुआवजा भुगतान का सौंपा मांग पत्र

### इन निर्माण कार्य का किया मांग


सीएम चंपई सोरेन को मांग पत्र सौंपती विधायक सबिता महतो।

मांग पत्र में विधायक ने चांडिल प्रखंड के बंसा (बेगनाडीह) और नरगाडीह (चालकबेड़ा) के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, नीमडीह प्रखंड के सीमा और लावा के बीच लावा में पुल निर्माण, ईचागढ़ प्रखंड के गाड़ाडीह और चौका आदारडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, सितु पंचायत के गाड़ाडीह एवं रोहड़ाडीह के बीच डोमड़ा नदी पर पुल निर्माण, तुता पंचायत के शहीद स्कूल चोगा और कुईडीह के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, घाटिया और आमड़ा के बीच करकरी नदी पर पुल निर्माण, सोड़ो ग्राम हाड़ात एवं रुगड़ी के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, कुकड़ू प्रखंड के लेटमदा में बड़ा लापांग और सम्पतडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, सोपादा एवं तिरुलडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, फोदलोगोड़ा काली मंदिर से रामगढ़ पथ में सतनाला नाला पर पुल निर्माण, एन एच 33 और जयदा मंदिर के बीच पुल निर्माण, मुसरीबेड़ा और चौलीवासा के बीच रांका नाला पर पुल निर्माण व चांडिल प्रखंड के रुदीया पंचायत दालग्राम में निमाई मांझी के घर से दिनबंधु महतो के घर तक 8 सौ फिट पीसीसी, हिरमिली बंधडीह दालग्राम पुल से एन एच 33 तक 3 किमी पक्की सड़क,हिरमिली में विनोद मांझी के घर से महेश्वर महतो के घर तक 2 किमी, दालग्राम में मोहन दास के घर से विष्णु महतो के घर तक 1 किमी,दालग्राम में गोरा मांझी के घर से पन्ना लाल तंतुवाई के घर तक 1 किमी, दालग्राम में एन एच 32 रेलवे अंडरपास से बुलान तक 1 किमी पक्की सड़क निर्माण का मांग किया है।

## स्पीड न्यूज

### अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से होटल के खाद्य सामग्री जांच करने की मांग

**मेदिनीनगर।** रेड़मा टीवीएस शो रूम के पास के निवासी नवीन कुमार सिंह ने जिला के उपायुक्त, सदर एसडीओ व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन देकर शहर में संचालित होटल व रेस्टूरेंट के खाद्य सामग्री के गुणवत्ता जांच करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि 12 जून की रात नौ बजे पूरे परिवार के 16 सदस्य मेदिनीनगर स्थित आरडीएस थ्री स्टार होटल रमाडा जेलहाता में शादी की सालगिरह मनाने गये थे। इसके बाद पूरा परिवार होटल में खाना खा रहे थे। आठ लोग शाकाहारी खाना खानेवाले अलग टेबुल पर बैठे और छह लोग मांसाहारी खान खानेवाले अलग टेबुल पर बैठकर ऑडर दिये। सभी सदस्य खाना खाने लगे तो रोटी के साथ दालमखानी खाने के क्रम में एक महिला के मुंह में हड्डी का टुकड़ा चला गया। जो कि आज तक पूरे जीवन में शुद्ध शाकाहारी हैं। इसके बाद सभी लोग खाना छोड़कर मैनेजर को शिकायत करने के लिए बुलाया गया। मैनेजर नहीं आये स्टाफ से कहा कि खाना का बिल मत लेना। होटल के स्टाफ द्वारा मांगी मांगने पर जिसका वीडीयो लिया है। थ्री स्टार होटल में धर्म के साथ खिलवाड़ करना उचित नहीं है। होटल में उस दिन का किचन व सीसीटीवी जांच करते हुए टोल पर उचित कार्रवाई की जाये। साथ ही होटल का लाईसेंस रद्द की जाये। ताकि भविष्य में किसी आस्था के साथ खिलवाड़ न हो।

### पाटन अंचल में कर्मियों की कमी के कारण समय पर नहीं हो रहा कार्य

पाटन पलामू। पाटन अंचल में कर्मचारियों की कमी के कारण लोगों का काम समय पर नहीं हो पा रहा है जिससे जनता परेशान हैं। पाटन प्रखंड में आठ हल्का मात्र तीन कर्मचारी के भरोसे चल रहा है। एक कर्मचारी कई हल्का के प्रभार में कार्य करने को विवश हैं फिर भी जनता का काम समय पर नहीं हो पा रहा है। पाटन अंचल में सीमा कुमारी, प्रगास राम, आशीष कुमार मात्र तीन कर्मचारी अभी कार्यरत हैं। वहीं पाटन अंचल में सीआई का पद भी खाली पड़ा हुआ है। पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा सभी कार्य समय पर निपटाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु कर्मचारियों कि कमी के कारण बहुत सारा काम समय पर नहीं हो पा रहा है। पाटन के लोगों ने जल्द कर्मचारियों को बढ़ाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### चैनपुर थाना प्रभारी ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



चैनपुर(पलामू)। चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने गुरुवार की रात्री अवैध खनन का बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को चांदो पंचायत के तेतरिया दामर बालू घाट से जब्त किया है। इस बीच चैनपुर पुलिस इंस्पेक्टर की बालू परिवहन करते ट्रैक्टर पर नजर पड़ी और ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया। जिला खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। इन दिनों सरकार द्वारा बालू उठाव व ढुलाई पर रोक लगाने के बाद भी माफिया नदी से खुलेआम बालू की उठाव ट्रैक्टर से करा रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बालू का उठाव नहीं होने दिया जायेगा। बालू माफिया सुधर जायें नहीं तो कार्रवाई की जायेगी।

### अब हर साल पलामू से भी हो रही है चार धाम यात्रा की गाड़ी रवाना



मेदिनीनगर। शहर की पहली टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी घुमानेवाला डॉट कॉम की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी केदारनाथ का यात्रा कराने के लिये कल रात को बस अपने यात्रियो को लेकर रवाना हुई। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने यात्रियों को उनका आईडी कार्ड पहना कर और हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किए। साथ ही पलामू में अमन-चैन बनाए रखने के लिए प्रार्थना करने के लिए कहा। ये तीर्थ यात्रा की गाड़ी काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर, हरिद्वार, ऋषिकेश के रास्ते होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ , बद्रीनाथ के साथ साथ नैनिताल नैना देवी की दर्शन कराते हुए वापस डालटनगंज लौटेगी। दूसरी गाड़ी सितंबर माह में फिर से रवाना होगी जिसकी बुकिंग अभी से ही शुरू हो चुकी है। सावन के महीने में देवघर के लिए भी गाड़ी रवाना होगी वो भी मात्र 1600/–रुपए में। बुकिंग के लिए आप 7004987985 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

### हरिहरगंज : बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

हरिहरगंज पलामू। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय थाना परिसर में 15 जून को शांति समिति की बैठक आहूत की गई हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि 15 जून शनिवार को 4 बजे दिन में यह बैठक आयोजित होगी। जिसमें शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के साथ ही दोनों समुदाय के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर यह बैठक बुलाई गई हैं।

### चियांकी के सीएसपी संचालक से सात लाख 85 हजार की ठगी



मेदिनीनगर। पलामू जिले में साइबर क्राइम के अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। जिसके शिकार लोग हो रहे हैं। साईबर अपराधियों के चंगुल में सदर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित सेक्रेट हर्ट स्कूल के पास आरूही मोबाईल जो सीएसपी सेंटर भी चलाता है इसके संचालक सुआ निवासी विकास विश्वकर्मा पिता हरि चरण मिस्त्री को साईबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए उससे सात लाख 85 हजार रूपये ठग कर चलते बने। इसका मामला विकास विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर खुलासा किया है। उसने एसपी को बताया कि संतन कुमार भारद्वाज ग्राम बनाही पोस्ट नौहट्टा जिला रोहतास का रहनेवाला है। जो विकास के सीएसपी दुकान में 11 जून को आकर अपने मोबाईल में तीन लाख दस हजार रूपये ट्रांसफर कराया। इसके बाद उसने उक्त राशि को वापस कर दिया। संतन ने पुन: 12 जून को उसी दुकान में आकर नीतीश कुमार के मोबाइल में कुल ढाई लाख रूपये और दूसरे व तीसरे मोबाईल के साथ ही सत्यम ने अपने मोबाईल में क्रमशः 50 हजार, 2.95 हजार इसी प्रकार विकास के दुकान में बैठक कुल राशि सात लाख 85 जार रूपये जमा करवाया। बोला कि जब तक आपका पैसा खाते में नहीं आता है तब तक आपके दुकान में ही बैठे रहेंगे। जैसे समय बीतता गया वैसे सीएसपी संचालक की धड़कन बढ़ती चली गई। जब शाम होने लगा तो सत्यम ने सीएसपी संचालक विकास को कहा कि भूख लगी है चलिये खाना खाकर आते हैं। दोनों व्यक्ति शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित सिंचाई विभाग के पास डोमिनी होटल में खाना खाये। खाना खाने के बाद संतन भारद्वाज ने कहा कि गाड़ी से मोबाईल लेकर आ रहे हैं। वह होटल से निकलकर गाड़ी के पास आकर भागने में सफल रहा। इसके बाद विकास के ठहरे हुए होटल में गया जहां से वह व्यक्ति फरार पाया गया। उस होटल में भी संतन उसी आधार कार्ड के सहारे ठहरा हुआ था। इस मामले में विकास ने सदर थाना पुलिस को आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि मामले में तहकीकात की जा रही है।

### हैंडपंप के बोर में लगी आग, 3 घायल

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 98 स्थित संजय साव अपने जमीन पर हैंडपंप का बोर करवाये थे। जिसमें समरसेबुल पंप डलवा रहे थे इसी दौरान अचानक आग लग गई। इस घटना में संजय साव, कुंदन यादव व मंसुर अंसारी घायल हो गये हैं। सभी को इलाज हेतु छतरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि संजय साव के घर के समीप एक पेट्रोल पंप है जिसका रिसाव हो रहा है। संजय साव ने बताया कि 15 दिनों से हैंड पंप के पानी में डीजल व पेट्रोल का गंध आ रहा था। मामले की सूचना मिलते ही छतरपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। आग किस कारण लगी है इसकी तहकीकात की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी, क्षेत्र की समस्यायों से कराया अवगत

**चंद्रवंशी ने रुके हुए प्रधानमंत्री आवास और ग्रामीण सड़क पक्कीकरण सहित अपने क्षेत्र से जुड़ी कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पुनः शुरू कराने की मांग किया।**

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करते ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी शुक्रवार को कृषि पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

साथ हीं डॉ ईश्वर सागर ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई दी। चंद्रवंशी ने रुके हुए प्रधानमंत्री आवास और ग्रामीण सड़क पक्कीकरण सहित अपने क्षेत्र से जुड़ी कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पुनः शुरू कराने की मांग किया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंद्रवंशी को आश्वस्त करते हुए कहा कि रुके हुए सभी योजनाओं को बहुत जल्द ही शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा चंद्रवंशी कृषि राज्य मंत्री कमलेश पासवान से भी मुलाकात किया। उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और अपने क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराया।

विदित हो कि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। वे सभी केंद्रीय मंत्री सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। मौके पर वरीय भाजपा नेता रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, चंचल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# चार माह से वृद्धा पेंशन का नही हुआ है भुगतान, भुखमरी के कगार पर पेंशनधारी

**सामाजिक कार्यकर्ता पेंटर जिलानी ने उपायुक्त को लिखा पत्र, पेंशन भुगतान कराने की मांग, अगर पांच जुलाई तक नहीं हुआ भुगतान तो छः जुलाई से अनशन पर बैठेंगे**

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों वृद्धों, विधवाओं और दिब्यांगों को पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिल रहा है। पेंशन का भुगतान नहीं होने से पेंसनधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नप क्षेत्र के दर्जनों पेंसनधारियो ने सामाजिक कार्यकर्ता मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी से पेंशन भुगतान करवाने में मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद पेंटर जिलानी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पेंशन भुगतान कराने की मांग की है। उपायुक्त को प्रेषित पत्र में पेंटर जिलानी ने कहा है कि अगर पांच जुलाई तक पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो छः जुलाई से वे विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ जायेंगे। इसके अलावा उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल किल्लत की तरफ भी उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद के कई वार्ड में पानी के लिए हाहाकार मचा मचा हुआ है। नगरीय प्रशासन द्वारा कुछ चिन्हित वार्डों में ही टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, वह भी आबादी के अनुसार नाकाफी है।

# हरिहरगंज: हाइवा से टकराई स्कॉर्पियो, एक की मौत

**स्कार्पियो मालिक मो फकरे आलम 55 वर्ष की मौत हो गई वे अलीनगर हवेली, दरभंगा, बिहार के रहनेवाले थे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मृतक फकरे आलम।



घायल चालक दिनेश कुमार।

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कौआखोह ग्राम में एनएच 139 पर शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे मेदिनीनगर से हरिहरगंज की ओर आ रही स्कार्पियो जीप युपी 64 यू 2021 सड़क किनारे खड़ी हाइवा से टकरा गई। इस घटना में स्कार्पियो मालिक मो फकरे आलम 55 वर्ष, की मौत हो गई। वे अलीनगर हवेली, दरभंगा, बिहार के रहनेवाले थे। वहीं उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत मुरीसेमर गांव निवासी 28 वर्षीय चालक दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में ईलाज कराया गया। जबकि स्कार्पियो की पिछली सीट पर बैठा पैंतरापुर, मुजफ्फरपुर निवासी परवेज अंसारी सुरक्षित रहा। उसने दुर्घटना से संबंधित आवेदन हरिहरगंज थाना में दी है। इसके अनुसार स्कार्पियो चालक नींद लगने के कारण नियंत्रण नहीं रख सका। फलस्वरूप आगे खड़ी हाइवा से स्कार्पियो टकरा गई।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न, लिए गये कई निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार हुई। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णयों और अनुपालन को लेकर चर्चा हुई।

इसके बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा भी की गयी। जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पिछले तीन बैंठकों में अनुपस्थित पदाधिकारीयों के विरुद्ध संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। वन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में बोर्ड न लगाये जाने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी।

बैठक में पेयजल समस्या को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए पंचायत स्तर पर खराब जल मीनार को अविलंब दुरुस्त करने को लेकर निर्णय किया गया। जलजीवन मिशन के खराब प्रदर्शन पर जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के चयन में पोषक क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को चयनित करने पर हर हाल में रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

स्वास्थ विभाग के कई स्वास्थ केन्द्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। कस्तूरबा विद्यालयों में बच्चों के पोषण,आवासन आदि के गुणवत्ता में सुधार करने हेतु जांच दल के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषि विभाग की योजना झारखंड मिलेट मिशन अंतर्गत मोटे अनाज की खेती के प्रस्ताव हेतु तीन हजार रुपये प्रति एकड़ के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों के बदलने से संबंधित निदेश दिया गया।

बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी।

## कांग्रेसियों ने मेदिनी राय मेडिकल हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, उजागर हुई कई कमियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ. बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मेदनी राय मेडिकल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अस्पताल प्रबंधन की पोल खुल गई। अस्पताल परिसर के सभी वार्डों में कुछ न कुद कमियां पाई गई। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टु पाठक, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, शानू खान, रिजवान खान, मुकेश सिंह, खुर्शीद आलम निरीक्षण अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया। बिट्टू पाठक ने कहा कि आये दिन अस्पताल परिसर में बराबर समस्या को लेकर हंगामा होता रहा है। ग्रामीणों से अस्पताल की समस्या से रूबरू होने पर पता चला कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि निरीक्षण के दौरान काफी कमियां देखने को मिला।

# पलामू के सात बाल मजदूर मुक्त

**जिला बाल संरक्षण विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला बाल संरक्षण विभाग के द्वारा पलामू जिले में लगातार बाल मजदूरी के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जिला में गठित टीम के द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें सात बाल मजदूरों को विभिन्न होटलों से मुक्त कराया गया। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो ने बताया कि पांकी, मनातू के बच्चे होटलों काम कर रहे हैं, जिन्हें रेस्क्यू कर गठित टीम के द्वारा छापेमारी कर मुक्त कराकर सभी को बाल गृह में रखा गया है। साथ ही सभी बच्चों के अभिभावकों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को पांकी के विभिन्न होटलों में छापेमारी की गई। जो सभी पांकी व मनातू के रहनेवाले हैं। बच्चों से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि तीन से चार हजार रूपये मजदूरी मिलता है। इन सभी बच्चों के सामाजिक आर्थिक मूल्यांकन किया जायेगा। छापेमारी दल में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, सीडब्लूसी सदस्य धीरेंद्र किशोर व अन्य शामिल थे।

### पाटन पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार







पाटन पलामू। पुलिस ने तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने के प्राथमिकी अभियुक्त अजीत प्रसाद, अखिलेश प्रसाद व पंकज प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सतहे के लोगों पर हमला कर मारने के कुल सात आरोपियों पर पाटन थाना में मामला दर्ज किया गया। उक्त आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर सतहे निवासी दिलीप राम, राजु कुमार रवि सहित अन्य लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसके बाद पाटन थाना में राजु कुमार रवि पिता सुरेन्द्र राम के द्वारा सात लोगों पर केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद पाटन थाना प्रभारी लालजी ने अपने दल बल के साथ तीनों को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना भुमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई थी।

### पाटन थाना में लड़की को भगाने का मामला दर्ज

पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हवा निवासी रविंद्र प्रजापति पिता स्व भगरू प्रजापति ने पाटन थाना में आशुतोष कुमार पर लड़की को भगाने का मामला दर्ज कराया है। रविंद्र ने आवेदन में कहा है कि मेरी पुत्री नौ जून को ग्राम कुम्हवा अपने घर से नौ बजे परीक्षा देने के नाम पर निकली थी। आज तक वह घर नहीं आयी। छानबीन करने पर पता चला कि लोइंगा निवासी आशुतोष कुमार प्रजापति के साथ भाग गई है। इसके बाद उक्त लड़का के मोबाईल पर संपर्क किया गया तो आशुतोष ने बताया कि दोनों रांची में हैं। दो वर्ष बाद आपकी बेटी से विवाह करेंगे। लड़की के पिता ने कहा कि अगर कोई घटना घटती है इसका जिम्मेदार हम नहीं होंगे। इस मामले में थाना प्रभारी से कार्रवाई करने की मांग की है।

### सदर थाना क्षेत्र में गोली लगने से युवक घायल



मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रजवाडीह में एक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगी है। जिसे इलाज हेतू मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जख्मी युवक हर्ष पांडेय गढ़वा जिला को कांडी का रहनेवाला है। जो बड़कागांव में अपनी बहन के घर रहकर पढ़ाई करता है। इस मामले में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि गोली युवक को लगी है। यह मामला सही है लेकिन गोली लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। इसकी तहकीकात की जा रही है।

### लू की चपेट में आने सेवानिवृत अमीन की हुई मौत

मेदिनीनगर। रेहला थाना क्षेत्र के उरसुला गांव निवासी सेवानिवृत्त सरकारी अमीन महावीर राम की मौत लू लगने से हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरूवार को अचानक महावीर राम की तबियत बिगड़ गई। जिन्हें ईलाज के लिए रेहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर ईलाज के दौरान शुक्रवार को महावीर की मौत हो गई। चिकित्सकों ने बताया कि लू लगने के कारण मौत हुई है।

# पाटन बीडीओ ने प्रखंड में लंबित पड़े पीएम आवास निर्माण को हर हाल में पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा ने प्रखंड कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पंचायत में चल रहे विकास कार्यों कि समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अबुआ आवास, पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, मनरेगा सहित चल रही कई योजनाओं पर चर्चा किया गया। बैठक में आपसी समन्वय बनाकर विकास कार्य करने का निर्देश पाटन बीडीओ ने दिया। बीडीओ अमित कुमार ने बैठक में सभी मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि को पन्द्रहवीं वित से लगे जो भी जलमीनार खराब पड़े हैं, उसका मरम्मत कराने का निर्देश दिया। अबुआ आवास का सेकेंड सुचि एक सप्ताह में आने वाली है जिसमें पारदर्शिता के साथ चयनित करने का निर्देश दिया। पाटन बीडीओ ने प्रखंड में लंबित पड़े प्रधानमंत्री आवास निर्माण को हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। बैठक में पाटन बीपीओ स्वीटी सिन्हा, को ऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, जेपीएस अहमद अंसारी, प्रधान सहायक आशीष सिंह, पंचायत सेवक भोला मिस्त्री, अहमद अंसारी, अनील कुमार, विनय शर्मा, आपरेटर चितरांगद कुमार, मुखिया मनोज कुमार, सुमन गुप्ता, हित नारायण सिंह, हरेंद्र कुमार, जयशंकर प्रसाद, अजय कुमार, रोहित कुमार, इंदल महतो, अखिलेश पासवान, पंचायत सचिव अमीन हसन अंसारी, पुरषोत्तम वैद्य, पियुष तिवारी, नन्दलाल प्रसाद, रामभजन राम सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युद्धस्तर पर किया जा रहा अबुआ आवास का कार्य



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में अबुआ आवास को लेकर प्रखंड कर्मियों के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पाटन आवास कोर्डिनेटर शीवम जायसवाल ने बताया कि अबुआ आवास अन्तर्गत सभी लाभुकों का आधार, बैंक खाता, जॉब कार्ड एवं जाति प्रमाणपत्र अपलोड करने का काम तेजी से किया जा रहा है। ताकि आवास का दस्तावेज तैयार कर जल्द से जल्द आवास पुरा किया जा सके। इस भीषण गर्मी के मौसम में कोर्डिनेटर शीवम जायसवाल सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक के द्वारा दिन भर अबुआ आवास संवंधित कार्य किया जा रहा है। सभी प्रखंड कर्मी को उचित गाईड लाईन देने का काम किया जा रहा है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप सम्पन्न





**शिक्षा के साथ मानसिक व शारीरिक विकास की उन्नति करना है: प्राचार्य डॉ एके सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैम्प हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। 11 जून से चल रहे कैम्प का आज समापन समारोह था। सर्वप्रथम प्रातः सूर्य नमस्कार, अन्य योगासनों के अभ्यास किये गये। प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रों द्वारा समर कैम्प में सीखे गये गतिविधियों का प्राचार्य के समक्ष मंच पर प्रस्तुतीकरण हुआ। कैम्प में पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, रीडिंग, राइटिंग, एवं पाककला आदि गतिविधियों में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. के. सिंह ने कहा कि-कैम्प के माध्यम से बच्चें अपनी भाषा शैली का विकास विविध प्रकार से कर सकें, उनमें रचनात्मक व कलात्मक प्रवृत्ति का विकास हो सके यही कैम्प का मुख्य ध्येय है। शारीरिक गतिविधियां हमारे बौद्धिक प्रगति में भी सहयोगी है। वर्तमान सामाजिक परिवेश को ध्यान में रखकर यह समर कैम्प नितान्त आवश्यक है। हमारा ध्येय शिक्षा के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक विकास की उन्नति करना है। कैम्प का उद्देश्य छात्रों को टी.वी. व मोबाइल जैसे तकनीकों के दुष्प्रभावों से दूर रखना, शारीरिक स्वस्थता के साथ सामाजिक कौशल विकसित करना। कौशल विकास के साथ रचनात्मक गतिविधियों के प्रति अभिरुचि लाना भी है। मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह के द्वारा किया गया। अंत में शिक्षिका आंचल तिवारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कैंप प्रतिभागी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# रेलवे काली मंदिर के निकट गिरा नीम का पेड़ अब तक नहीं हटा, विभाग उदासीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्थानीय रेलवे कॉलोनी स्थित काली-महादेव मंदिर के सौदर्यीकरण के प्रति उदासीनता के बाद अब तेज आंधी में टूटकर गिर पड़े नीम पेड़ को हटाने के प्रति उपेक्षात्मक रवैया अपनाने की बात सामने आई है। इससे श्रद्धालुओं के समक्ष नई मुसीबत खड़ी हो गई है। दरअसल, ये धार्मिक स्थल काफी पुराना और आसपास के लोगों की आस्था के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। अमृत भारत योजना के तहत प्लेटफॉर्म और स्टेशन भवन के निर्माण की वजह से इन धार्मिक स्थलों के गहराई में पड़ जाने से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में दिक्कतें आती हैं। जबकि इस योजना पर काम शुरू होने के साथ ही लोगों ने डीआरएम को अक्टूबर 2021 में ही आवदेन देकर वस्तु स्थिति से अवगत करा दिया था। जिस पर इन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की दिशा में पहल हुई थी। मगर स्टेशन भवन और प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी अबतक इस दिशा में ठोस कदम उठाया नहीं जा सका है। ऐसे में सामान्य दिनों में तो किसी तरह से श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर लेते हैं। जबकि इन धार्मिक स्थलों के आसपास मिट्टी की भरावट की वजह से फिसलन के बीच बरसात के मौसम में श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना को लेकर जोखिम मोल लेनी पड़ती है। हालांकि पूजारी शिवलाल प्रसाद की कोशिश से कीचड़ को हटाकर पूजा-अर्चना करने में सुविधा उपलब्ध कराने का काम किया जाता रहा है। जो नाकाफी साबित होता है। पूर्व में तेज आंधी में नीम का पेड़ टूटकर गिर पड़ा है। वैसे, इससे इन धार्मिक स्थलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन आधिकारिक रूप से इस पेड़ को काटकर अबतक नहीं हटाया जा सका है। जो श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन गया है। श्रद्धालुओं ने इन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण से लेकर टूटे पेड़ को नहीं हटाने पर नाराजगी जाहिर की है। कहा कि यह धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करना है।

# नीतीश ने फिर दिल्ली में बुलाई जेडीयू की बैठक

एजेंसी



**पटना।** नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अगली बैठक तय हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत से नीतीश कुमार ने आगामी 29 जून को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। मीटिंग में जनता दल यूनाइटेड के सभी सांसद, विधायक और प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में लोकसभा चुनाव के परिणाम से लेकर बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी समेत संगठन को विस्तार देने और मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों जदयू के नेता आपस में मंथन करेंगे। इससे पहले 29 दिसमंबर 2023 को जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी जिसका देश की राजनीति पर व्यापक असर पड़ा। लोकसभा चुनाव 2024 में जिस तरीके के नतीजे सामने आए हैं उसमें नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू किंग मेकर की भूमिका में उभरी है। बीजेपी को सरकार बनाने के लिए जनता दल यूनाइटेड के 12 सांसदों का सहयोग चाहिए होगा। लोकसभा चुनाव के बाद बुलाई गई जदयू कार्य करने की यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह से लेकर पार्टी के तमाम प्रमुख चेहरे शामिल होंगे। दरअसल लोक सभा चुनाव के बाद सभी दल परिणाम को लेकर समीक्षा कर रहे हैं। 2024 के चुनाव में देश भर में भाजपा को झटका लगा। वहीं कांग्रेस और आरजेडी फायदे में रही। राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी को 60 सीटों का नुकसान हुआ। बिहार की बात करें तो एनडीए को 9 सीटों का नुकसान हुआ जिसमें बीजेपी को पांच और जदयू को चार सीटें गंवानी पड़ी। 2019 की तुलना में कांग्रेस एक सीट से तीन सीट पर पहुंच गई वहीं आरजेडी जीरो से चार पर पहुंच गई। गुरुवार को पटना में बीजेपी की प्रदेश इकाई की भी समीक्षा बैठक हुई। उसके बाद शुक्रवार को जदयू की ओर से दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग की घोषणा की गई है जिसकी तारीख 29 जून बताई गई है। माना जा रहा है कि कार्यकारिणी में संगठन विस्तार, पार्टी को मजबूत करने, बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या स्पेशल पैकेज और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े प्रस्ताव लाए जा सकते हैं। इसके पहले 29 दिसम्बर 2023 जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में बुलाई गई थी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वह मीटिंग भी नीतीश कुमार ने बगैर किसी पूर्व सूचना के ही बुलाई थी। उस मीटिंग में नीतीश कुमार को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया और ललन सिंह को पार्टी अपना पद को छोड़ना पड़ा था। नीतीश कुमार के हाथ में पार्टी की कमान जाते ही बिहार में बड़ा सियासी उलटफेर हो गया। नीतीश कुमार ने बिहार में महागठबंधन सरकार से जदयू को अलग कर दिया और फिर से बीजेपी के साथ एनडीए में में चलेगे। नीतीश कुमार के एक फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा। बिहार राजद कांग्रेस, वामदल सत्ता से बाहर हो गए। इस फेरबदल का असर 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी पड़ा।

## पत्नी और बेटी के साथ कोलकाता गए तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी से करेंगे मुलाकात

एजेंसी



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कोलकाता दौरे पर गए हैं। इस दौरान उनकी पत्नी राजश्री यादव और बेटी कात्यायनी भी साथ हैं। वैसे तो तेजस्वी का परिवार संग यह दौरा निजी बताया जा राह है। हालांकि, वे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी से भी मुलाकात करेंगे। वे दो से तीन दिनों के भीतर बिहार वापस लौटेंगे। पटना एयरपोर्ट पर गुरुवार देर रात कोलकाता के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार की आलोचना की। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिहार सरकार पर अपराध नियंत्रण में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन सरकार के बनावटी मंगलराज में चंद घंटों में कई डरावनी झलकियां देखी गईं। बिहार में इंसान की जान की कोई कीमत नहीं। जब चाहे जहां चाहे सरकारी अपराधी किसी को भी गोली मार रहे है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सरकार को सत्ता संरक्षित आपराधिक घटनाओं पर कोई लेना-देना नहीं। तेजस्वी ने अरवल में बीएसएफ जवान की हत्या और पूर्णिया में बमबाजी एवं डकैती समेत 10 वारदातों का जिक्र करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इससे पहले गुरुवार को भी बिहार की 14 आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए हमला बोला था। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन सरकार के मंगलराज का अद्भुत आपराधिक नजारा देखने को मिल रहा है।

## बिहार में बेरोजगारी भत्ता नियमावली को मिली मंजूरी

**नीतीश कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर**

एजेंसी

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव के बाद शुक्रवार को पहली बार हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा राजस्व प्रशासन से जुड़े सभी पुराने न्यायिक आदेश, नक्शे, भू अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारी की वरीयता का निर्धारण अब बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित मेधा सूची के आधार पर होगा। राज्य के पुराने 22 एएनएम स्कूल एवं पुराने 6 जीएनएम ट्रेंनिंग स्कूल के सुचारू संचालन के लिए 247 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई। बैठक में श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार श्रम सेवा तकनीकी के कारखाना निरीक्षक संवर्ग की विभिन्न कोटी की पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त कारखाना निरीक्षक के चार पद और उप मुख्य कारखाना निरीक्षक के चार पदों के सृजन को भी कैबिनेट से स्वीकृति दी गई। नई बेरोजगारी भत्ता नियमावली के मुताबिक अगर मनरेगा के तहत लोगों को 15 दिन के भीतर रोजगार नहीं मिलता है, तो उन्हें राज्य सरकार बेरोजगारी भत्ता देगी। इसके अलावा नीतीश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के मकान किराया की दर में भी संशोधन किया है। नीतीश कैबिनेट ने 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों की स्क्रेपिंग की योजना को मंजूरी दी है। अब बिहार सरकार के सभी विभाग, बोर्ड, निगम तथा अन्य कार्यालयों के स्वामित्व वाले 15 वर्ष पुराने वाहनों का फिर से निबंधन नहीं किया जा सकेगा। बिहार आकस्मिकता निधि के अस्थाई काय जो 350 करोड रुपये है वह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 मार्च, 2025 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़कर 10000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## बीमा भारती नहीं लड़ेंगी रूपौली उपचुनाव

### लालू से टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय उतरेंगे पति अवधेश

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले की रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव का मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। रूपौली से विधायक रहीं बीमा भारती ने उपचुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी से अपने पति अवधेश मंडल के लिए टिकट मांगा है। बीमा ने कहा कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला तो वे निर्दलीय ही मैदान में उतर जाएंगे। बता दें कि अवधेश मंडल की गिनती इलाके के बाहुबलियों में होती है। महागठबंधन से वाम दल सीपीआई ने पहले ही रूपौली से अपना कैंडिडेट उतारने का ऐलान कर दिया है। बीमा भारती ने शुक्रवार को कहा कि वह उपचुनाव नहीं लड़ेंगी। इस बार उनके पति अवधेश मंडल यहां से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि वह लालू यादव की पार्टी आरजेडी से टिकट लेने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अगर पार्टी से टिकट नहीं मिला तो उनके पति निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरेंगे। 52 साल की बीमा भारती पहली बार साल 2000 में बतौर निर्दलीय उम्मीदवार रूपौली विधानसभा सीट से जीती थीं। बाद में वह आरजेडी में शामिल हो गईं और 2005 में फिर लालू की पार्टी से विधायक बनीं। इसके बाद वह जेडीयू के टिकट पर तीन बार विधानसभा का चुनाव लड़ीं और जीत दर्ज की। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीमा भारती पाला बदलकर आरजेडी में आ गईं और पूर्णिया से इलेक्शन लड़ा, मगर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बीमा भारती के जेडीयू से आरजेडी में जाने पर रूपौली विधानसभा सीट खाली हो गई, जिस पर अब उपचुनाव हो रहे हैं। बीमा भारती के पति की छवि बाहुबली नेता के तौर पर है। वे एक समय में फैजान नाम के संगठन के मुखिया थे, जिस पर पूर्णिया के पश्चिमी इलाके में उत्पात वाली गतिविधियों में संलिप्तता आई थी। वह हिस्ट्रीशीटर भी हैं। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि महागठबंधन में आरजेडी रूपौली विधानसभा सीट अपने घटक दल सीपीआई को देने पर विचार कर रही है।

## खबर एक नजर में

### पश्चिम चंपारण में गंडक नदी में डूबकर किशोरी की मौत, एक लापता

**बगहा।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा नगर थाना क्षेत्र में गंडक नदी में डूबकर एक किशोरी की मौत हो गयी तथा एक अन्य लापता हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार की दोपहर शास्त्री नगर मुहल्ला निवासी सूखई चौधरी की पुत्री नीलम कुमारी (12) और राजेश खटीक की पुत्री संजना (07) घास काटने के लिए शास्त्री नगर मुहल्ला के निकट गंडक नदी के किनारे गयी हुयी थी। दोनों लड़की कल शाम तक नहीं लौटी तब परिजनों ने नदी के किनारे खोजबीन की लेकिन उनका पता नहीं चला।

### जीवन भर नहीं भूलूंगा नवादा की जनता का प्यार : प्रशांत

**नवादा।** नवादा के निवर्तमान जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा है कि जीवन भर नवादा वासियों का प्यार नहीं भूल पाऊंगा। वे शुक्रवार को नवादा परिषदन में स्थानांतरण के बाद अधिकारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर डीएम के रूप में नवादा में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने पद स्थापित किया गया था। जिसे बेहतर तरीके से कराया गया। उन्होंने कहा कि नवादा के अधिकारियों के साथ ही आम नागरिकों का जो सहयोग, प्यार मिला उसे जीवन में मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। अगर फिर कभी नवादा आने का मौका मिला तो मैं नवादा वासियों के लिए बेहतर काम कर दिखाऊंगा। इस अवसर पर नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे। नवादा के अधिकारियों ने कहा कि डीएम के रूप में प्रशांत कुमार ने बेहतर कार्य किए हैं।

## स्पीड न्यूज

### विदाई समारोह का आयोजन



विदाई देते अतिथि।

**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत महुली के प्रावि महविया में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन राम के सेवानिवृति के बाद विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रधानाध्यापक मोहन राम 31 मई को सेवानिवृत्त हुए थे। मोहन राम ने 1986 में इसी विद्यालय में अपना पहला योगदान किए थे और वे इसी विद्यालय से 38 वर्ष एक माह और पांच दिन सेवा देने के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। मौके पर पंचायत मुखिया ने कहा कि बिना किसी आरोप के सरकारी सेवा से रिटायर होना किसी भी सरकारी कर्मी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। कोई भी सरकारी कर्मी सरकारी सेवा से रिटायर होता है लेकिन उनकी सामाजिक जिम्मेदारी से अलग नहीं होते। समाज को उनकी आवश्यकता होती है। प्रावि मंडरा के हेडमास्टर मो. शमशाद आलम ने भी विदाई समारोह में संबोधित किया। मोहन राम ने कहा कि इस विद्यालय में सेवा देते हुए जो सहयोग विद्यालय के सहायक अध्यापक बसंत कुमार पाण्डेय व यहां के लोगों का मिला है उसे मैं कभी नहीं भुल सकता हूं। अंत में सम्मान पत्र, अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक दिनेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।

### सीतामढ़ी : आपसी विवाद में पति-पत्नी की मौत

**सीतामढ़ी।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के बोखरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को आपसी विवाद में पति-पत्नी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जितपुर भाऊर पंचायत के वॉर्ड 06 निवासी मैनेजर रॉय और उसकी पत्नी चंद्रकला देवी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। दोनों के बीच सुबह किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मैनेजर रॉय ने तेज हथियार से अपनी पत्नी चंद्रकला देवी की गर्दन पर वार कर दिया। इसके बाद चंद्रकला देवी ने भी अपने पति मैनेजर रॉय को चाकू मार दिया।

### सारण में बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रो ने शुक्रवार को यहां बताया कि मिजार्पुर गांव निवासी मदन प्रसाद का पुत्र सूरज कुमार प्रसाद (24) खेत की तरफ जा रहा था। इस दौरान रास्ते में पहले से टूट कर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आने से उसे करंट लग गया।

## सारण : दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले ससुर को मांझी थाना कांड संख्या-10/21 के एससी/एसटी ट्रायल संख्या-81/ 21 में मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को भारतीय दंड विधान की धारा 302 में आजीवन करावास एवं 10 हजार जुमार्ना 307 में 10 वर्ष तथा 5 हजार जुमार्ना 324 में दो वर्ष एवं 325 में पांच वर्ष एवं हरिजन जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम की धारा 3(2)(५) के अंतर्गत सजा सुनाई है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : तुषार सिंगला

एजेंसी



**किशनगंज।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला के आदेशालोक में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पंचायती राज द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जांच कराई जा रही है। शुक्रवार को डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि सरकार की संचालित सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह उनकी प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह जांच कार्य नियमित रूप से कराई जाएगी। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी एवं अभियंताओं की टीम बनाकर जांच कराई जा रही है। जांच दल को निर्देश दिया गया है कि पंचायतों में संचालित सभी योजनाओं की जांच कर जांच प्रतिवेदन उसी दिन प्रस्तुत किया जाएगा।

## चलंत लोक अदालत का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लोग।

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकर के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर सह चलंत लोक अदालत न्याय आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गढ़वा सिविल कोर्ट के वरिष्ठ वकील संजय कुमार भारती, बलवीर चैधरी के द्वारा अपना अधिकार नियम कानून सम्बंधित कई बिंदुओं पर विस्तार रुप से उपस्थित लोगों के बीच जानकारियां दी गई। जिसमें एससी, एसटी कानून, आपसी विवाद निपटारा, अनाथ बच्चों को सरकारी सहारा तथा बुजुर्ग मां बाप का भरण-पोषण, समाज में गरीब निर्धन व्यक्ति के लिए निःशुल्क न्यायिक सहायता, गरीबी उन्मूलन, राशन व सरकारी योजना की लाभ, मानसिक रूप से विछिप्त, कम उम्र के बच्चों के साथ दूर व्यवहार नही करना, नशा खोरी नशामुक्ति कानूनी अधिकार, सड़क हादसा सम्बंधित नियम-कानून की जानकारी दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टना में मृतक के परिजनों द्वारा सड़क जाम करना कानूनन अपराध है। जबकि मृतक के परिजनों द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सिविल कोर्ट द्वारा मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाता है। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच नियम कानून तथा उनके अधिकार को बताते हुए कहा कि किसी भी पीड़ित अगर किसी भी समस्या से जूझ रहा है या कोई गोपनीय सूचना लिखित या मौखिक रूप से मुझे देता है तो उनकी सूचना गुप्त रखते हुए मामला पर कार्रवाई की जाएगी। शिविर में उपस्थित बीडीओ मो. अफताब आलम व सीओ राकेश सहाय ने भी विधिक जागरूकता शिविर में सैकड़ों लोगों के बीच नियम कानून और अधिकार के बारे में जानकारियां दी। मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कुंदन कुमार, अरुण राम, विनोद राम, पंचायत सचिव संतोष सिंह, संजीव ठाकुर, सुदर्शन राम, बीपीओ कमलेश कुमार समेत सेविका, सहायिका तथा प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## जमीनी विवाद को लेकर भाईयों में मारपीट, चार घायल



**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के सिसरी गांव में बीती रात्रि जमीनी विवाद को लेकर हुए दो सगे भाइयों के बीच मारपीट में एक पक्ष से चार लोग घायल हो गए। जिन्हे 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सतपाल प्रजापति को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। जबकि इस घटना में सतपाल प्रजापति के पत्नी मिला देवी, पुत्र मिथलेश कुमार और चयतु कुमार का नाम शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए सतपाल ने बताया कि अपने भाई लालू प्रजापति से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर बीती रात्रि गाली गलौज करने लगा जब हमलोगों ने विरोध किया तो उसके परिजन संतोष प्रजापति, जगदीश प्रजापति, अमित कुमार, भवह राजवंती देवी और मीरा देवी ने लाठी टांगी से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय थाना को देने के बाद इलाज के लिए भवनाथपुर भेजा गया।

## केंद्रीय मंत्रियों से मिले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



बधाई देते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

**मझिआंव।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के पुत्र व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने दिल्ली प्रवास के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। दिल्ली प्रवास के दौरान डॉ चंद्रवंशी ने सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान, कृषि राज मंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व संजय सेठ को मंत्री बनने गुलदस्ता भेंटकर जीत की बधाई दी। इसके पश्चात उन्होंने पटना साहिब सांसद सह पूर्व कानून मंत्री के रवि शंकर प्रसाद, दिल्ली सांसद मनोज तिवारी एवं पलामू प्रमंडलीय सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम के अलावा कई अन्य सांसदों से मुलाकात कर उन्हें सांसद बनने पर गुलदस्ता देकर जीत की बधाई दी। साथ ही उन्होंने भोजपुरी सम्राट अभिनेता सह दिल्ली सांसद मनोज तिवारी को विश्रामपुर आने का न्योता भी दिया और श्री तिवारी ने न्योता को सहर्ष स्वीकार करते हुए आने को लेकर हामी भरी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार मजबूत सरकार बनी है। तीसरे कार्यकाल में गरीब कल्याण व विकास की गति और तेज होगी। साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र से जुड़ी कई राजनीतिक मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कृषि पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान से रुके हुए प्रधानमंत्री आवास, इंदिरा आवास, ग्रामीण सड़क पक्कीकरण सहित क्षेत्र में जुड़ी हुई कई अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं को शुरू करने की मांग की है। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्रियों ने श्री चंद्रवंशी को रुके हुए सभी कार्यों को शुरू करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर जवाहर पासवान, रघुराज पांडेय, दिवाकर उर्फ चंचल दुबे, असलम बहादुर आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### सरकार किसानों की...

मंत्री ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। वैसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नीट परीक्षा विवाद...

याचिकाकर्ता के एक अधिवक्ता ने सीबीआई जांच पर जोर दिया तो पीठ ने कहा कि मामले में एक पक्षीय आदेश नहीं दिया जा सकता है। एनटीए की ओर से जवाब दाखिल करने पर याचिका पर विचार किया जायेगा। एक अन्य अधिवक्ता ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है। इस पर पीठ ने कहा कि वह इसके प्रति सचेत है। मामले पर विचार के लिए जुलाई की तारीख तय की गयी है। एक अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि कोटा में 40 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर ली तो पीठ ने उनसे कहा कि अनावश्यक भावनात्मक दलील न दी जाए, क्योंकि ऐसी घटनाएं नीट यूजी परिणामों से संबंधित नहीं हैं।

### रक्षा सहयोग बढ़ान...

मोदी ने मैक्रों से मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा, मैंने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए उन्हें शुभकामनायें दीं। मेलोनी -मोदी, दोनों ने एक दूसरे को कहा नमस्ते : इटली पहुंचे भारत के पीएम मोदी ने अपनी समकक्ष इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से शुक्रवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं ने एक दूसरे का अभिवादन 'नमस्ते' कहकर किया। जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शिरकत करेंगे। पीएम मोदी स्टेज पर जॉर्जिया मेलोनी के साथ कुछ देर हंसते हुए बात करते भी नजर आये।

**भारत-ब्रिटेन के रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी :** पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जतायी। साथ ही सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में भारत और ब्रिटेन के संबंधों को और बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी को मजबूत करने पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इटली में ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से मिलकर खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। व्यापार एवं आर्थिक सहयोग, उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों तथा लोगों के बीच संपर्क गहरा करने की काफी गुंजाइश है। इसके साथ ही दोनों देशों के रक्षा संबंधों को भी मजबूत करने के बारे में बात की। पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने और कई अन्य मुद्दों पर भी बात की। शुनक ने मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनने की भी बधाई दी।

### कुवैत अग्निकांड : रांची ...

वह हर दिन रात में डेढ़ बजे के बाद परिजनों को फोन करता था। बुधवार को जब उसका फोन नहीं आया, तो परिजन परेशान हो गये। उन्होंने बार-बार उसके फोन पर कॉल किया, लेकिन एक बार भी फोन कनेक्ट नहीं हुआ। इसके बाद ह्वाट्सऐप कॉल सहित अन्य माध्यमों से उससे बातचीत करने की कोशिश की गयी, लेकिन बात नहीं हो सकी। गुरुवार को सुबह 10 बजे परिजनों को उसकी मौत की खबर मिली। अली हुसैन के चाचा कमरुद्दीन ने बताया कि उन्हें गुरुवार को दिन के 10 बजे भतीजे की मौत की सूचना मिली। अली के पिता मुबारक हुसैन ने बताया कि वह अपने बच्चे के शव का इंतजार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने सरकार से भी मदद मांगी है। मुबारक हुसैन ने बताया कि अली अपने भाई बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर से पूरा परिवार सदमे में है।

# रूस के साथ बातचीत करें जेलेंस्की : मोदी

## जी-7 शिखर सम्मेलन

- प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ की बैठक, कुटनीति की दी सलाह
- भारत और ब्रिटेन के बीच सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी व व्यापार में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश

एजेंसी

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। जारी शत्रुता के संबंध में दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है। मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच रक्षा संबंध और मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने मोदी को लोकसभा चुनावों में पुनः जीत हासिल करने के लिए बधाई दी। मोदी ने एक्सपर लिखा के इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना सुखद रहा। मैंने राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात की।



इटली में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

इस मुलाकात को लेकर जेलेंस्की के कार्यालय की तरफ से कहा गया कि नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विकास और कृषि में नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में अनुभव साझा करने की संभावना पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने काला सागर परिवहन गलियारे के संचालन के बारे में बात की, जो भारत में सूरजमुखी तेल के निर्यात और अन्य वस्तुओं के व्यापार को बढ़ा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पिछले हफ्ते पीएम मोदी को फोन किया था और उन्हें उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भारतीय पीएम न केवल जल्द ही यूक्रेन का दौरा करेंगे बल्कि इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में होने वाले वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।


इससे पहले, एक सोशल मीडिया पोस्ट में, जेलेंस्की ने संसदीय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी थी और कहा था कि वह वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में देश की भागीदारी देखने के लिए उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट किया था कि दुनिया में हर कोई वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका के महत्व को पहचानता है। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी देशों के लिए न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें। इस संबंध में, हम भारत के शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने को लेकर भी उत्सुक हैं। जेलेंस्की के संदेश के जवाब में, पीएम मोदी ने कहा था कि भारत क्षेत्र में सभी के लिए शांति, सुरक्षा और समृद्धि का समर्थन करना जारी रखेगा।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के गले मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## स्पीड न्यूज

### दीवाली पर रिलीज होगी सिंघम अगेन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी। फिल्मकार रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन में कॉप यूनिवर्स के तीनों हीरो अजय देवगन,अक्षय कुमार, और रणवीर सिंह एक साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी दिखेंगी। वहीं विलेन के रोल में अर्जुन कपूर हैं।

### मई में देश का निर्यात नौ प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। इससे पिछले महीने अप्रैल, 2024 में निर्यात एक फीसदी बढ़कर 35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

### सिक्किम में भारी बारिश से 1,200 से अधिक पर्यटक फंसे

**गंगटोक।** सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गए हैं।राज्य पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश से उत्तरी सिक्किम में भारी नुकसान हुआ है। खासतौर पर उत्तरी सिक्किम के लाचुंग को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली सड़क बह गई है। इसके कारण यातायात अवरुद्ध हो गया है। यातायात ठप होने से लाचुंग घूमने गए पर्यटक फंस गए हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गए हैं, लेकिन सुरक्षित हैं। स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वे जोखिम न लें और अपने स्थानों पर ही रहें।

# सेना को मिला पहला स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र

## आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर होगा एयर स्ट्राइक

- नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने किया विकसित
- जीपीएस से लैस ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ कर सकता है अटैक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना को नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है।

भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं। यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।



### सीतारमण 22 जुलाई को पेश कर सकती हैं बजट

**नयी दिल्ली।** एनडीए 3.0 सरकार का पहला वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट 22 जुलाई को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश कर सकती हैं। सीतारमण इस बार संसद में लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करेंगी।






Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


# कुवैत में आग से मरे 45 के शव भारत पहुंचा

**नयी दिल्ली।** कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाए गए । विमान आज दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ओडिशा से 2 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जहां



भारतीय कामगारों का रिहायशी शिविर था। इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई। इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गई और 33 अस्पताल में भर्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत गए थे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के अलावा पांच अस्पतालों का दौरा भी किया, जहां 33 भारतीय उपचाराधीन हैं।

### मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये देगा लुलु समूह

**दुबई।** कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को आर्थिक मदद देने का प्रतिष्ठित अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कारोबारी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित लुलु समूह के प्रमुख एम. ए. युसूफ अली ने ऐलान किया है। इसके तहत प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये देने की गुरुवार को घोषणा की गई। दक्षिणी कुवैत के मंगफ क्षेत्र में बुधवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गये थे। मृतकों में 45 भारतीय हैं। अबू धाबी में समूह द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच लाख की राशि दी जाएगी।

# ट्रेनों में स्लीपर और जनरल कोच बढ़ेगा

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मियों के सीजन में यात्रियों को होने वाली दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को पांच मोर्चों पर युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिये हैं जिनमें ट्रेनों में गैरवातानुकूलित स्लीपर एवं अनारक्षित श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाना और वातानुकूलित कोचों में एयर कंडीशनिंग प्रणाली के खराब होने की शिकायतों को दूर करना शामिल है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री वैष्णव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे बोर्ड के सदस्यों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों और सभी मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) के साथ एक विस्तृत बैठक की जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए प्राथमिकताएं तय कीं। मंत्री ने गर्मियों की भीड़ के दौरान ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। रेल मंत्री ने ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी एवं जनरल श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये ताकि इन श्रेणियों के यात्रियों को सुगमता से यात्रा करने की सुविधा मिल सके और वे उच्च श्रेणी कोचों में जबरन घुसने के लिए बाध्य ना हों।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# विश्व का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बना भारत

- बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 5.18 ट्रिलियन डॉलर हो गयी
- हांगकांग को पछाड़ कर कामयाबी हासिल की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत एक बार फिर मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत ने हांगकांग को पछाड़ कर इस स्थान पर पहुंचने में सफलता हासिल की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 5.18 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जबकि हांगकांग के स्टॉक मार्केट का कैपिटलाइजेशन 5.17 ट्रिलियन डॉलर है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक इसके पहले इसी साल 23 जनवरी को बीएसई ने मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ दिया था। उसके बाद बाजार में आई गिरावट की वजह से बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन हांगकांग की तुलना में कम हो गया था, जिसके कारण कुछ ही दिनों में हांगकांग ने भारत को पीछे धकेल कर वापस चौथा स्थान हासिल कर लिया था।




इस महीने एक दिन की बड़ी गिरावट के अलावा घरेलू शेयर बाजार में आमतौर पर तेजी का माहौल बना रहा है, जिसकी वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन एक बार फिर हांगकांग के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन से अधिक हो गया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में इस समय अमेरिकी शेयर बाजार 56.49 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार है। अमेरिका के बाद 8.84 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ चीन ने दूसरे सबसे बड़े शेयर बाजार होने का तगमा हासिल कर रखा है। चीन के बाद जापान 6.30 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

### कंपनियों का मार्केट कैप 434.9 लाख करोड़ रुपये के नये शिखर पर पहुंचा

शेयर बाजार में तीन सत्रों से जारी तेजी के बीच इरए में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप)शुक्रवार को 434.88 लाख करोड़ रुपये के नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ नए ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ। सेंसेक्स 181.87 अंक चढ़कर 76,992 पर बंद हुआ। निवेशकों की संपत्ति में कुल 7.93 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।